राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 76
लखनऊ, रविवार 16 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





आदिवासियों के उत्थान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे बिरसा मुंडा : योगी 03

पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार 12


गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव ( जम्मू कश्मीर ) प्रशांत लोहखंडे ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया

# दुर्घटनावश हुआ नौगाम स्टेशन में विस्फोट

▸ नौ लोगों की मौत व 27 पुलिस कर्मी, दो राजस्व अधिकारी, तीन अन्य लोग घायल

एजेंसी



**नयी दिल्ली/श्रीनगर।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात हुए विस्फोट को दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना बताते हुए कहा है कि यह जब्त किये गये विस्फोटक पदार्थों और रसायनों को परीक्षण के लिए भेजे जाने से पहले हुआ जिसके कारणों की जांच की जा रही है और इसे लेकर अनावश्यक अटकलें नहीं लगायी जानी चाहिए। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नौ लोगों की मृत्यु हो गई और 27 पुलिस कर्मी, दो राजस्व अधिकारी और तीन अन्य लोग घायल हुए हैं।

गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव ( जम्मू कश्मीर ) प्रशांत लोहखंडे ने शनिवार को नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार रात को 11 बजकर 20 मिनट पर दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जम्मू और कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन के अंदर एक बड़ा विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि नौगाम पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मियों ने वहां हाल ही में लगाये गये एक पोस्टर से मिली जानकारी के आधार पर एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था। इस संबंध में दायर प्राथमिकी 162/2025 की जांच के दौरान विस्फोटक पदार्थों और रसायनों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया था। बरामद किये गए विस्फोटकों को लाकर पुलिस स्टेशन नौगाम के खुले क्षेत्र में सुरक्षित रूप से रखा गया था। श्री लोहखंडे ने बताया कि जांच में शामिल सभी एजेंसियां समन्वित और वैज्ञानिक तरीके से एक साथ काम कर रही थी और निर्धारित प्रक्रिया के तहत, बरामद रासायनिक और विस्फोटक नमूनों को आगे फोरेंसिक और रासायनिक परीक्षण के लिए भेजा जा रहा था ढ्ढ भारी मात्रा में विस्फोटकों की बरामदी के बाद यह प्रक्रिया पिछले दो दिनों से मानक प्रक्रिया के तहत लगातार जारी थी । उन्होंने कहा कि विस्फोटक की अस्थिर और संवेदनशील प्रकृति के कारण इसे विशेषज्ञों की निगरानी के तहत सावधानीपूर्वक संभाला जा रहा था हालांकि उसी दौरान कल रात अचानक दुर्घटनावश विस्फोट हुआ ढ्ढ इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नौ लोगों की मृत्यु हो गई और 27 पुलिस कर्मी, दो राजस्व अधिकारी और तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को चिकित्सा उपचार के लिए तुरंत चिकित्सालय भेजा गया है । श्री लोहखंडे ने कहा कि विस्फोट के कारण पुलिस स्टेशन की इमारत को गंभीर क्षति पहुंची है और इसके आसपास की इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना के कारणों की कोई अन्य अटकलें अनावश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार दुःख की इस घड़ी में मृतकों के परिवार के साथ एकजुटता से खड़ी है। इस बीच श्रीनगर में जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक नलिन प्रभात ने भी इसके आकस्मिक घटना बताते हुए इसके आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े होने की अटकलों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि नौगाम थाने की पुलिस ने पिछले महीने जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टरों से संबंधित मामला दर्ज किया था और इस जांच के दौरान दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट मामले से जुड़े एक बड़े अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ। जांच के दौरान बरामद विस्फोटकों को थाने में रखा गया था। जैश के पोस्टरों के मामले की जांच अब जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) कर रही है।

### अल-फलाह विवि का एमबीबीएस छात्र बंगाल से गिरफ्तार

**कोलकाता।** दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन कार विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से उत्तर दिनाजपुर जिले के दालखोला से अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के एमबीबीएस छात्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई शुक्रवार रात संयुक्त छापेमारी के दौरान की गई। गिरफ्तार छात्र का नाम निसार आलम है। उसका परिवार लंबे समय से पंजाब के लुधियाना में निवास कर रहा है, जबकि पैतृक घर दालखोला के कोनाल गांव में है। निसार आलम इस सप्ताह अपनी माता और बहन के साथ एक पारिवारिक आयोजन में सम्मिलित होने दालखोला आया था। जांच के क्रम में निसार आलम का मोबाइल टावर स्थान दालखोला में सक्रिय पाया गया। इसके आधार पर जांच दल शुक्रवार को दालखोला पहुंचा और उसी रात उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे इस्लामपुर थाना ले जाकर कई घंटों तक पूछताछ की गई, जिसके पश्चात उसे दार्जिलिंग ज़िले के सिलीगुड़ी भेज दिया गया। शनिवार सुबह तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अभियुक्त को सोमवार ही ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया जा सकता है। कोनाल गांव के निवासियों ने बताया कि यद्यपि आलम का परिवार लुधियाना में बस चुका है, परंतु वे समय-समय पर अपने रिश्तेदारों से मिलने गांव आते रहते थे। एक निवासी ने कहा कि आलम अत्यन्त शांत और सभ्य स्वभाव का युवक था। किसी आपराधिक अथवा अवैध गतिविधि में सम्मिलित होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

### विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने नौगाम में हुए आकस्मिक विस्फोट की जांच के आदेश दिए हैं। श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए दुखद आकस्मिक विस्फोट में हुई कई लोगों की मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए उप-राज्यपाल सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए अत्यंत दुखद आकस्मिक विस्फोट में बहुमूल्य जानें जाने से मुझे गहरा दुःख हुआ है। उन्होंने पोस्ट किया, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। उन्होंने आगे पोस्ट किया, सरकार दिवंगत लोगों के परिवारों, मित्रों और प्रियजनों के साथ एकजुटता से खड़ी है। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। मैंने आकस्मिक विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए हैं।

## लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने राजद छोड़ी, लगाए गंभीर आरोप

एजेंसी



**पटना।** बिहार की राजनीतिक ने शनिवार उस समय नया मोड़ ले लिया, जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने घोषणा की कि वह राजनीति और अपने परिवार दोनों से दूर जा रही हैं। उनकी यह घोषणा बिहार विधानसभा चुनावों में राजद की करारी हार के तुरंत बाद आई है, जिससे आंतरिक असंतोष गहरा गया है और लंबे समय से चली आ रही गुटीय तनाव फिर से उभर आया है। रोहिणी, जो अक्सर लालू की सबसे मुखर समर्थकों में से एक रही हैं, ने सार्वजनिक रूप से तेजस्वी यादव के करीबी सहयोगियों (संजय यादव) पर पार्टी के पतन का कारण बनने का आरोप लगाया है। उनके इस कदम ने राजद में खलबली मचा दी है, जिससे नेतृत्व की विफलताओं और आंतरिक कुप्रबंधन पर तीखी बहस छिड़ गई है।

रोहणी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से दूरी बना रही हूं। संजय यादव और रमीज़ ने मुझे ऐसा करने के लिए कहा था और मैं इसका दोष अपने ऊपर ले रही हूं। रोहिणी के इस संदेश ने राजनीतिक तूफ़ान खड़ा कर दिया और यादव परिवार में बढ़ती दरार की अटकलों के बीच राजद के वरिष्ठ नेता इस कहानी को दबाने की कोशिश में जुट गए। हालांकि, रोहिणी ने सीधे तौर पर तेजस्वी का नाम लेने से परहेज किया, लेकिन करीबी सलाहकारों का उनका जिक्र व्यापक रूप से तेजस्वी के लंबे समय से राजनीतिक रणनीतिकार रहे संजय यादव पर आरोप लगाने के रूप में देखा गया राजद के सूत्रों का कहना है कि चुनाव नतीजों के बाद से तेजस्वी के करीबी लोगों के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। कई लोगों का कहना है कि रोहिणी का यह गुस्सा परिवार के भीतर बढ़ती हताशा का अब तक का सबसे सार्वजनिक संकेत है। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 हाल के वर्षों में उसके सबसे खराब प्रदर्शनों में से एक रहा है, जिसके बाद से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,25230/ |
| 22 कैरेट | = | 1,14800/ |
| 18 कैरेट | = | 93,960/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 169,000/ |



## 25 नवंबर को नहीं हो सकेंगे रामलला के दर्शन, घर से देख सकेंगे लाइव

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** अयोध्या में 25 नवंबर को होने वाले श्री राम जन्मभूमि के ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोशल मीडिया पर विशेष अपील की है। उन्होंने शनिवार को राम मंदिर के ताजा चित्र जारी कर समारोह के विषय में दिए अपने संदेश में श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन न होने की बात कही है। इससे पूर्व भी उन्होंने इस सन्दर्भ में शुक्रवार की रात वीडियो संदेश जारी किया था।

चंपत राय ने सोशल मीडिया पर अपनी अपील में लिखा कि हम हाथ जोड़ कर निवेदन करते हैं कि 25 नवंबर को दर्शनार्थियों को मंदिर में दर्शन नहीं कराये जा सकेंगे। 24 नवंबर की रात के बाद ही दर्शन बंद हो जाएंगे। हालांकि ये आयोजन सभी देशवासियों और संसार भर के लोग अपने-अपने घर में बैठ कर देख सकेंगे। अयोध्या नगर में जगह-जगह विकास प्राधिकरण की ओर से सड़कों पर बड़े-बड़े पर्दे लगाये गये हैं, उन पर्दों पर ये आयोजन दिखाया जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ट्रस्ट की ओर से शहर में कुछ स्थानों पर स्क्रीन लगाई जायेगी।

### पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह बने राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को तीन साल के लिए राज्य ट्रांसफॉर्मेशन कमिशन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का विशेष दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य योजना आयोग की अधिसूचना के अनुसार मनोज कुमार सिंह को आयोग में कार्यभार ग्रहण करने के लिये नामित किया गया है। आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व कार्यकारी अनुभव को आधार मानते हुए तीन साल तक मुख्य कार्यकारी स्तर पर सेवाएँ देने के लिए अधिकृत किया गया है। इस अवधि में उन्हें वेतन तथा नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## आदिवासी समाज को उच्च पदों तक पहुंचाने के लिए हम प्रतिबद्ध

एजेंसी



**नर्मदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जोर देकर कहा कि राजनीतिक सशक्तीकरण के बिना विकास अधूरा है और इसी उद्देश्य से केंद्र सरकार आदिवासी समाज को राष्ट्र के सर्वोच्च पदों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज या समुदाय के संपूर्ण विकास के लिए राजनीतिक नेतृत्व और लोकतंत्र में उसकी समान भागीदारी अत्यंत आवश्यक होती है।

प्रधानमंत्री गुजरात के नर्मदा जिले के डेढ़ियापाड़ा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर लगभग 9,700 करोड़ रुपये की सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी और कनेक्टिविटी से संबंधित परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह निवेश आदिवासी क्षेत्रों की जीवन गुणवत्ता में बड़ा बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने भारतीय सभ्यता, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम में जो योगदान दिया है, वह अतुलनीय है, लेकिन दशकों तक इस योगदान को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के सम्मान, स्वाभिमान और विकास को प्राथमिकता देकर इस ऐतिहासिक उपेक्षा को दूर करने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व केवल प्रतीकात्मक नहीं होना चाहिए, बल्कि वास्तविक शक्ति-हस्तांतरण का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी महिला हैं।

### कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए नहीं किया कोई काम

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि आजादी के बाद छह दशकों तक शासन करने के बावजूद कांग्रेस ने आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को दूर करने का कोई वास्तविक प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा, कुपोषण, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, शिक्षा का अभाव और कनेक्टिविटी की समस्याएं, यह सब कांग्रेस की निष्क्रियता का नतीजा था। आदिवासी क्षेत्र पिछड़ेपन के प्रतीक बन गए और कांग्रेस सरकारें देखती रहीं। भाजपा सरकार ने इस अन्याय को खत्म करने का संकल्प लेकर काम किया है। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने पहली बार जनजातीय मंत्रालय का गठन कर आदिवासी कल्याण को संस्थागत रूप दिया, लेकिन कांग्रेस की बाद की सरकारों ने इस मंत्रालय की उपेक्षा की। मोदी ने कहा कि एक समय गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में विज्ञान की शिक्षा देने वाला एक भी स्कूल नहीं था। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के रूप में हमने व्यापक सुधार किए। आज इन्हीं क्षेत्रों में 10 हजार से अधिक स्कूल संचालित हैं। आदिवासी बच्चों को उच्च शिक्षा, खेल और तकनीकी शिक्षा के लिए नई राहें मिल रही हैं।

### संक्षिप्त समाचार

**पद्मावत एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच**

**मुरादाबाद।** दीपावली व छठ पूजा, गंगा स्नान जैसे बड़े त्योहार बीतने के बाद भी ट्रेनों में भीड़ बरकरार है। यात्रियों की मांग के आधार पर रेलवे ने पद्मावत एक्सप्रेस समेत 8 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने शनिवार को बताया कि 16 से 24 नवंबर तक मुरादाबाद से गुजरने वाली इन ट्रेनों में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। (14207-14208) पद्मावत एक्सप्रेस, (14205-14206) दिल्ली-अयोध्या एक्सप्रेस, (22420-22419) आनंदविहार-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस, (22434-22433) आनंदविहार-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस में यह व्यवस्था की जाएगी।

**आतंकी धमकी देने वालों का पता लगाएगा ट्रिपल आईटी का एआई बेस्ड साफ्टवेयर**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का ट्रिपल आईटी संस्थान एक ऐसा सिस्टम तैयार करने जा रहा है, जो आतंकी धमकी देने वालों की तह तक जाएगा। इसके लिए यहां के एक्सपर्ट एआई बेस्ड साफ्टवेयर बनाने जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से करीब 4.73 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है।

## गुजरात के कच्छ क्षेत्र में बनेंगी चार नई रेल लाइन, केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने दी स्वीकृति

▸ 3375 करोड़ की लागत से बनेगी 194 किमी नई रेल लाइन, क्षेत्र का होगा समग्र विकास

एजेंसी



**गांधीनगर।** पश्चिम रेलवे गुजरात राज्य के कच्छ जिले में दो महत्वपूर्ण नई रेल लाइन देशलपर-हाजीपीर-लूना (81.771 किमी) और वायोर-लखपत (62.686 किमी) नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजनाओं को केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने स्वीकृति दे दी है। यह जानकारी शनिशार को पश्चिम रेलवे के जन संपर्क विभाग ने दी।

भुज-नलिया रेल लाइन का वायोर तक विस्तार और नलिया-जखाऊ पोर्ट नई रेल लाइन (लगभग 194 किमी रु.3375) करोड़ की लागत से बनाई जाएंगी। सीमावर्ती एवं तटीय क्षेत्रों में रेल संपर्क को सुदृढ़ करने, औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने तथा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसंरचना को सशक्त करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगी।

पश्चिम रेलवे के जन संपर्क विभाग ने बताया कि गुजरात का कच्छ क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों और औद्योगिक क्षमता के मामले में देश के सबसे समृद्ध क्षेत्रों में गिना जाता है। भारत में उत्पादित कुल लाइम स्टोन का लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन कच्छ में होता है, जिससे यह क्षेत्र देश की सबसे बड़ी लाइम स्टोन बेल्ट के रूप में पहचाना जाता है। यहाँ मिलने वाला लाइम स्टोन गुणवत्ता की दृष्टि से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक उत्पादन के साथ-साथ कच्छ क्षेत्र रेलवे के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### मकान में आग लगने से परिवार के पांच लोग जिंदा जले, पांच गंभीर

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक मकान में आग लग जाने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतकों में ललन शाह, उनकी मां, पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। पांच घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने पत्रकारों से कहा, ''यह घटना मोतीपुर इलाके के वार्ड संख्या 13 में मध्यरात्रि के आसपास हुई। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी जिसने इमारत की तीसरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के वक्त लोग सो रहे थे। उन्होंने आगे कहा, ''दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

## चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया है गैरजरूरी : रामगोपाल यादव

समृद्धि न्यूज



**संभल।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने चुनाव आयोग द्वारा लागू की गई एसआईआर (स्पेशल इंटीग्रेटेड रिवीजन) प्रक्रिया को गैरजरूरी बताया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के जरिए लोगों में डर पैदा किया जा रहा है और बिहार में भी ऐसा करके चार लाख मतदाताओं के नाम काटे गए और परिणाम आज सामने है।

निजी कार्यक्रम में भाग लेने संभल पहुंचे समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा लागू की गई एसआईआर प्रक्रिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी। प्रोफेसर यादव ने कहा कि एसआईआर की कोई आवश्यकता नहीं है, खासकर जब 2003 को आधार वर्ष माना जा रहा है, जिसे अब 22 साल हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जानबूझकर कुछ लोगों के वोटों को काटकर आतंक पैदा करने का प्रयास है।

### सेना के तीनों अंग व आईटीबीपी ने किया संयुक्त अभ्यास

**मानचुका (अरुणाचल प्रदेश)।** भारतीय सेना ने 'एक्सरसाइज पूर्वी प्रचंड प्रहार' के माध्यम से पूर्वी सेक्टर में उच्च ऊंचाई और कठिन भू-भाग में संयुक्त संचालन क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अभ्यास में सेना, वायुसेना, नौसेना और आईटीबीपी ने मिलकर समन्वित, बहु-आयामी अभियानों का सफल क्रियान्वयन किया। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि अभ्यास का मुख्य उद्देश्य युद्ध क्षेत्र में संयुक्त तैयारी, समन्वित मूवमेंट और तेज तैनाती की क्षमता को परखना था। स्पेशल फोर्सेज, मार्कोस, गरुड़, भैरव बटालियन और अरुणाचल स्काउट्स जैसे एलिट बलों ने ग्राउंड ऑपरेशनों को गति और सटीकता प्रदान कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खनन क्षेत्र में पहाड़ी धसकने से एक दर्जन से ज्यादा मजदूर दबे

समृद्धि न्यूज

▸ राहत कार्यों में जुटा प्रशासन, दबे हुए लोगों की संख्या अभी अज्ञात

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। आज दोपहर बाद अचानक एक पत्थर खदान में पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा धसकने से गिरे मलबे से वहां कार्य कर रहे एक दर्जन से ज्यादा मजदूर दब गए हैं। मलबे में दबे हुए मजदूरों को निकालने व राहत कार्य के लिए जिला प्रशासन की टीम जुट गई है।

जिलाधिकारी बी एन सिंह ने शनिवार को बताया कि बिल्ली मारकुंडी स्थित कृष्णा माइंस में पहाड़ी का एक हिस्सा गिर जाने से वहाँ कार्यरत कुछ मजदूर दब गए हैं। उन्होंने बताया कि दबे हुए लोगों को निकालने का प्रयास अल्ट्राटेक कंपनी, दुसान कंपनी , ओबरा पावर कंपनी तथा अन्य के सहयोग से किया जा रहा है। इनके अतिरिक्त एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मिर्जापुर से रवाना हो चुकी हैं। डीएम ने बताया कि दुर्घटना में दबे हुए लोगों की संख्या अभी अज्ञात है। मौके पर राहत कार्य व फंसे लोगों को निकालने का प्रयास जारी हैं। खदान पर मौजूद मजदूर छोटू ने बताया की हमारे दो सगे भाई संतोष व इंद्रजीत भी पहाड़ी के मलबे में दबे हुए हैं। छोटू ने बताया कि लगभग एक दर्जन से ज्यादा लोग खनन क्षेत्र में कार्य कर रहे थे । तभी एकाएक पहाड़ी का एक हिस्सा धसक गया।

संबोधन

रक्षा मंत्री सदर बाजार के संस्कृत पाठशाला महाविद्यालय पहुंचे और वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद में कहा

# उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जाएगा बिहार का परिणाम : राजनाथ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिन के दौरे पर लखनऊ पहुंचे। लखनऊ एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

लखनऊ में शनिवार को पहले कार्यक्रम में राजनाथ सिंह सदर बाजार के संस्कृत पाठशाला महाविद्यालय पहुंचे और वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद में उन्होंने बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत के साथ भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिहार विधान सभा चुनाव के परिणाम से भारतीय राजनीति में बहुत बड़ा बदलाव सामने आया है। राजनाथ सिंह ने कहा, मैने वायरल फीवर में भी बिहार में जनसभा की थी और मालदीव गया था। कार्यकर्ताओं के पसीने से बिहार की जीत हासिल हुई है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए जनधन खाता खुलवाया, जिससे की लाभार्थी के खाते में सीधा धन जमा हो सके।

जमधन खाता खोलने के लिए हुई बैठक में मैं भी बैंक अधिकारियों के साथ था, हमने पूछा इससे क्या लाभ होगा। पहले जो सहायता सरकार देती थी, उसमें से 100 में से 40 या 50 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। आज सौ पैसा चलता है तो वो पूरा पहुंचता है, लेकिन बैंक कर्मियों ने कहा कि खाता खुलने से धन पहुंचने के साथ ही बचेगा भी। भ्रष्टाचार भाषण से समाप्त नहीं होता व्यवस्था में बदलाव करके होता है। भारत में यूपीआई का लेनदेन विश्व में सबसे ज्यादा है। इसके उपयोग से विश्व में भ्रष्टाचार कम हुआ है। लखनऊ में दस वर्ष में काफी परिवर्तन दिख रहा है। ईमानदारी से काम किया जाए तो परिवर्तन किया जा सकता है। भारत को विकसित बनाने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने से लाभ हुआ है। राजनाथ सिंह ने लोगों से पूछा कि वस्तु कम हुई है या नहीं। लोगों ने कहा कि वस्तु की कीमत कम हुई है। इस बार जनता ने बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत दिया है। राजनाथ सिंह ने बेहद उत्साह में कहा कि बिहार के परिणाम को 2027 में उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जाएगा।

### भाजपा ने सदैव देशभक्ति की बात की

रक्षा मंत्री ने कहा लोगों के पास पैसा आयेगा तो वह बाजार में तेजी से चलेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में बने मिसाइल और हथियार खरीदने की पूरी दुनिया में होड़ लगी है। हमारा मामला भी ठीक हुआ है। जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने ऑपरेशन सिंदूर में करिश्मा किया वो हमारे लखनऊ में बनी है। हम राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए करते है। बहुत सी पार्टियां जाति, क्षेत्र और मजहब की बात करती हैं, लेकिन भाजपा ने सदैव देशभक्ति की बात की। भाजपा की नीति स्पष्ट है, हम राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए करते हैं। हमारे कामकाज का तरीका दूसरी पार्टी से भिन्न है। इसी कारण हम लोग कहते भी हैं, पार्टी विद डिफ्रेंस। सिस्टम में बदलाव लाकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। देश की सारी पार्टियां भ्रष्टाचार रोकने की बात करती हैं, लेकिन भाजपा सही मायने में भ्रष्टाचार को रोकती है। हमारी सरकार ने पहली बार सिस्टम में बदलाव लाकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है। जनता ने देखा कि बिहार की सरकार में भ्रष्टाचार नहीं है और हमको फिर बिहार की सत्ता सौंप दी।

# डीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें, निस्तारण के दिये निर्देश

- अवैध कब्जा को तत्काल हटवाकर अवगत कराने के निर्देश
- 140 शिकायतों में से पांच का हुआ मौके पर निस्तारण



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 140 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वमित्र, तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय, नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह, नायब तहसीलदार अहमद हसन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, अपर उपजिलाधिकारी विनीत, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह, एसडीओ विद्युत सिविल लाइन, खण्ड विकास अधिकारी तरबगंज, वजीरगंज, नवाबगंज, बेलसर, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का यूटा ने किया स्वागत



**गोंडा/मनकापुर, समृद्धि न्यूज।**

यूनाईटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा मनकापुर ब्लॉक अध्यक्ष विनय मिश्र ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ मनकापुर में नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्षित पाण्डेय से औपचारिक मुलाक़ात की इस दौरान मनकापुर की शिक्षक समस्याओं से अवगत कराया। बीईओ ने सभी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनते हुए समय से निस्तारण का आश्वासन दिया इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विनय मिश्र संरक्षक ओमप्रकाश त्रिपाठी उपाध्यक्ष शिव नारायन पाण्डेय कोषाध्यक्ष रवि द्विवेदी जिला संयुक्त मंत्री अमित पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष गिरीश पाण्डेय फ़िरोज़ अहमद मयंक मिश्र रजत गुप्ता प्रमोद यादव वीरेंद्र तिवारी प्रवीन मिश्र के साथ अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बस-कार की टक्कर में पांच घायल



**झझरी / गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय चौराहे के पास शुक्रवार की बीती रात्रि में तिलक चढ़ा कर लौट रहे अर्टिगा कार एक रॉड बेज बस से टकरा गई जिस में सवार मोती लाल पुत्र जग्गा रमेश कुमार पुत्र सरयू प्रसाद निवासी सिंहा चंदा बरखंडी थाना तरब गंज प्रभु दयाल और उस का भाई दीन दयाल पुत्र गंज भभूती निवासी हारी पुर नगर कोतवाली देवता प्रसाद पुत्र शंभू निवासी भोर खुंडा थाना इटिया थोक घायल हो गए। कार सवार पांचों लोग बाबा गंज तिलक चढ़ाने गए हुए थे। देर रात्रि को वापस घर लौट रहे थे। एक रॉड बेज बस लखनऊ से सवारी लेकर लाल बहादुर शास्त्री चौराहे से बस स्टॉप की तरफ जाने के लिए मुड़ रही थी ।तभी तेज रफ्तार से आ रही अर्टिगा कार टकरा गई। घायल पंचों लोगो को हल्की चोट आई थी। रोड बेज चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच कर पांचों लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजवाया था।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को वादी शंभूनाथ निवासी रानीबाजार बड़गांव थाना को0 नगर गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गई कि जमीनी रंजिश को लेकर विपक्षीगण अशोक, ओम प्रकाश, राम प्रकाश, रवि, मोहित, ध्रुव, खुशी, मुस्कान, मोहिनी एवं रचना (सभी निवासी रानीबाजार बड़गांव) द्वारा लाठी–डण्डा, लोहे की रॉड व धारदार हथियार से तोड़ फोड़ करते हुए जानलेवा हमला किया गया है। हमले में प्रार्थी के भाई उमानाथ तथा पुत्र शुभम व दीपांशु को लोहे की रॉड से गंभीर चोटें आईं और वे बेहोश हो गए। बचाने गए गौरव व शोभित को भी लाठी–डण्डा, चाकू व बांट से मारकर घायल किया गया। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में 10 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 15.11.2025 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त अशोक पुत्र धनलाल, निवासी रानीबाजार, थाना को0 नगर, जनपद गोण्डा को बड़गांव चौराहा से स्टेशन रोड जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

### छात्र-छात्राओं का दल शैक्षिक भ्रमण के लिए उत्तराखंड रवाना



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं का प्रदेश से बाहर शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम उत्तराखंड के शनिवार को राजकीय इण्टर कालेज बहराइच से सर्वदा नन्द, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं वीरेश वर्मा , वित्त एवं लेखा अधिकारी, नगेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ने 05 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के नोडल प्रभारी मधु यादव, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज सह प्रभारी बच्छ राज राजकीय हाईस्कूल टेण्डवा सिरसिटपुर के साथ रामेन्द्र कुमार मिश्र, सहायक अध्यापक राजकीय इंटर कॉलेज कीर्ती गोस्वामी सहायक अध्यापिका, ममता यादव शैक्षिक दल भी है। शैक्षिक भ्रमण में आईआईटी रुड़की, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, पतंजलि योगपीठ तथा ऋषिकेश सम्मिलित है।

### ट्रेन से कटा मिला युवक का शव

**झंझरी /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रारौलिया चौकी के निकट रेलवे लाइन के पास एक 19 वर्षीय युवक का शव ट्रेन से कटा हुआ मिला है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के जगदीश पुर रुद पुर बिसेन गांव के निवासी 19 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र रंगीले का शव शनिवार की सुबह पांच बजे ट्रेन से कटा हुआ मिला है। पुलिस ने शव की पहचान कर के उस के घर वालो को सूचना दिया।

### छात्रा आराध्या बनीं एक दिन की सीएमओ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महिला कल्याण एंव बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वहन कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट) के तहत उच्च माध्यमिक विद्यालय नानपारा की कक्षा 03 की छात्रा आराध्या गुप्ता को सांकेतिक रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पदभार दिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर छात्रा का स्वागत किया तथा अपनी कुर्सी पर बैठाकर कक्ष में मौजूद चिकित्साधिकारियों से छात्रा का औपचारिक परिचय कराते हुए सीएमओ के पदेन उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस निलम्बित दो को थमाया कारण बताओं नोटिस



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव द्वारा हुजूरपुर क्षेत्र में संचालित उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक बिक्री में अनियमितता एवं अभिलेख अपूर्ण मिलने पर मान सरजू एंटरप्राइजेज करमुल्लापुर, भग्गडवा बाजार का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकार शुक्ला कृषि केन्द्र वरूआ चौराहा व महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज कटघरी का स्टॉक वितरण रजिस्टर अपूर्ण होने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि सभी उर्वरक विक्रेता ई–पॉस मशीन से सम्बन्धित अभिलेखों को चेक करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक की बिक्री करना सुनिश्चित करें। विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिया गया कि उर्वरक वितरण के साथ–साथ स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर एवं उर्वरक खरीद स्टाक पंजिका को डे–बाई–डे अद्यतन रखा जाय। उर्वरक बिक्री में किसी भी स्तर पर अनियमिता एवं कालाबाज़ारी, बिना लाइसेंस के उर्वरक बिक्री अथवा अधोमानक उर्वरक बिक्री करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक (परिसंचरण नियंत्रण) आदेश 1973, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी।

# मिहीपुरवा के व्यापारियों ने की ब्रॉड गेज रेल लाइन की मांग

- मैलानी रेल प्रखंड को बदलने के लिए पैदल मार्च निकाला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की नगर पंचायत मिहीपुरवा के व्यापारियों ने मैलानी रेल प्रखंड को ब्रॉड गेज में बदलने की मांग की है। इस मांग को लेकर शनिवार को व्यापारियों ने एक पैदल मार्च भी निकाला। यह पैदल मार्च रेल अधिकार संघर्ष समिति के बैनर तले पश्चिमी पेट्रोल पंप से शुरू होकर तहसील मिहीपुरवा तक पहुंचा। मिहीपुरवा व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मैलानी-नानपारा रेल प्रखंड को ब्रॉड गेज में परिवर्तित किया जाना चाहिए। उन्होंने मिहीपुरवा में एक माल गोदाम बनाने की भी मांग की। संजय सिंह के अनुसार, माल गोदाम बनने से सभी को लाभ मिलेगा और रैक लगने से व्यापारियों को बाहर से सामान लाने में सुविधा होगी। वर्तमान में छोटी लाइन होने के कारण व्यापारियों और आसपास के लोगों को काफी परेशानी होती है। व्यापारियों ने रेल नहीं तो वोट नहीं का नारा भी दिया। इस संघर्ष समिति में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री विजय पोरवाल, सुधीर गुप्ता और अन्य व्यापारी शामिल थे।

# हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से सीख लेने की जरूरत : कीर्तिवर्धन सिंह



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस (भगवान बिरसा मुण्डा जी की 150वीं जयन्ती) का आयोजन जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कीर्तिवर्धन सिंह, सांसद, राज्य मंत्री पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन एवं विदेश, भारत सरकार, बावन सिंह, विधायक, कटरा बाजार, मीना राय, जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा, संदीप पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष,

जसवन्त लाल सोनकर, जिला महामंत्री, तथा मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक, समाज कल्याण, डीसीएनआरएलएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

मुख्य अतिथि द्वारा बिरसा मुण्डा जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्वलित किया गया तथा उनके 150वीं जयन्ती पर बोलते हुये कहा कि हमें अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों / पूर्वजों से सीख लेने की जरूरत है। जिस प्रकार बिरसा मुण्डा जी ने आज से 125 वर्ष पूर्व जनजातीय आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए संघर्ष किया और अपने समाज को सम्मान दिलाया। उससे आज की युवा पीढी को सीख लेकर अपने राष्ट्रहित में कार्य करने की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि द्वारा जनजातीय गौरव दिवस (भगवान बिरसा मुण्डा जी जयन्ती) पखवाडा में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में आयोजित चित्रकला, निबन्ध लेखन, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता छात्र/छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं सील्ड प्रदान किया गया।

# रूपईडीहा चेकपोस्ट पर दो ब्रिटिश नागरिक गिरफ्तार

- नेपाल के रास्ते अवैध घुसपैठ की कोशिश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भारत-नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और रूपईडीहा पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता मिली है।

संयुक्त टीम ने नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक ब्रिटिश महिला और एक पाकिस्तानी मूल का ब्रिटिश पुरुष शामिल है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 61 वर्षीय सुषमा कार्लिन ओलिविया और 35 वर्षीय हसन अमान सलीम के रूप में हुई है।

सुषमा कार्लिन ओलिविया मूल रूप से ओडिशा की निवासी हैं और उनके पास ब्रिटिश पासपोर्ट तथा ओसीआई कार्ड बरामद हुआ है। उनका पता 25 हीर्चकॉम्ब ड्राइव, ग्लॉस्टर, यूके है। हसन अमान सलीम पाकिस्तानी मूल के हैं और उनका पता 1ए डलमॉर्टन रोड, मैनचेस्टर, यूके है। पुलिस ने बताया कि दोनों शनिवार की सुबह करीब 10 बजे नेपाल सीमा से संदिग्ध तरीके से भारत में प्रवेश कर रहे थे। एसएसबी की 42वीं वाहिनी के जवानों की सतर्कता और रूपईडीहा पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते को रूपईडीहा चेकपोस्ट पर पकड़ लिया गया। टीम के साथ हुई पूछताछ के दौरान दोनों आरोपी अपने भारत प्रवेश को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद, उनके खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 14ए के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी दोपहर 1:51 बजे हुई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नेश रावत, उपनिरीक्षक अनिल कुमार, महिला उपनिरीक्षक रीता कुमारी, महिला कांस्टेबल टीपू गुप्ता और ज्योति सिंह के साथ एसएसबी 42वीं वाहिनी के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीमा पर निगरानी और कड़ी की जाएगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके।

## लेखपालों ने तहसील परिसर में दिया धरना

**वेतन वृद्धि व लेखपाल भर्ती में शैक्षिक योग्यता बढ़ाने की मांग**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले की सदर तहसील में शनिवार को लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपालों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा। यह प्रदर्शन लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। बड़ी संख्या में लेखपालों ने वेतन वृद्धि और लेखपाल भर्ती में शैक्षिक योग्यता बढ़ाने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर यह एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य वेतन वृद्धि और लेखपाल भर्ती में शैक्षिक योग्यता बढ़ाने सहित कुल आठ मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं, तो प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लेखपाल और संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सियार ने बुजुर्ग पर किया हमला, ग्रामीणों ने खदेड़ा

- कुत्तों ने घेरकर मार डाला, बुजुर्ग का इलाज जारी, वन विभाग कर रहा जांच



*बहराइच, समृद्धि न्यूज।*

बौंडी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक खतरनाक घटना सामने आई। साईं गांव में घर के बाहर सो रहे 55 वर्षीय जमालू पर अचानक एक सियार ने हमला कर दिया। बुजुर्ग की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सियार को खदेड़ दिया। भागते हुए वह गांव से कुछ दूरी पर कुत्तों के झुंड के बीच जा पहुंचा, जहां कुत्तों ने उसे घेरकर मार डाला।

घटना सुबह उस वक्त हुई जब जमालू अपने घर के सामने चारपाई पर सो रहे थे। अचानक एक जंगली सियार ने उनके हाथ पर काट लिया, जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े और वन्यजीव को भगाया।ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने के बाद सियार पास ही कुत्तों के झुंड में पहुंच गया। कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया और कुछ ही मिनटों में उसे नोच-नोचकर मार डाला। घायल जमालू को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। रेंजर ओंकार यादव ने बताया कि उन्हें देर रात घटना की सूचना मिली थी। ग्रामीणों के अनुसार कुत्तों ने सियार को मार डाला है। वन विभाग टीम मौके की जांच कर रही है और पूरे मामले की पुष्टि में जुटी है। गांव में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है और लोग सतर्कता बरत रहे हैं।

## खेत में किसान पर तेंदुए ने किया हमला



कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग स्थित अमृतपुर पुरैना गांव में शुक्रवार शाम एक किसान पर तेंदुए ने हमला कर दिया। 46 वर्षीय हरिश्चंद्र अपने खेत में काम कर रहे थे, तभी जंगल से निकले तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। हरिश्चंद्र की चीख सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। लोगों के हाका लगाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया, जिससे किसान की जान बच सकी। परिजन उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हरिश्चंद्र को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमले में किसान के सिर पर गंभीर घाव हो गए हैं। गौरतलब है कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गांवों में बाघ और तेंदुओं के हमले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटना के संबंध में जानकारी जुटाई।

## बाइक सवार युवक भी तेंदुए के हमले से घायल



कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत आनंदनगर बरखड़िया में एक बाइक सवार युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इस हमले में लगभग 40 वर्षीय युवक अरविंद पुत्र अच्छे लाल घायल हो गया। घटना आनंदनगर गांव के सड़क मार्ग पर हुई। बताया गया कि अरविंद अपने निजी कार्य से बाइक पर जा रहा था, तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। हमले के बाद युवक को हल्की खरोंचें आईं। कतर्नियाघाट के रेंजर आशीष गौड़ के निर्देश पर वन रक्षक अब्दुल सलाम ने घायल युवक को पीएचसी सुजौली में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। वन विभाग के अनुसार, युवक की हालत अब ठीक है। रेंजर आशीष गौड़ ने बताया कि वन विभाग की टीम अलर्ट पर है और क्षेत्र के लोगों को तेंदुए की मौजूदगी के प्रति सचेत किया जा रहा है।



## सरदार पटेल की 150वीं जयंती निकाली एकता पदयात्रा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को नानपारा विधानसभा क्षेत्र में एकता पदयात्रा और विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरदार पटेल के 150वीं जयंती अभियान के तहत आयोजित हुआ। पदयात्रा सुबह 11 बजे रुपईडीहा रोड चाईपास चौराहा, ड्रीम हाउस के निकट से शुरू हुई। इसमें रुपईडीहा, बाबागंज, नवाबगंज और नानपारा समेत क्षेत्र के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल के नारे लगाए। पदयात्रा के समापन के बाद दोपहर 2 बजे शिवाला बाग रामलीला मैदान, नानपारा में एक विशाल जनसभा आयोजित की गई। इस जनसभा में कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। बहराइच लोकसभा सांसद डॉ. आनंद गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मद्य निषेध परिषद के उपाध्यक्ष बृजेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक राम निवास वर्मा, नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह घनश्याम सिंह, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति सदस्य, सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगरवासी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# मिले बजट का अमृत, तो जल जीवन की बहे धार

- रंकीबदलपुर, मीरपुर, ओबरीडीह, जाफरपुर, रहमतपुर आदि गांवों में अधूरे कार्य से ठप पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण परेशान



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का सपना अभी तक अधूरा ही नजर आ रहा है। पर्याप्त बजट न मिलने के कारण ब्लॉक क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण अधर में लटका है। 2026 तक सभी 81 ग्राम पंचायतों में टंकी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन बजट की कमी से अब तक केवल 50 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो सका है। लगभग एक वर्ष से बजट न मिलने के कारण कई परियोजनाओं पर काम पूरी तरह रुका हुआ है।

ग्राम पंचायतों में बने अधूरे ढांचे लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर रहे हैं। हर घर नल से जल योजना के तहत गांवों में स्थापित की गई टंकियों से अब तक जल आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, जिससे ग्रामीणों को हैंडपंप और कुएं का दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। रेंहरा बाजार ब्लॉक के सादुल्लानगर क्षेत्र के रंकीबदलपुर, बिशुनपुर खरहना, ओबरीडीह, मीरपुर, जाफरपुर, रहमतपुर आदि गाँवो में पानी टंकी का निर्माण पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। ग्रामीण उदयभान, मनोज, राम अवध शर्मा, अंकित बलदेव शर्मा आदि बताते हैं कि करीब 9 माह से काम पूरी तरह रुका हुआ है। गांव में भूमिगत पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन अब तक टोंटियां नहीं लगाई गईं। ऐसे में पाइपलाइन से पेयजल आपूर्ति शुरू होना अभी भी सपना ही लगता है।

ग्रामीणों ने जिले के अधिकारियों से योजना को जल्द बजट उपलब्ध कराकर अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने की मांग की है, ताकि उन्हें स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके और सरकारी योजना का लाभ धरातल पर उतर सके। इस संबंध में अधिशासी अभियंता संदीप सिंह ने बताया कि एक वर्ष से बजट नहीं मिला है।बजट की मांग की गयी है ।मिलने पर अधूरी परियोजना पूरी होगी।नियमित रिपोर्ट भेजी जा रही है।

## लेखपालों का प्रदर्शन, मांगें पूरी न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर उतरौला तहसील परिसर में लेखपाल संघ शाखा उतरौला के अध्यक्ष मदन मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया। उसके बाद लेखपालों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन समाधान दिवस प्रभारी को दिया। ज्ञापन में चेतावनी दी कि उनकी मांगों को जल्द पूरा न? किया गया तब प्रदेश के लेखपाल सरकारी काम ठप करके प्रदेश व्यापी आन्दोलन करेंगे और इसकी सारी जिम्मेदारी शासन की होगी।

# देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज में किसान चौपाल आयोजित

- दलहन, तिलहन के उत्कृष्ट बीजों का किया नि:शुल्क वितरण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भारत नेपाल सीमावर्ती विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज (रामपुर) रुपईडीहा परिसर में कृषि व उद्यान विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय कृषि उत्पादकता चौपाल व कृषि उत्पाद प्रदर्शन का आयोजन किया गया। उपस्थित प्रगतिशील कृषको को विभाग की ओर से दलहन, तिलहन के उत्कृष्ट बीजो का नि:शुल्क वितरण कर राष्ट्र व समाज हित में कृषि उपज बढ़ाने का आवाहन किया गया तथा कृषको को रासायनिक उर्वरक व रासायनिक दवाइयों के उपयोग से बचने की सलाह भी दी गई। देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय किसान चौपाल को संबोधित करते हुए उप निदेशक कृषि विनय वर्मा ने कहा कि किसानों को मिट्टी की जांच करवाकर आवश्यकता अनुसार ही रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाइयों का उपयोग करना चाहिए अधिक खाद के उपयोग से धरती के बांझ होने का खतरा भी बढ़ रहा है साथ ही मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।प्राकृतिक व जैविक खेती कर हम स्वस्थ रहकर धरती की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकते है तथा स्वस्थ भी रह सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि विभाग की ओर से लघु व सीमांत किसानों के लिए फलदार व वनौषधि प्रजाति के वृक्ष उपलब्ध करवाए जा रहे हैं तथा किसानों को फल उत्पादन, सब्जी उत्पादन के लिए सब्सिडी भी उपलब्ध भी कराई जा रही है किसानों को इसका लाभ उठाना चाहिए सब्जी के बीज व पेड़ भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उप मण्डलीयकृषि अधिकारी डॉ शिशिर वर्मा ने कहा कि किसान उत्पाद संगठन के माध्यम से कृषि उपज को उचित दर पर विक्रय करने पैकिंग, प्रोसेसिंग आदि को बढ़ावा देने के लिए कृषि क्षेत्र में बहुमुखी कार्यक्रम संचालन किये जा रहे हैं। लघु और सीमांत किसानों के लिए रियायती दरों पर कृषि यंत्र व सोलर पंप भी उपलब्ध कराया जा रहा है किसानों को इसका लाभ उठाना चाहिए। किसान परिषद प्रदेश संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने क्षेत्रीय कृषि समस्याओं की ओर प्रशासन का अधिकारियों ध्यान आकर्षित करवाया तथा 'विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव' विषयक से जन जन को जोड़ने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन किसान परिषद संयोजक पर्यावरणविद शिव पूजन सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रगतिशील किसान महेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर ने किया।

इस अवसर पर किसान परिषद विकास खंड अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, प्रगतिशील किसान विशेष सिंह ,कृषि अधिकारी सुशील मौर्य ,ग्राम प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष तकम्मस खान, प्रगतिशील किसान राजीव श्रीवास्तव, बद्री सिंह, प्रवक्ता वरुण श्रीवास्तव, आयूष वर्मा,रुद्र प्रताप मिश्रा, पर्यावरणविद राघवेन्द्र शर्मा, समाजसेवी अशोक उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर विद्यालय प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव व किसान परिषद के तत्वावधान में उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का सामुहिक संकल्प दिलाया गया तथा फलदार वृक्षों का वितरण भी किया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना
NER-LJN-2025-183
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-183; कार्य का नाम: सहायक मण्डल इंजीनियर मैलानी के अधिकार क्षेत्र के फरदहन स्टेशन पर माल प्लेटफॉर्म, अप्रोच रोड, फेंसिंग के निर्माण का कार्य एवं अन्य विविध कार्य।; अनुमानित लागत (₹): ₹3,39,20,009.71; अग्रिम धन (₹): ₹3,19,600/-; समापन अवधि: 12 माह; 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-183 के लिए ई–निविदा दिनांक 09.12.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्ल्यू–332 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# लखनऊ में बिजली विभाग की वर्टिकल हेल्प डेस्क शुरू

▸ प्रबंध निदेशक ने नारियल फोड़ा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ में बिजली विभाग में वर्टिकल व्यवस्था लागू हो गई है। अब शहर 15 लाख ग्राहकों को अगर कोई परेशानी होती है तो वह सीधे 1912 नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए, शहर को जोन वाइज बांटकर हेल्प डेस्क शुरू कर दी गई हैं। हेल्प डेस्क ने हर जोन के लिए काम करना शुरू कर दिया है।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने सेंट्रल कार्यालय के बाहर नारियल फोड़कर हेल्प डेस्क शुरू कर दी। उपभोक्ताओं को नई व्यवस्था में भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए चीफ इंजीनियर से लेकर ग्राउंड लेवल तक अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश हैं। मध्य जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल का कहना है कि 6 अस्थायी हेल्प डेस्क के अलावा 10 अस्थायी हेल्प डेस्क और खोली जा रही हैं। हेल्प डेस्क पर शिकायत करने पर ग्राहक को बताया जाएगा कि पहले टोल फ्री नंबर 1912 पर भी शिकायत दर्ज कर दें। इसका उद्देश्य है कि हर शिकायत की मॉनिटरिंग हो सके। इसीलिए 1912 पर पूरा ध्यान देने की बात प्रबंध कर रहा है। यह हेल्प डेस्क बिजली विभाग के कार्यालय के टाइम टेबल के अनुसार काम करेगी। फॉल्ट ठीक करने के लिए उस पाली में तैनात गैंग या कार्यदायी संस्था को काम आवंटित करेंगे। नामित मरम्मत गैंग शट डाउन लेकर काम पूरा करने के बाद बिजली लाइन चालू करेंगे। फेस लेस कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता को ऑफिस नहीं बुलाया जाएगा।

### बिल संशोधन के लिए उपभोक्ता 1912 पर दर्ज कराएं शिकायत

मुख्य अभियंता लखनऊ मध्य रवि कुमार ने बताया किसी भी प्रकार के बिल संशोधन के लिए उपभोक्ता 1912 पर शिकायत दर्ज कराएं। यदि ऑनलाइन शिकायत न कर सकें तो नजदीकी हेल्प डेस्क पर जाएं। हेल्प डेस्क शिकायत को 1912 पर दर्ज कर देगा और पंजीकरण नंबर उपलब्ध कराएगा। बिल सही होने पर लिंक के माध्यम से उपभोक्ता को संशोधन का मेमो मिलेगा, जिससे वह खुद नया बिल देख और सत्यापित कर सकेंगे। शिकायत दर्ज कराने के विकल्प रहेगा। मध्यांचल निगम के निदेशक (वाणिज्य) योगेश कुमार के अनुसार, अधीक्षण अभियंता (वाणिज्य) नए कनेक्शन, बिलिंग, वसूली और उपभोक्ता सेवाओं के प्रभारी होंगे। अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) निर्बाध बिजली आपूर्ति, 440 वोल्ट, 11 केवी और 33 केवी लाइनों के फॉल्ट सुधार और ई-लाइन निर्माण के जिम्मेदार होंगे। दोनों विंग में अधिशासी, सहायक और अवर अभियंता सहयोग करेंगे, जबकि शीर्ष पर मुख्य अभियंता होंगे।

# उत्तर प्रदेश में धान बिक्री के लिए 3.93 लाख किसानों ने कराया पंजीकरण, धान क्रय में आ रही तेजी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में धान की सरकारी खरीद को किसानों का निरंतर साथ मिल रहा है। धान खरीद में प्रतिदिन किसानों के पंजीकरण में वृद्धि हो रही है तो दूसरी तरफ धान क्रय में भी तेजी आ रही है। आंकड़े इसकी गवाही भी दे रहे हैं।

शनिवार दोपहर तक धान खरीद सत्र में पंजीकृत होने वाले किसानों की संख्या 3.93 लाख पार कर गई। वहीं अब तक 3.12 लाख मीट्रिक टन की भी खरीद हो चुकी है। यह जानकारी खाद व रसद विभाग द्वारा दी गई है। विभाग के मुताबिक, सरकार ने 4000 धान क्रय केंद्र का लक्ष्य रखा था, जिससे आगे बढ़ते हुए किसानों की सुविधा के लिए 4143 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं धान लेकर पहुंच रहे किसानों के लिए क्रय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

खाद व रसद विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक शनिवार दोपहर तक 53,330 किसानों से 3.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। वहीं धान खरीद विपणन सत्र 2025-26 के लिए 3,93,389 किसानों ने पंजीकरण भी करा लिया है। धान (कॉमन) 2369 रुपये प्रति कुंतल व धान (ग्रेड-ए) 2389 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीद हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### विद्यार्थियों ने 'विस्टाडोम ट्रेन सफारी' से वन्यजीवों को नजदीक से देखा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड ने शनिवार को लखनऊ के गवर्नमेंट इंटर जुबिली कॉलेज के करीब 40 विद्यार्थियों को दुधवा की 'विस्टाडोम ट्रेन सफारी' का अनूठा अनुभव कराया। स्कूल की कक्षाओं से बाहर निकलकर विद्यार्थियों ने जंगलों की हरियाली, दुर्लभ वन्यजीवों को नजदीक से देखने और जिम्मेदार पर्यटन को करीब से समझा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि युवाओं को पर्यावरण अनुकूल यात्रा, नेचर लर्निंग और सस्टेनेबल टूरिज्म जैसी सोच से जोड़ने की यह पहल न सिर्फ प्रेरक है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार पर्यटक बनने का सशक्त संदेश भी देती है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की ओर से आगे भी ऐसे नवाचार जारी रहेंगे। बाल दिवस पर स्कूली छात्रों को विस्टाडोम सफारी का विशेष अनुभव कराना इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, गृहस्थी का सारा सामान राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगराम थाना क्षेत्र के बलसिंहखेड़ा गांव में एक किसान के घर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस घटना में घर में रखा दो बाइकों सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। परिवार के सदस्यों ने घर से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, किसान राममिलन अपनी पत्नी शीला वर्मा, माता चंपावती, एक बेटी और एक बेटे के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात वे खाना खाकर सो गए थे। शनिवार सुबह करीब चार बजे घर के बाहर वाले कमरे में बिजली के बोर्ड में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। बाहर सो रही मां चंपावती ने आग देखकर आवाज लगाई, जिसके बाद घर के सभी सदस्य किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित राममिलन के मुताबिक, आग में टीवी, प्रिंटर मशीन, इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी, एक बाइक, अनाज और कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

### ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत, नहीं सुनाई दिया हॉर्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में ड्यूटी पर निकले युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक कान में ईयर फोन लगाकर क्रासिंग पार कर रहा था। जिसकी वजह से ट्रेन के हार्न की आवाज नहीं सुनाई दी और उसकी चपेट में आ गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। छोलेवा भनौरा माल निवासी अखिलेश (18) पुत्र छोटे लाल गोमती नगर विस्तार में खरगापुर क्रासिंग के पास झोपड़ पट्टी में रहता था। घरों में साफसफाई का काम करता था। शनिवार सुबह करीब 8 बजे काम पर निकला था। खरगापुर रेलवे क्रासिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में रामवती और भाई बृजेश हैं। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि कान में ईयर फोन लगाया था। मौके से पुलिस को ईयर फोन मिला है। ईयर फोन लगा होने की वजह से ट्रेन की आवाज नहीं सुनाई दी और उसकी चपेट में आ गया।

### नौ साल से लंबित मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर सरोजनी नगर लेखपाल संघ ने शनिवार को तहसील समाधान दिवस सहित सभी कार्यों का बहिष्कार किया। लेखपालों ने अपनी नौ साल से लंबित मांगों पर शासन द्वारा कोई ठोस पहल न किए जाने के विरोध में तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। संघ की प्रमुख मांगों में राजस्व लेखपाल संवर्ग को तकनीकी संवर्ग घोषित करना, पदनाम बदलकर राजस्व उपनिरीक्षक करना और न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक निर्धारित करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, प्रारंभिक वेतनमान को ग्रेड पे 2800 करने की मांग भी की गई। लेखपालों ने पदोन्नति के अवसर बढ़ाने और हर पांच लेखपालों पर एक राजस्व निरीक्षक का पद सृजित करने की मांग की। उन्होंने चार राजस्व निरीक्षकों के सापेक्ष एक नायब तहसीलदार का पद सृजित करने और इन दोनों पदों पर लेखपालों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की भी मांग उठाई। नायब तहसीलदार के पद पर 50 प्रतिशत सीधी भर्ती में से 25 प्रतिशत पद लेखपालों के लिए विभागीय परीक्षा के माध्यम से आरक्षित करने की मांग भी की गई।

### ओला सर्विस सेंटर में कस्टमर से बदसलूकी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा थानाक्षेत्र में रिंग रोड स्थित ओला सर्विस सेंटर में स्टाफ ने कस्टमर के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र गाड़ी सर्विस के लिए आए थे। इस दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद कर्मचारियों ने हमला कर दिया। सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। गुडंबा कल्याणपुर के रिंग रोड पर ओला सर्विस सेंटर हैं। शनिवार को दोपहर के समय वहां एक कस्टमर के साथ कर्मचारियों ने मारपीट की। जिसका वीडियो साथ में मौजूद उनके बेटे ने बना लिया। वीडियो में साफदिख रहा है कि कर्मचारी किस तरह कस्टमर को पीट रहे हैं। फिर दो अन्य कर्मचारी भागते हुए आते हैं और हमला कर देते हैं। तमाम लोग वहां मौजूद थे, जो रुकने के लिए कह रहे थे लेकिन दबंग कर्मचारी किसी की सुनने को तैयार नहीं थे।

### रालोद का राष्ट्रीय अधिवेशन आज मथुरा में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय अधिवेशन कल 16 नवम्बर को मथुरा के कोसीकला में होने जा रहा है। अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा की जाएगी। देश के विभिन्न प्रांतों से राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे। रालोद के मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा,राष्ट्रीय लोकदल आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों एवं संगठन विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी चर्चा करेगा।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में चीफ प्रॉक्टर के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को कई छात्र संगठनों ने चीफ प्रॉक्टर के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जो छात्र उन्हें मारते, लड़ाई-झगड़ा करते हैं उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन कुछ नहीं बोलता। वहीं जब इसके खिलाफ पीड़ित छात्र आवाज उठाते हैं तो पुलिस आ जाती है। प्रदर्शन करने वालों में बीएपीएसए, एनएसयूआई और समाजवादी छात्र सभा समेत विभिन्न छात्र संगठन शामिल हैं। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए टैगोर लाइब्रेरी से चीफप्रॉक्टर ऑफिस तक विरोध मार्च निकाला। उसके बाद 2 घंटे तक प्रॉक्टर ऑफिस के बाहर बैठकर नारेबाजी हंगामा करते रहे। प्रदर्शनकारी छात्रों ने असिस्टेंट प्रोफेसर पर भी शोध छात्र के साथ मारपीट का आरोप लगाया। इस दौरान छात्रों को विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी काफी देर तक समझाते रहे लेकिन वे उठने को तैयार नहीं थे। समाजवादी छात्र सभा के छात्रों ने प्रशासनिक भवन और वीसी ऑफिस घेरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने इस बात से एतराज जताया कि विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहती है।

### बर्थडे पार्टी में हर्ष फायरिंग, स्थानीय लोगों ने की युवक की पिटाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र में बर्थडे पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक पिस्टल से फायरिंग करता दिखाई दे रहा है, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़कर पीट दिया। शनिवार को घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान की जा रही है। घटना ठाकुरगंज क्षेत्र के एक मकान में आयोजित बर्थडे पार्टी की है, जहां रात को संगीत और शोरगुल के बीच अचानक युवक ने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। वीडियो में साफ दिख रहा है कि जैसे ही गोली चली, पार्टी में मौजूद लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। फायरिंग के दौरान हालांकि कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन घटना ने पूरे माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। जिस व्यक्ति ने फायरिंग की, वह पार्टी में ही मौजूद मेहमान था और शराब के नशे में बताया जा रहा है।

### सीएम योगी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित गौरव दिवस समारोह में कहा

# आदिवासियों के उत्थान के लिए हमेशा याद किए जाएंगे बिरसा मुंडा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/सोनभद्र।** भगवान बिरसा मुंडा ने कहा था अबुआ दिशुम, अबुआ राज यानी अपना देश अपना राज यह नारा था भगवान बिरसा मुंडा का जो उन्होंने अंग्रेजों से लड़ने के लिए आंदोलन के दौरान दिया था। ऐसा कहना था उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ का जो जनपद के चोपन स्थित रेलवे के खेल मैदान में आयोजित धरती आबा (धरती के पिता) भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित गौरव दिवस समारोह में एक आम सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों द्वारा राँची जेल में दी गई यातना के कारण भगवान बिरसा मुंडा की मात्र 25 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई।

योगी ने कहा कि मृत्यु होने के बाद भी उनका संघर्ष काम आया और ब्रिटिश सरकार को झुकना पड़ा तथा जो माँग उन्होंने जनजातीय समुदाय के अधिकारों के लिए अंग्रेज़ों से की थी, वह अधिकार देने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ा था। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की देन है कि हमारा जनजातीय समाज तेजी से विकास की और अग्रसर होने के साथ ही देश के विकास में भी योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें जनजाति समाज का शोषण करती थीं। हमारी सरकार ने वनाधिकार कानून में संशोधन करते हुए अभी तक 23,000 से अधिक भूमि के पट्टे वितरित किए जा चुके हैं। आज भी 1000 से अधिक पट्टे वितरित किए जा रहे हैं।

### जनजाति समाज को सम्मान दिलाने का काम डबल इंजन सरकार ने किया

योगी ने कहा कि 125 वर्ष पूर्व संसाधनों के तमाम अभावों के बावजूद जनजाति समाज देश की मुख्य धारा से जुड़ कर भारत की स्वाधीनता के लिए आंदोलन कर रहा था, उन्होंने कहा कि जनजाति समाज को सम्मान दिलाने का काम डबल इंजन की एनडीए और भाजपा की सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी के कारण हम सबको इस जनजाति गौरव दिवस में जुड़ने का अवसर मिल रहा हैद्य उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव पखवारा के अंतर्गत 15 दिनों से विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं द्य जनजाति समाज ने अपने पुराने वाद्य यंत्रों से लोक कला को जीवंत बना कर रखा हुआ है। सीएम ने कहा कि जिस प्रकार बलरामपुर जनपद में जनजातीय म्यूजियम की स्थापना हम लोगों द्वारा की गई है उसी प्रकार विंध्याचल मंडल में भी एक म्यूजियम बनाया जाएगा द्य उन्होंने सोनभद्र में स्थित सलखन जीवाश्म पार्क, शिवद्वार स्थित शिव पार्वती मन्दिर सहित अन्य पर्यटन स्थलों की भी चर्चा की द्य योगी ने कहा कि प्रदेश में कुल 15 जनजातियों में से 14 अकेले सोनभद्र जनपद में निवास करती हैं साथ ही देश में एक जनपद में सर्वाधिक जनजातियाँ चार लाख से अधिक सोनभद्र में निवास करती हैं द्य उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पी एम जनमन योजना के अंतर्गत प्रदेश के 517 जनजाति बाहुल्य ग्रामों में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना प्रारम्भ किया है जिसके अंतर्गत उन ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं के साथ ही सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

### लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड रोड पर क्रेन पलटी फ्लाईओवर से लटकी, बड़ा हादसा टला

**लखनऊ।** लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे एलिवेटेड रोड पर शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। एलईडी स्क्रीन लगाने के दौरान क्रेन असंतुलित होकर पलट गई। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह घटना सरोजनी नगर के हाइडिल नहर चौराहे के पास सुबह करीब 9 बजे हुई। एक्सप्रेसवे की कार्यदायी कंपनी पीएनसी के कर्मी भारी एलईडी स्क्रीन और लोहे के एंगलयुक्त गेट को क्रेन की मदद से लगवा रहे थे। कार्य के दौरान अचानक क्रेन असंतुलित होकर एलईडी स्क्रीन समेत पलट गई। हादसे के समय एलिवेटेड रोड पर कई मजदूर मौजूद थे, लेकिन सौभाग्य से किसी को चोट नहीं आई।

# मिशन निदेशक ने इंडिया स्किल्स कम्पटीशन की तैयारियों को लेकर की वर्चुअल बैठक

समृद्धि न्यूज

▸ 15 से 25 तारीख के मध्य और मंडल स्तरीय 1 से 10 दिसंबर के बीच होगी

**लखनऊ।** कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक की अध्यक्षता में तैयारियों के संबंध में सभी जनपदों के कौशल विकास मिशन संयुक्त निदेशकों एवं जिला समन्वयकों के साथ एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने अवगत कराया कि प्रतियोगिता का प्रथम चरण जनपद स्तरीय होगा, जिसके लिए प्रदेशभर से युवाओं द्वारा अभूतपूर्व पंजीकरण प्राप्त हुआ है। यह प्रतियोगिता चयनित 20 कौशलों में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए 18 मंडलों से 5-6 प्रमुख विधाएँ चिन्हित की गई हैं। प्रतियोगिता 15 से 25 तारीख के मध्य नोडल आईटीआई में आयोजित होगी। इसके संचालन हेतु प्रत्येक जनपद में संयुक्त निदेशक एवं नोडल प्रिंसिपल की द्विसदस्यीय समिति गठित की गई। निर्देश दिया गया कि प्रतियोगिता में न्यूनतम 90 फीसदी प्रतिभागियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। पंजीकृत अभ्यर्थियों को समय पर सूचित करने के निर्देश प्रदान किए गए, ताकि अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित हो सके।जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के उपरांत प्रत्येक जनपद से 10 चयनित प्रतिभागियों के नाम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय को प्रेषित किए जाएंगे।

# प्रतिमा स्थापना से जुड़े कार्य तय समय में करें पूरा : नगर आयुक्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को शहर के विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु जोन 8 व जोन 7 के विभिन्न स्थलों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने जोन 8 स्थित सेक्टर 19 के पासी चौराहे पर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान नगर आयुक्त ने पासी चौराहे पर बन रही वीरांगना रानी ऊदा देवी जी की प्रतिमा के स्थापना कार्य, मंच निर्माण, साज-सज्जा तथा व्यवस्था से संबंधित सभी पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने नगर अभियंता को निर्देशित किया कि प्रतिमा स्थापना से जुड़े कार्य तय समय सीमा में पूर्ण किए जाएँ तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि चौराहे की साफ-सफाई अथवा स्वच्छता से जुड़ी कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए जोनल सेनेटरी ऑफिसर को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने हाटिकल्चर एवं गार्डन वेस्ट के लिए गार्डन सुपरिटेंडेंट को भी कार्य शीघ्रता से पूरा करने और स्थल को कार्यक्रम के अनुरूप व्यवस्थित व आकर्षक बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, जोनल अधिकारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर जोन 8 सहित नगर निगम के सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पासी चौराहे का निरीक्षण पूर्ण करने के बाद नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जोन 7 स्थित मनोरथा गौशाला का दौरा किया।

### जोन चार में गृहकर वसूली एवं कर निर्धारण कैंपों का आयोजन

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ के जोन-4 क्षेत्र में भवन स्वामियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गृहकर वसूली एवं कर निर्धारण हेतु एक वृहद कैंप का आयोजन प्रस्तावित किया गया है। यह कैंप आगामी 16 नवंबर 2025, रविवार को प्रातः 10.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक लगाया जाएगा। निगम प्रशासन का कहना है कि कैंप का उद्देश्य नागरिकों को उनके घर के नजदीक ही कर संबंधी सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, ताकि लोग बिना किसी परेशानी के अपना गृहकर जमा कर सकें और कर निर्धारण भी करा सकें। जोन-4 के अंतर्गत पारिजात अपार्टमेंट, वार्ड चिनहट द्वितीय, सेक्टर-1 सुलभ आवास, वार्ड खरगापुर सरसवां,. बेतवा अपार्टमेंट, गोमती नगर विस्तार, वार्ड खरगापुर सरसवां, ग्रीनवुड अपार्टमेंट गोमती नगर विस्तार, वार्ड खरगापुर सरसवां, स्वप्नेश्वर महादेव मंदिर, गौरव विहार, वार्ड चिनहट प्रथम में यह कैंप संचालित होगा। जोन 4 की जोनल अधिकारी सुश्री शिल्पा कुमारी ने बताया कि इन कैंपों में गृहकर निर्धारण, संशोधन, कर जमा करने और रसीद प्राप्त करने की पूर्ण सुविधा उपलब्ध रहेगी। संबंधित क्षेत्रों के भवन स्वामियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने निकटतम कैंप स्थल पर पहुँचकर लाभ उठाएँ।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटरों में बढ़ते लोड के मामले गंभीर

▸ उपभोक्ता परिषद ने रखी व्यापक जांच की मांग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विभिन्न बिजली कंपनियों द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में बढ़ती नाराजगी और शिकायतों के बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा किए गए विश्लेषण में कई गंभीर विसंगतियाँ सामने आई हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उनका बिजली बिल अचानक बढ़ गया है।

परिषद का कहना है कि बिल बढ़ने के केवल दो कारण हो सकते हैं या तो उपभोक्ताओं द्वारा लिया गया लोड बढ़ा हो या फिर रीडिंग अधिक दिख रही हो। परिषद द्वारा सभी विद्युत वितरण निगमों से प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन में यह पाया गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद अधिक लोड दिखने वाले उपभोक्ताओं का प्रतिशत हर कंपनी में अलग-अलग है, जो मीटरों की गुणवत्ता और उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।उपभोक्ता परिषद ने इस मामले की व्यापक जॉच की मांग उठाई है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं के लोड के आकलन में जो तथ्य सामने आए, वे अत्यंत चिंताजनक हैं। आकड़ों के अनुसार पूर्वांचल (प्रयागराज व मिर्जापुर जोनकृ(जीएमआर कंपनी) कुल लगाए गए 6,28,060 मीटरों में से 55,265 उपभोक्ताओं लगभग 9 प्रतिशत का लोड पिछले 3 महीनों से अधिक दर्ज, पूर्वांचल (वाराणसी व आजमगढ़ जोन (जीएमआर कंपनी)लगाए गए 6,21,543 मीटरों की तुलना में 56,640 उपभोक्ताओं (लगभग 10:) का बढ़ा हुआ लोड दर्ज हुआ। पूर्वांचल जीनस कंपनी 4,46,213 मीटरों में से 24,077 उपभोक्ताओं 6 प्रतिशत का लोड बढ़ा हुआ पाया गया। मध्यांचल इंटली स्मार्ट 4,18,626 मीटरों के सापेक्ष 35,338 लगभग 9 प्रतिशत उपभोक्ताओं का लोड बढ़ा हुआ। मध्यांचल पोलरिस 630,403 मीटरों में से 4,5537 7 प्रतिशत उपभोक्ताओं का अधिक लोड रिकॉर्ड और दक्षिणांचल जीएमआर 7,52,776 मीटर लगाए गए।

### समाधान दिवस से अधिकारी नदारद, नायब तहसीलदार को करनी पड़ी अध्यक्षता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को समाधान दिवस अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकांश विभागीय अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिसके कारण फरियादियों को निराशा हाथ लगी। अधिकारियों की गैरमौजूदगी के चलते समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार बिजनौर शालिनी तिवारी को करनी पड़ी। कार्यक्रम स्थल पर ज्यादातर कुर्सियां खाली रहीं, जिससे अधिकारियों की अनुपस्थिति स्पष्ट दिख रही थी। इसी बीच, तहसील परिसर में लेखपालों द्वारा दिया जा रहा धरना भी समाधान दिवस की कार्यवाही को प्रभावित करता रहा। अधिकारियों की अनुपस्थिति और लेखपालों के प्रदर्शन के कारण आज का संपूर्ण समाधान दिवस लगभग बेमतलब साबित हुआ।

# नई व्यवस्था में बिजली आपूर्ति बिगड़ी तो प्रबंधन जिम्मेदार : संघर्ष समिति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा है कि पावर सेक्टर में निजी घरानों की मोनोपोली किसी भी प्रकार उपभोक्ताओं के हित में नहीं है। इसे हर हाल में रोका ही जाना चाहिए और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का एकतरफा निर्णय निरस्त किया जाय।

संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मियों और अभियंताओं के प्रबल विरोध के बावजूद पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन ने निजीकरण हेतु सभी संवर्गो के हजारों पदों को समाप्त कर लेसा में आज से नई व्यवस्था लागू कर दी है। जिसके दुष्परिणामों का सारा उत्तरदायित्व प्रबंधन का होगा। यह एक विफल प्रयोग है जिसे निहित स्वार्थवश प्रबंधन ने लागू कर दिया है। संघर्ष समिति ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में किये जा रहे बिजली के निजीकरण में वही भयंकर गलतियां दोहराई जा रही हैं जो दिल्ली, उड़ीसा और चंडीगढ़ का निजीकरण करने के समय की गई थी। इन्हीं गलतियों के चलते दिल्ली, उड़ीसा और चंडीगढ़ में अरबों खरबों रुपए की परिसंपत्तियों को निजी घरानों को कौड़ियों के मोल दे दिया गया था और आम उपभोक्ता ठगे से रह गये थे। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण होने के बाद प्राइवेट कंपनियों का सी ए जी ऑडिट नहीं होता। सी ए जी ऑडिट न होने से वास्तविक लाइन हानियां कम होने का लाभ उपभोक्ताओं को ट्रांसफर नहीं हो पाता है उल्टे अनाप शनाप खर्चे दिखाकर निजी कंपनियां उपभोक्ताओं पर बोझ डाल रही हैं।

### चार कुत्ता मालिकों पर 25 हजार का जुर्माना, जांच के दौरान कागज नहीं दिखा पाए

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम टीम ने शनिवार को बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वालों पर कार्रवाई करते हुए 24 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। नगर निगम टीम ने महानगर कॉलोनी, छन्नी लाल चौराहा और आसपास के इलाकों में घर-घर जाकर पालतू कुत्तों के लाइसेंस की जांच की। इसमें प्रवर्तन दल, डॉग कैचिंग स्क्वॉड और नगर निगम कर्मी मौजूद रहे। अभियान के दौरान चार लोगों के पास कुत्ते का लाइसेंस नहीं पाया गया। इनसे मौके पर ही 20 हजार रुपए का जुर्माना लिया गया। लाइसेंस भी बनवाया गया। टीम ने एक लेब्राडोर नस्ल के कुत्ते को अस्थाई रूप से जब्त किया, जिसे बाद में तय जुर्माना भरने पर छोड़ा गया। कुल मिलाकर नगर निगम को 24 हजार रुपए का जुर्माना मिला।

हक

### आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहीं मातृशक्ति को आर्थिक रूप से किया जाए समृद्ध

# ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं का गांवों में ही हो समाधान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/सहारनपुर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को जनपद सहारनपुर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के तहत प्रमुखता से ग्राम्य विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, खाद्य प्रसंस्करण आदि की बिन्दुवार समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर में विकास की अपार संभावनाएं है। सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें और जनपद को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाएं। सहारनपुर विकास योजनाओं में रोल माडल बनकर अन्य जनपदों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आमजन के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुनिश्चित कराएं कि योजनाओं का लाभ पात्रों को हर हाल मे मिले।

ग्राम चौपाल कार्यक्रम के अन्तर्गत गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान हो। फूड प्रोसेसिंग यूनिटों की स्थापना के लिए प्रयास किया जाए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में प्रत्येक ग्राम में एक यूनिट की स्थापना की जाए, जिससे गांव में ही लोगों को रोजगार मिल सके।

केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निर्मित अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं की निरंतर समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सभी को पक्का मकान मिल सके। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के अनुभवों का भी लाभ उठाया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि जिले की शिकायतों को जिले स्तर पर ही निस्तारित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहीं मातृशक्ति को आर्थिक रूप से समृद्ध किया जाए। इसके लिए लखपति दीदी योजना के लाभार्थियों का विस्तार करते हुए बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल से उप मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि आपके निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे पूर्व जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जनपद पहुंचने पर काष्ठ से निर्मित गणेश की मूर्ति भेंट की।

# डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील जलालाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। समाधान दिवस में जनता ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किए। अधिकारियों द्वारा सभी प्रार्थना-पत्रों का गहनता से अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम एवं एसपी द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासन की प्राथमिकता जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित समाधान है। जनता को आश्वस्त किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष व प्रभावी निस्तारण किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी जलालाबाद सहित राजस्व, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन-प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

# एस एस कॉलेज में लगी कम्प्यूटर विज्ञान प्रदर्शनी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के द्वारा कंप्यूटर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उदघाटन मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों का भी नितांत महत्व है। कॉलेज के सचिव डॉ ए के मिश्र ने विद्यार्थियों को उद्बोधन देते हुए कहा कि कंप्यूटर विज्ञान एक अनुप्रयोग केंद्रित विषय है। हम ज्ञान का जितना अधिक उपयोग व्यावहारिक जीवन में करेंगे, उतना ही अधिक सफल होंगे। विद्यार्थियों ने विभिन्न अवधारणाओं पर आधारित अनेक मॉडल प्रस्तुत किए। इस अवसर पर वर्ष 2010 बैच के विभाग के पूर्व छात्र रहे इंजीनियर प्रवीण कंचन निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। विज्ञान मॉडलों में प्रथम स्थान फायर फाइटिंग रोबोट को, द्वितीय स्थान सिंपल नोट्स ऑन एआई को एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से ऑर्डिनो कार एवं कैंपस नेक्सस को प्राप्त हुआ। दूसरे दिन समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी का अवलोकन राजकीय बालगृह के बच्चों ने भी प्रदर्शनी एवं कम्प्यूटर लैब का अवलोकन किया। विभागाध्यक्ष डॉ संदीप अवस्थी के निर्देशन में हुए कार्यक्रम का संयोजन विभाग की प्राध्यापिका डॉ अनामिका शुक्ला ने किया। प्रदर्शनी में डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ आदर्श पांडेय, प्रो देवेंद्र सिंह, डॉ अंकित अवस्थी, डॉ विकास खुराना, प्रो मधुकर श्याम शुक्ला, प्रो आदित्य कुमार सिंह, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ प्रांजल शाही, डॉ उमेश सिंह विसेन, डॉ रजत कुमार सिंह, डॉ सुमित त्रिवेदी, डॉ राजेश सक्सेना, विपुल दीक्षित सहित कालेज के तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार की दर्दनाक मौत, एक घायल



**तिलहर-शाहजहांपुर,समृद्धि न्यूज।** गुरुवार देर रात हाइवे पर आमने सामने हुई ट्रक व कार की भीषण टक्कर में कार सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । जबकि। साथी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है । वहीं ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया । जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर के गोविंदगंज रेलवे कॉलोनी निवासी साहिल गौतम पुत्र राम वदन राम 27 अपने साथी कटिया टोला निवासी ऋषभ पुत्र गोपी किशन के साथ कार संख्या यूपी 27 डी आर 8237 से बरेली की ओर से शाहजहांपुर जा रहा था । गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे हाइवे पर कच्छियानी खेड़ा व कपसेडा के मध्य कार व ट्रक की आमने सामने भीषण टक्कर हो गई । जानकारी मिलते ही कोतवाल राकेश कुमार सिंह व नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज विशेष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए । कार में बुरी तरह फंसे साहिल व ऋषभ को गेट तोड़कर बमुश्किल बाहर निकाला गया । दोनो को जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया । जहां साहिल को मृत घोषित कर दिया गया । एसआई विशेष कुमार ने बताया कि ट्रैक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया था । ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है । कौन सा वाहन रॉग साइड था । इसकी जानकारी नहीं हो सकी है । कोतवाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# जागरूक नागरिक मंच ने बाल दिवस नौगांइ स्कूल में दी एलईडी व व्हाइट बोर्ड



**तिलहर -शाहजहांपुर,समृद्धि न्यूज।** जागरूक नागरिक मंच' के तत्वावधान में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगाईं में बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहवर्धन व सहयोग के रूप में मंच की ओर से 43 इंच की एलईडी का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्कूल को तीन व्हाइट वोर्ड भी दिए गए। मंच के अध्यक्ष डा. आलोक अग्रवाल , डा. प्रमोद मिश्रा, डा. शुभ्रा मिश्रा , सेवानिवृत्त .शिक्षक सत्यपाल गंगवार ने विद्यालय के प्रार्थना सत्र में प्रतिभाग किया। तदोपरांत मंच की ओर से विद्यालय को प्रदत्त तीन व्हाइट बोर्ड तथा एक 43 इंच की एलइडी का औपचारिक शुभारंभ गया किया। विद्यालय की साज-सज्जा, साफ-सफाई , प्रार्थना सत्र अनुशासन व शैक्षिक वातावरण देख मंच के पदाधिकारी प्रभावित हुए। उन्होंने भविष्य में भी विद्यालय की शैक्षिक आवश्यकताओं के मुताबिक उपकरण, असमर्थ बच्चे की फीस, पुस्तकें, यूनिफॉर्म व स्टेशनरी आदि की प्रतिपूर्ति करने का भी आश्वासन दिया। जागरूक नागरिक मंच के इस शैक्षिक सपोर्ट से विद्यालय परिवार कृतज्ञता व्यक्त का सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह आर्य ने किया। विद्यालय के वरिष्ठ सहयोगी सुनीत बाबू आर्य , प्रियंका सक्सेना , प्रियंका खन्ना व स्टाफ के लोग शामिल रहे।

# कटरा में आयोजित हुई यूनिटी मार्च



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती अंतर्गत सरदार 150 अभियान के तहत कटरा विधानसभा के ग्राम कसरक से कमलापुर मैरिज लॉन तक यूनिटी मार्च निकाली गई व विशाल जनसभा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी गोपाल अंजान व विशिष्ट अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर,जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र, विधायक कटरा वीर विक्रम सिंह प्रिंस रहे। माय भारत की टी शर्ट व कैप पहनकर युवाओं ने पूरे उत्साह से भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद के नारे लगाए और जगह जगह पर लोगों द्वारा यूनिटी मार्च का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया गया। यात्रा के दौरान सरदार पटेल के एक भारत श्रेष्ठ भारत के सन्देश को जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया गया और आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी दिलाई गई। एमएलसी गोपाल अंजान ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार थे,जिन्होंने आज़ादी के बाद देश को एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सांसद अरुण कुमार सागर ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा व कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने भी सभी को अपने ओजस्वी वक्तव्यों से प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया, जिला गंगा समिति से डा. विनय सक्सेना, हिमांशु सक्सेना, जिला प्रवासी वीर सिंह पाल, मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा, राजीव गुर्जर , राहुल मिश्र ,कृपाल सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहित सिंह, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख राजीव कश्यप , जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह समेत भारी संख्या में स्थानियजनष माय भारत युवा स्वयंसेवक आदि उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर सदर तहसील में गरजे लेखपाल



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** लेखपालों की विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन लेखपाल संघ द्वारा शनिवार को तहसीलों में किया गया। जिसमें जनपद की सदर, पुवायां, जलालाबाद, तिलहर व कलान तहसील में भी धरना कर लेखपालों ने संबधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। सदर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष अरविंद बाबू मिश्रा के नेतृत्व में लेखपालों ने धरना दिया और एसडीएम संजय कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान की मांग रखी। दिए ज्ञापन में बताया गया कि विगत नौ वर्षो से लेखपाल पद की शैक्षिक योग्यता व पदनाम बदलने, प्रारंभिक वेतनमान उच्चीकरण, एसीसी विसंगतियों को दूर करना, स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर किए जाने समेत अन्य समस्याओं को रखा गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर समस्याओं का निस्तारण जल्द न हुआ तो लेखपाल अतिरिक्त क्षेत्र छोड़ने, कार्य बहिष्कार करने एवं मंत्री, विधायकों के आवासों के बाहर प्रदर्शन व आंदोलन को बाध्य होगा। इस दौरान लेखपाल अरविंद बाबू मिश्रा, मुनेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, सुधा सिंह, हरगोविंद, अखिलेश कुमार, जितेंद्र पचौरी आदि शामिल रहे।

# सर्वेयर के लिए 25 नवम्बर तक करे आवेदन : डीडी कृषि

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** फसलों की ई-पड़ताल के लिए गाटों का सर्वे कार्य प्रत्येक रबी, खरीफ एवं जायद में किया जाता है। आगामी रबी में सर्वे कार्य माह दिसम्बर से प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है, इसके लिए इच्छुक युवक सम्बन्धित विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार से आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर 25 नवम्बर तक ई-मेल ddaszpd-cs@gmail.com पर आवेदन करने के साथ सम्बन्धित विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार पर भी अपना आवदेन जमा करेगें। समय से आवेदन करने वाले युवकों का चयन किया जाएगा। डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि इसके लिए न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल हो, नवीनतम वर्जन का 5 जी इन्ड्रायड फोन हो। चयनित युवक को गाटों के सर्वे कार्य किए जाने को वर्तमान में सर्वेयरों के देय मानदेय योजनान्तर्गत प्रति सर्वेयर प्रति एकल सर्वे के लिए 5 रूपये तथा एक से अधिक सर्वे हेतु अधिकतम 10 रूपये प्रति गाटा की दर से भुगतान किया जाएगा। साथ ही सर्वेयरों को सर्वे कार्य के लिए खरीफ, रबी एवं जायद के सर्वेकाल के समय इन्टरनेट कनेक्टिविटी की उलब्धता हेतु 35 प्रति सर्वेयर प्रति सर्वेकाल को भुगतान किया जाना निर्धारित है।

# डीआई ने मेडिकल पर मारा छापा, करीब दो लाख की दवाएं सीज

**खुटार-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को डी आई ने खुटार के लक्ष्मी मेडिकल स्टोर पर अचानक छापा मारा,मेडिकल से डी आई ने करीब दो लाख की औषधियों को सीज किया है और चार औषधियों के सैंपल भरकर लैब में जांच हेतु भेजे गए हैं मेडिकल स्वामी का मेडिकल लाइसेंस करीब दो वर्षों से रिनोबल नहीं हुआ है। डी आई ने सीज की गई दवाओं को थाने लाकर पुलिस के हवाले कर दिया। डीआई शालनी मित्रा की औचक निरीक्षण की कार्यवाही से खुटार के मेडिकलों में हड़कंप मच गया। कई मेडिकलों के शटर डाउन हो गए। डीआई शालनी मित्रा ने मौखिक जानकारी देते हुए बताया है कि मेडिकल से जिन दवाओं का सैंपल लिया गया है उन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है जिसके बाद ही अभियोग दर्ज करा कर कार्यवाही की जायेगी।

## हजरत हातिम अली शाह का 52वां सालाना उर्स 16 से

**तिलहर - शाहजहांपुर,समृद्धि न्यूज।** नगर के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत हाजी हाफिज मोहम्मद हातिम अली शाह मियां का 52 वा सालाना उर्स शरीफ 16 व 17 नवंबर को होगा । कार्यक्रम पोस्टर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने जारी किया । सज्जादा नशीन ने बताया कि मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित दरगाह पर सालाना उर्स शरीफ 16 नवंबर को सुबह कुरान खानी के साथ शुरू होगा । शाम को जलसा होगा , जिसमें कारी फुरकान रजा नूरी बीसलपुर, मौलाना अकील उर रहमान, कारी अली अहमद, हाफिज अब्दुल मतीन, कारी निजामुद्दीन, कारी मखदूम अशरफ बनारसी, मौलाना जुबेर अहमद रजवी शिरकत करेंगे । 17 नवंबर को सुबह साढ़े दस बजे कुल शरीफ होगा। बाद में कव्वाली तथा रात में कव्वाली प्रोग्राम होगा। जिसमें साहेदीन साबरी कव्वाल रामपुर शिरकत महफिल सजाएंगे । सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने अकीदतमंदों से उर्स शरीफ में शिरकत करने की अपील की है।

## कच्ची शराब समेत दबोचा

**तिलहर,समृद्धि न्यूज।** बीती रात गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कांस्टेबिल जॉनी कुमार व प्रेमवीर ने गांव अजमाबाद निवासी अनिल कुमार पुत्र राजबहादुर 38 को 15 लीटर कच्ची शराब समेत धर दबोचा । आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### स्कूल की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**पुवायां।** संपूर्ण समाधान दिवस में गांव के एक व्यक्ति ने गांव में स्थित स्कूल की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए भूमि को कब्जा मुक्त किए जाने की मांग की। तहसील क्षेत्र के गांव नगरिया बुजुर्ग निवासी अमर सिंह पुत्र राम अवतार सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में प्राथमिक विद्यालय है। जिसकी भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। और लगातार पक्का मकान बना रहे हैं। जिसके पास से एक रास्ता गई है। कब्जेदार उस रास्ते में पानी छोड़ देते हैं जिस रास्ते से निकलना दूभर हो गया है। पीड़ित ने बताया कि जब रास्ते में पानी भरने से मना किया तो अवैध कब्जेदार गाली गलौज तथा मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। जिसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों को दी गई। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर स्कूल की भूमि से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की।

# सदर में एडीएम प्रशासन ने सुनी जनशिकायतें




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद में शनिवार को सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें तहसील सदर में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 43 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण एडीएम ने मौके पर किया और शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।इस दौरान एडीएम प्रशासन ने कहा कि तहसील में आने वाले फरियादियों को बार बार एक ही कार्य के लिए चक्कर न काटने पड़े और पुनरीक्षण कार्यक्रम में भी तेजी लाई जाए। इस दौरान एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय, सीओ सिटी पंकज पंत, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# मेधावियों को मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता ने सम्मानित किया



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** स्वामी शुकदेवानन्द महाविद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में वर्ष 2025 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में टॉप किया। विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा इन छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। कॉलेज का गौरव बढ़ाने वाले अक्षत वर्मा एमएससी वनस्पति विज्ञान, रुद्रांश त्रिवेदी बीएससी , शुभांगी गुप्ता बीकॉम फाइनेंस, स्नेहा वर्मा बीकॉम कंप्यूटर व प्रधुम्न कुमार ने एमए हिंदी ने महाविद्यालय अपने गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। संबंधित विभागों में छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। पांचों मेधावी विद्यार्थियों को मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने सम्मानित किया और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव डा. अवनीश मिश्रा, प्राचार्य डा. आरके आजाद, उपप्राचार्य डा. अनुराग अग्रवाल, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. आदर्श पाण्डेय, जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. रमेश चंद्र गंगवार,डा. मुमताज हुसैन, डा. निधि त्रिपाठी, केशव शुक्ला आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# एसपी कॉलेज में गौरव दिवस के रूप में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में आदिवासी क्रांतिकारी महापुरुष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने कहा कि बिरसा मुंडा धरती आबा के नाम से लोकप्रिय थे, उन्होंने अंग्रेज सरकार के विरुद्ध आदिवासियों के उत्पीड़न को रोकने के लिए संगठित आंदोलन चलाया, ईसाई मिशनरियों को आदिवासियों के धर्मांतरण के मंसूबे को सफल नहीं होने दिया आदिवासी लोग उन्हें भगवान के रूप में मानते हैं। इतिहास प्रवक्ता राम सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन पर आदिवासियों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी और उन्हें संरक्षण प्रदान किया मिशनरियों ने छोटा नागपुर पठार के क्षेत्र में आदिवासी धर्मांतरण का जो सपना 19 वीं सदी में देखा था, उसमें बिरसा मुंडा सबसे बड़े बाधक बने। आदिवासी गौरव दिवस के रूप में आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य प्रवक्ता बुधपाल सिंह, शिक्षक श्रवण कुमार, सुशील कुमार, केके सिंह, कृष्ण कुमार, विजय मस्ताना, रवि कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# एडीएम वित्त की चेकिंग अभियान में 4 ओवरलोड ट्रक सीज



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती शुक्रवार रात में जिला प्रशासन ने सिंधौली से खुटार तक अवैध मिट्टी खनन और ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने को सघन चेकिंग अभियान चलाया। देर रात तक चले अभियान में संयुक्त टीम ने कई वाहनों की जांच की, जिसमें 4 ट्रक ओवरलोडिंग करते हुए पकड़े गए। सभी वाहनों को सीज कर थाना खुटार में खड़ा करा दिया गया है। इन ट्रकों के खिलाफ परिवहन और माइनिंग अधिनियम की धाराओं के तहत चालान की कार्रवाई की गई है। देर रात हुए ऑपरेशन में प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पूरी स्थिति की निगरानी की। अभियान के दौरान एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ पुवायां प्रवीण मलिक, एआरटीओ प्रशासन एसके, डीएमओ सहित संबंधित विभागों की पूरी टीम मौजूद रही। एडीएम ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर अब और सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई से खनन माफिया में खलबली मच गई है, जबकि वैध परिवहन करने वाले वाहन चालक इसे राहत भरा कदम बता रहे हैं।

# चाणक्य डिफेन्स अकादमी ने आयोजित की दौड़ प्रतियोगिताएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** चाणक्य डिफेन्स अकादमी की ओर से बाल दिवस पर 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.पी. बमनिया जिला खेल अधिकारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी सुदेश सिंह, समाजसेवी सौरभ द्विवेदी , रॉबिन चौधरी ,मोहित पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता परिणाम कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों ने अनुशासन, फिटनेस और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। मुख्य अतिथि एस.पी. बमनिया ने बच्चों को अनुशासन, नियमित अभ्यास और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और कहा कि खेल जीवन में संयम, दृढ़ता तथा आत्मविश्वास सिखाता है। टॉप-10 परिणाम इस प्रकार रहे: प्रथम - नमन दीक्षित द्वितीय - चक्रधर तृतीय - अशोक (चाणक्य डिफेन्स अकादमी) चतुर्थ - गौरव कश्यप (चाणक्य डिफेन्स अकादमी) पंचम - मोहम्मद गाजी (चाणक्य डिफेन्स अकादमी) 6 से 10 सभी स्थान - चाणक्य डिफेन्स अकादमी के प्रतिभाशाली बच्चों ने हासिल किए प्रतियोगिता में 1 से 15 तक के स्थानों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण व्यवस्था प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान कैश प्राइस, ट्रॉफी, मेडल, सर्टिफिकेट, चतुर्थ और पंचम स्थान ट्रॉफी, मेडल, सर्टिफिकेट, छठे से पंद्रहवें स्थान तक मेडल, सर्टिफिकेट बच्चों ने पुरस्कार पाकर अत्यंत उत्साह और गर्व महसूस किया। अतिथियों व प्रबंधन की उपस्थिति पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि एस.पी. बमनिया, एमडी वैभव ठाकुर, रॉबिन चौधरी, मोहित पाण्डेय, सुदेश सिंह, सौरभ द्विवेदी ने संयुक्त रूप से बच्चों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बमनिया ने बच्चों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और खेल भावना का संदेश देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समापन एमडी वैभव ठाकुर ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और अभिभावकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि चाणक्य डिफेन्स अकादमी बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए सदैव समर्पित है।

# स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में युवा संसद प्रतियोगिता 2025 का भव्य और अनुकरणीय आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता परमपूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी द्वारा की गई, जबकि कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में तथा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को मंचासीन कराकर, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ औपचारिक उद्घाटन से हुई। प्राचार्य ने अपने स्वागत उद्बोधन में युवा संसद की सार्थकता, लोकतांत्रिक संवाद की संस्कृति एवं विद्यार्थी जीवन में संसदीय प्रक्रियाओं की समझ की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। परिचयात्मक सत्र के पश्चात सभापति द्वारा प्रतियोगिता का सत्रारंभ किया गया। मंच पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्र, प्राचार्य डॉ. जयशंकर ओझा, मृदुल शुक्ला, रंजना खंडेलवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुचारु संचालन प्राध्यापक प्रदीप कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद ने कहा कि राष्ट्रहित सदैव व्यक्तिगत हित से ऊपर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कर्तव्य–निष्ठा, अनुशासन, ऊर्जा के सकारात्मक उपयोग और राष्ट्र कल्याण हेतु समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने विधि–विधार्थियों की विशेष भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि युवा अपने कर्तव्यों को समझें और सही दिशा में कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। साथ ही उन्होंने स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. डा. अवनीश मिश्र द्वारा मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही क्लाइंट काउंसलिंग संहिता को सभी अतिथियों द्वारा हस्ताक्षरित कर औपचारिक रूप से अंगीकृत किया गया। यह संहिता महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रदीप कुमार सिंह व उनकी टीम द्वारा तैयार की गई है। मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार ने अपने उद्बोधन में युवाओं को राष्ट्र का भविष्य करार देते हुए कहा कि आज के युवाओं की राजनीतिक समझ और जागरूकता भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बना रही है। उन्होंने नई शिक्षा नीति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, तथा गोबर आधारित जैविक खाद की महत्ता जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया और प्रतिभागियों को संसदीय प्रणाली की गहन जानकारी प्रदान करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि पुष्पा पांडे (सदस्य) उत्तर प्रदेश महिला आयोग ने युवाओं द्वारा प्रस्तुत पक्ष–विपक्ष के तर्कों की सराहना करते हुए कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को कानून और प्रणाली की जितनी जानकारी है, उतनी कुछ वास्तविक सांसदों को भी प्राप्त नहीं होती। उन्होंने महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि प्रतिभागियों में महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति यह प्रमाणित करती है कि आज की युवा महिलाएँ राजनीति में प्रवेश करने हेतु उत्साहित, सक्षम और अग्रसर हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्र ने आभार व्यक्त किया। आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा महाविद्यालय के विधिक सहायता केंद्र को अपनी गतिविधियों के लिए प्रथम स्थान प्राप्त होना इस संस्थान की गुणवत्ता, प्रतिबद्धता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रमाण है। उन्होंने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, आयोजन समिति और छात्र–छात्राओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान के सामूहिक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों में तर्कशक्ति, नेतृत्व क्षमता, संसदीय समझ, अभिव्यक्ति कौशल और समसामयिक विषयों पर रचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करने में अत्यंत सफल सिद्ध हुआ। इस दौरान डा. अनिल कुमार शाह, पवन कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दो चोर गिरफ्तार, सात बोरी बाजरा बरामद



**जैतीपुर–शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस ने सिउरा मोड तिराहे पर कटरा जाने वाले मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान चोरी का बाजरा बेचनें जा रहे दो चोरों को बाइक सहित पकड़ लिया। बाइक पर दो बोरी बाजार रखा था। पुलिस पड़कर थाने लाई पूछताछ की तो गन्ने के खेत से पांच बोरी बाजार बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम करकौर के ही देवेंद्र व नेंम सिंह बताया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बता दें कि पांच दिन पूर्व करकौर में तिलहर दातागंज स्टेट हाईवे किनारे स्थित राकेश कुमार गुप्ता की आढ़त से चोरों ने सात बोरी बाजरा चोरी कर लिया था।व्यापारी की शिकायत पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुटी थी। शनिवार को पुलिस ने सिउरा मोड तिराहे पर वाहन चेकिंग शुरू की। तभी दो व्यक्ति बाइक से आते दिखे। पुलिस को देखकर हड़बड़ा गए। बाइक पर दो बोरियों को पुलिस ने रखा देखा। जांच के दौरान में उनमें बाजरा निकला।पूछताछ में दोनों हड़बड़ा गए।चोरी का बाजरा होने की बात कहीं। उन्होंने अपना नाम नाम करकौर के ही देवेंद्र व नेंम सिंह बताया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने गन्ने के खेत से पांच बोरी बाजरा बरामद किया।थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सोमवार की रात गोदाम के पीछे दीवार के सहारे सात बोरी बाजार चोरी किया था। जिसे ईंट भट्ठे के पास गन्ने के खेत में छिपा दिया था। शनिवार को वह दो बोरी बाजरा बाइक से बिक्री को ले जा रहे थे। तभी रास्ते में चेकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ लिया।वहीं जांच के दौरान बाइक को एमबी एक्ट के तहत शीज किया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रोहिताश कुमार, अली शेर, कांस्टेबल तरुण सिरोही, राहुल यादव, रोहित रावत मौजूद रहें।

# समाधान दिवस : 64 में दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण

## विधायक, सीडीओ, एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित तमाम अधिकारी रहे मौजूद



**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील में जनसामान्य की समस्याओं को सुना। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित तहसील में कुल 64 फरियादियों द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से उन्होंने 2 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित करते हुए शेष 62 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। सीडीओ ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराएं। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाए जाने पर संबंधित अधिकारी–कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की बातों को गंभीरता से अवश्य सुनें। राजस्व व जमीन प्रकरण शिकायत के निस्तारण हेतु मौके पर जाकर जांच करते समय शिकायतकर्ता निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग स्तर पर ही शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि के साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में राजस्व–36 पुलिस 12, विकास 9, शिक्षा विभाग की 01 तथा 6 अन्य शिकायते रही। इस मौके पर विधायक चेतराराम एडवोकेट, एसडीएम चित्रा निर्वाल, तहसीलदार अजहर अंसारी, सीओ प्रवीण मलिक, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपाल संघ का धरना प्रदर्शन



**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** लेखपाल संघ की तहसील इकाई में अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन तहसील सभागार में आयोजित किया गया। जिसके बाद उप जिलाधिकारी को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर समस्याओं से निजात दिलाए जाने की मांग की गई। शनिवार को लेखपाल संघ द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल को सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में बताया कि संघ की प्रमुख मांगों में स्टेशनरी भत्ता 100 रुपए से बढ़कर 1000 रुपए प्रति माह करना शामिल है। वर्तमान में लेखपालों को केवल 100 रुपए मासिक स्टेशनरी भत्ता मिलता है जो वर्ष 2010 में निर्धारित किया गया था। संघ के अनुसार पिछले 15 वर्षों में उनके दायित्व और खर्चों में भारी वृद्धि हुई है। इसके अलावा नीयत यात्रा भत्ते को वाहन मोटरसाइकिल भत्ते में बदलने की भी मांग की गई। लेखपालों को वर्तमान में 200 रुपए प्रति माह नियत यात्रा भत्ता मिलता है जिसे पदीय दायित्वों के निर्वहन के लिए अपर्याप्त मानते हैं। अन्य मांगों में लेखपाल पद की वैधानिक योग्यता और पद नाम में परिवर्तन प्रारंभिक वेतनमान का उच्चीकरण, एसीपी विसंगति को दूर करना, मृतक आश्रित लेखपालों की पुरानी पेंशन विसंगति का समाधान, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के अतिरिक्त पदों का सृजन और विशेष वेतन भत्ता 200 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने की मांग की गई। संघ ने बताया कि स्टेशनरी खर्चों में रिपोर्ट सूचनाओं, पेपर, फोटो स्टेट और स्थानीय फोटोग्राफर जैसे मद शामिल हैं। जिनकी लागत काफी बढ़ गई है। महंगाई में वृद्धि भी एक कारण है। राजस्व परिषद में भी 17 सितंबर 2025 को इस भत्ते को 100 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए प्रति माह करने का प्रस्ताव दिया गया था। जबकि मध्य प्रदेश में लेखपालों को एक नंबर 2018 से 1000 रुपए प्रति माह स्टेशनरी भत्ता मिल रहा है। संघ ने यह भी बताया कि सैकड़ो पत्राचार और विभागीय सहमति के बावजूद राजस्व निरीक्षक पदों पर पदोन्नति हेतु डीपीसी नहीं दी गई है । जिससे पदोन्नति के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। धरना प्रदर्शन में संघ के जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आजम खान, तहसील अध्यक्ष आलोक कुमार, तहसील मंत्री रवि गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद एहतराम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनव श्रीवास्तव, उप मंत्री रितेश कनौजिया, कोषाध्यक्ष उत्कर्ष वर्मा, लेखा परीक्षक प्रदीप कुमार, राजेश यादव, वीरेश सिंह, जितेश त्रिवेदी, उपेंद्र तिवारी, निशु, कल्पना, पूनम, दिव्या आदि मौजूद रहे।

# रायन इंटरनेशनल स्कूल में परमाणु ऊर्जा संगोष्ठी का आयोजन

## मुख्य अतिथि सांसद अरुण सागर ने छात्र छात्राओं को किया जागरूक




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** शहर के रायन इंटरनेशनल स्कूल में न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिट के तत्वावधान में एक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा सांसद अरूण सागर, प्रमाणु उर्जा विभाग के वैज्ञानिक अजय प्रताप सिंह, वैज्ञानिक अधिकारी वाईपी गौतम और प्रधानाचार्य उषा अग्रवाल मौजूद रहीं। इस दौरान सांसद ने बच्चों को विद्यार्थियों को परमाणु विज्ञान और उर्जा संरक्षण और सतत तकनीकी के महत्व के बारे में जागरूक किया। सांसद ने इस दौरान विद्यार्थियों को कई कहानियां भी सुनाई। सांसद ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि ये संगोष्ठी केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि एक सपने का बीज है। जो मेरी दूरदर्शिता और प्रयासों से अंकुरित हो रहा है। इस तरह के कार्यक्रम विज्ञान की चमत्कारिक दुनिया को खोलता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री से खासतौर पर स्वीकृति दिलाई थी। जिससे ये ऐतिहासिक कार्यक्रम हो पाया। ये कार्यक्रम निश्चित रूप से लाखो बच्चो के सपनो को पंख देगा। सांसद ने बच्चों से कहा कि कल्पना कीजिए कि एक ऐसी उर्जा जो सूरज की किरणों से भी तेज है। जो अंधेरे को रोशनी में बदल सकती है और जो हमारे देश को उर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बना सकती है। सांसर ने कहा कि जब हम ये सब साथ करचे हैं तो तब याद आती है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की। नरेंद्र मोदी का नाम लेते ही हमारे अंदर एक नई ऊर्जा आती है। वे न केवल एक नेता हैं बल्कि एक विजनरी हैं। जिन्होंने भारत को विश्व पटल पर एक नई ऊंचाई दी। उनके नेतृत्व में भारत में परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। सांसद ने बच्चों को एक कहानी सुनाई। कहा कि एक छोटा बच्चा था। जो गांव में बिजली की समस्या से परेसान था। लेकिन जब मोदी सत्ता में आए तो उसी गांव में सोलर पैनल लगे। और अब परमाणु ऊर्जा का सपना भी साकार हो रहा है। यही सरकार का जादू है। गरीब से अमीर तक, गांव से शहर तक जितेंद्र ने कहा था कि विज्ञान सेवा का साधन है। और आज आप सभी उस सेवा के सिपाही बनने जा रहे हैं।

# एस एस कालेज में फूड फेयर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनीता राठौर के नेतृत्व में आत्म निर्भर भारत योजना के अंतर्गत 'स्वाद का संगम' फूड फेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वावलंबी बनना और छात्राओं में स्वरोजगार की भावना का विकास करना है, प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा रागी इडली, सेव पापड़ी, अंकुरित चाट, राज कचौड़ी, मटर चाट, चोखा वाटी, साबूदाना भेलपुरी, छोले चाट, पानी पुरी, पाव भाजी, आदि विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रबंध समिति के अध्यक्ष परमपूज्य स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज, मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा, सचिव प्रो अवनीश कुमार मिश्रा, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद, उप प्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, कला संकाय अध्यक्ष प्रो आलोक मिश्रा जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और सरस्वती मां को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर पूनम व डॉ दीप्ती गंगवार ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। स्नातक स्तर पर प्रथम स्थान पर राज कचौड़ी, द्वितीय स्थान पर बाटी चोखा और भेलपुरी ग्रुप तथा तृतीय स्थान पर सेव पापड़ी ग्रुप को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी सम्मानित शिक्षकों, अतिथियों तथा छात्राओं का स्वागत डॉ नमिता शुक्ला, शिवांगी त्रिपाठी और प्रेरणा कश्यप ने किया। कार्यक्रम के अंत में सयोजक डॉ अंजुलता अग्निहोत्री ने सभी पधारे हुए अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ मीना शर्मा, डॉ आदित्य सिंह, डॉ आलोक सिंह, डॉ प्रभात शुक्ला, डॉ मधुकर श्याम शुक्ल, डॉ विनीत श्रीवास्तव, डॉ आदर्श पांडे, डॉ अरूण यादव, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ अर्चना गर्ग, डॉ संदीप अवस्थी, डॉ अंकित अवस्थी डॉ रूपक श्रीवास्तव, डॉ विकास खुराना सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्राएं उपस्थित रहे।

# कृषि भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र की महिला ने पति की मृत्यु के बाद परिजनों द्वारा कब्ज की गई कृषि भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। तहसील क्षेत्र के गांव सतवां बुजुर्ग निवासी अंजली सिंह पत्नी स्वर्गीय धनवीर सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में पत्र देकर बताया कि उनके पति धनवीर सिंह का कुछ दिन पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनके पति पिता के इकलौती संतान थे। उनके तथा मेरे नाम कृषि योग्य भूमि अभिलेख में दर्ज है। पति की मृत्यु के बाद सास शोभा देवी मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न करने लगी। साथ ही उनके व पति के नाम दर्ज कृषि योग्य भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया। तथा बच्चों सहित उसे घर से बाहर निकाल दिया। उपरोक्त भूमि ही पीड़िता की जीविका का एकमात्र साधन है । जिस पर उनकी सास अवैध कब्जा किए हुए हैं। पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कृषि योग्य भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की।

# नन्द किशोर में धूमधाम मनाया गया चाचा नेहरू का जन्मदिवस



**शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा, समृद्धि न्यूज।** नगर के स्वामी नंद किशोर आचार्य बाल विद्यालय में जवाहरलाल नेहरू की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा में चाचा नेहरू के चित्र पर प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों द्वारा पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद बच्चों ने नेहरू जी के जीवन, उनके योगदान और बच्चों के प्रति उनके स्नेह पर मनमोहक भाषण और कविताएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के रचनात्मक स्टॉल लगाए गए, जिनमें कला एवं शिल्प, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, खाद्य स्टॉल तथा खेल–कूद से जुड़े स्टॉल शामिल थे। खाद्य स्टॉल में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन लगाकर खूब खाने पीने का सामान खरीदकर मनोरंजन किया। विद्यार्थियों के नवाचार और उत्साह ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या कु0 सीमा परवीन ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें आगे भी ऐसे आयोजनों में बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# प्राथमिक स्कूलों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रा खुशबू और छात्र दुर्वेश दौड़ में अब्बल रहे



**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के छात्र छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक स्कूल इकरीखेड़ा के छात्र दुर्वेश तथा छात्राओं में प्राथमिक स्कूल मिर्ज़ापुर प्रथम की छात्रा खुशबू सबसे तेज धावक रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी और विशिष्ट अतिथि कलान के खंड शिक्षा अधिकारी सतीशचंद्र मिश्र ने शिक्षक आलोक अवस्थी,संदीप मिश्रा,आदित्य अग्निहोत्री,मुख्तयार अहमद, अवकाश प्राप्त पूर्व प्रधानाध्यापक बृजमोहन मिश्रा,प्रधान देवेन्द्र सिंह यादव, व्यायाम शिक्षक देवेश कुमार के साथ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद में सक्रिय छात्र छात्राएं शिक्षा सहित सभी गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। बोले : मिर्ज़ापुर में शिवमंगल सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज मिर्जापुर में ओपन जिम बनवा दिया गया है। युवा ओपन जिम में नि:शुल्क वर्जिश और व्यायाम कर सकते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक स्कूल मिर्ज़ापुर प्रथम की छात्रा खुशब,100 मीटर में कंपोजिट स्कूल जरौली की छात्रा फिजा, लम्बी कूद में प्राथमिक स्कूल नौसरा उदयपुर की किरन प्रथम रहीं। जबकि कबड्डी में प्राथमिक स्कूल इकरीखेड़ा की टीम और खो खो में प्राथमिक स्कूल जरियनपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की उच्चप्राथमिक स्कूलों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक सादिकपुर की छात्रा रेखा और 200 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक जरियनपुर की मोहिनी प्रथम रहीं। लम्बीकूद में कंपोजिट स्कूल पिहुआ की नीतू व गोला फेंक में कंपोजिट स्कूल अस्तोली की राखी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्लॉक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में प्राथमिक स्कूल अस्तोली के सोनू,100 मीटर दौड़ और लम्बी कूद में प्राथमिक स्कूल इकरीखेड़ा के छात्र दुर्वेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में प्राथमिक स्कूल इकरीखेड़ा की टीम अब्बल रही। अंत में खेल प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा,नागेन्द्र पाल सिंह,आदित्य पाठक,अल्केश पाण्डेय,शिवकुमार शर्मा, सत्येंद्र मोहन अग्निहोत्री, रामसिंह वर्मा, चंद्रभान सिंह,गौरव मिश्रा, पूजा गुप्ता, रत्ना शर्मा मंगलेश तिवारी आदि शिक्षकों ने पुरस्कार वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# दंपति की बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर,पति पत्नी घायल

**शाहजहांपुर–मीरानपुर कटरा।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव पच्चड निवासी अवनीश सिंह पुत्र विजय बर्मा सिंह अपनी पत्नी रवीना के साथ बाइक द्वारा घर लौट रहे थे तभी हाइवे पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया जिससे उक्त दंपति बाइक सहित फिसलते हुए कभी दूर तक जा पहुंचे वही टक्कर मारकर वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया आसपास के लोगों ने दौड़ कर दंपति को साइड में बिठाया और सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने दोनों का इलाज शुरू किया। फिलहाल खबर लिखे जाने तक स्थिति खतरे से बाहर थी। अवनीश सिंह ने सौतेले भाई अर्जुन और सुरजन पर रंजिशन टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। उनका आरोप है कि वह उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहा हैं। संपित्त का विवाद है।

# विवाहिता ससुराल से अपने प्रेमी के साथ फरार

**शाहजहांपुर,मीरानपुर कटरा, समृद्धि न्यूज।** विवाहिता अपने प्रेमी के साथ लाखों का जेवर व नगदी लेकर फरार हो गई ।पति ने प्रेमी सहित उसके भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी को पड़ोस के ही गांव के गौरव,विनय,सौरव सिंह रात में लगभग 11 बजे घर में घुसे और उसकी पत्नी को लेकर फरार हो गए ।उसने पुलिस को बताया उसने बताया कि उक्त आरोपी उसकी विधवा भाभी को अपने साथ रखते है ।उसने बताया कि उसकी पत्नी सोने की एक जोड़ी झुमकी,एक सोने का हार,एक सोने की चेन व सोने की अंगूठी और नौ हजार रुपए लेकर गई है ।पुलिस ने मुकदमा लिख कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।

**कार्यालय ग्रा.पं. नगरिया प्रयागपुर वि.खं. सिंधौली-शाहजहांपुर**

**निविदा सूचना**

समस्त जीएसटी में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नगरिया प्रयागपुर, विकास खण्ड, सिंधौली शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा ग्राम निधि कन्वर्जेंस के अन्तर्गत संवलियन विद्यालय नगरिया प्रयागपुर में आंगनबाड़ी निर्माण केन्द्र कार्य हेतु ईट, मोरंग, बजरी, सीमेंट, रोडी, रेत, सरिया आदि निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु निविदादाता ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 17.11.2025 से 20.11.2025 तक दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 21.11.2025 तक शाम 4 बजे खोली जायेगी।

| क्र.स. | कार्य का नाम | आवश्यक सामग्री | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | गांव ककरौआ जसी में प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी निर्माण केन्द्र कार्य। अनु. लागत–11.84 लाख | सीमेंट, बजरी, मोरंग, बालू, बजरी, रोडी, ईंट एवं इंटरलॉकिंग ईंट आदि | मात्रा एवं सामग्री की पूर्ण जानकारी ग्राम.पं. कार्यालय से सम्पर्क कर ली जा सकती है जिसकी सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। |

राम रतन प्रधान, पंकज वाजपेयी ग्रा.पं. सचिव

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

रामलड़ैते तिवारी
ब्यूरो चीफ
हि.दै.समृद्धि न्यूज
शाहजहांपुर
मो.9415572885, 9984927542, 8795193445

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी का नाम भूलवश पिंकी दर्ज हो गया है जोकि गलत है, जबकि उसका वास्तविक नाम प्रभा देवी है। भविष्य में उसे प्रभा देवी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। प्रमोद कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद ग्राम डूंडा पोस्ट सिसोरा नकुमपुर, थाना पुवायां शाहजहांपुर।

## फिर राजग का बिहार

बेहद जटिल सामाजिक परिस्थितियों वाले देश के बड़े राज्य बिहार का महासंग्राम आखिरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जीत ही लिया। एनडीए ने बिहार में विपक्ष के महागठबंधन को करारी शिकस्त दी है। यह जीत पिछले साल महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन द्वारा महाविकास अघाड़ी को करारी शिकस्त देने जैसी ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और उसने उस राज्य में अपनी स्थिति मजबूत की है, जहां अभी तक उसका अपना मुख्यमंत्री नहीं रहा है। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड यानी जदयू ने तमाम मुश्किलों को पार करते हुए सम्मानजनक दूसरा स्थान हासिल किया है। चुनाव से पहले नीतीश कुमार महागठबंधन के नेताओं के निशाने पर थे। उन्हें थका हुआ, बीमार और रिटायर होने वाला राजनेता बताया जा रहा था। कहा जा रहा था कि भाजपा ने नीतीश कुमार को पार्टी के मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश नहीं किया। नीतीश कुमार के जो आलोचक उनकी विदाई लेख लिखने की जल्दी में थे, उन्हें चुनाव परिणामों के बाद मुंह की खानी पड़ रही है। जनता के फैसले ने बीते 2020 के विधानसभा चुनाव मे सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले राष्ट्रीय जनता दल यानी राजद को इस बार तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। बहरहाल, इस विधानसभा चुनाव के एकतरफा नतीजों का एक निष्कर्ष यह भी है कि सत्ता के लिये भाजपा व जदयू को एक साथ ही रहना होगा। जैसे कि नीतीश के पाला बदलने के चलते उन्हें पलटू राम की संज्ञा दी जाती थी, उसकी संभावना अब नजर नहीं आती। यानी नीतीश कुमार अब पलटू राम वाले अंदाज में नहीं चल सकते। उन्हें इस बात की तसल्ली मिल सकती है कि भारतीय जनता पार्टी, जिसके पास लोकसभा में पूर्ण रूप से बहुमत नहीं है, वह केंद्र में सरकार बचाने के लिये भविष्य में जदयू पर निर्भर रहेगी। दरअसल, राजनीतिक पंडित कयास लगाते रहे हैं कि नीतीश कुमार को किनारा करने की भगवा पार्टी की कोई भी कोशिश सत्तारूढ़ गठबंधन के लिये मुश्किल खड़ी कर सकती है। वहीं कहा जाता रहा है कि चिराग पासवान एनडीए की कमजोरियों का फायदा उठाने से नहीं हिचकिचाएंगे। हालांकि, भाजपा नीतीश कुमार को बाहर करने के प्रलोभन का ज्यादा देर विरोध नहीं कर पाएगी, जैसा उसने महाराष्ट्र में शिवसेना के एकनाथ शिंदे के साथ किया था। बहरहाल, एक बात तो तय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत ने महागठबंधन को तार-तार कर दिया है। साथ ही पदयात्रा व अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले प्रशांत किशोर की नई सुबह की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बिहार चुनाव में पस्त हुए महागठबंधन के दलों के सामने अगले साल विपक्ष शासित राज्य पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले फिर से संगठित होने की एक बड़ी चुनौती होगी। ये वे तीन विपक्षी दुर्ग हैं जिनमें सत्ता हासिल करने के लिये भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बहरहाल, एक बात तो माननी पड़ेगी बिहार में राजग की अप्रत्याशित जीत सारथी नरेंद्र मोदी की छवि, गृहमंत्री अमित शाह की नीति-कूटनीति, भाजपा के मजबूत संगठन, नीतीश कुमार की सामाजिक कल्याण की नीतियों की देन है। वहीं ऐन चुनाव से पहले एकजुट हुए महागठबंधन की विसंगतियां ही उसके पराभाव का कारक बनी।

# बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत और लालूराज का स्याह अतीत

**विक्रम उपाध्याय**

साल 1990 में भारतीय राजनीति में दो बड़ी घटनाएं हुईं। विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने उस साल सत्ताईस प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की और उसी साल तमाम तिकड़मों के साथ लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री बन गए। यूं तो मंडल आयोग को लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुए लेकिन बिहार में इसके कारण वर्ग संघर्ष शुरू हुआ। अगड़े-पिछड़े के बीच कभी न खत्म होने वाली नफरत की खाई खोद दी गई। मुख्यमंत्री के नाते लालू प्रसाद यादव ने इसे खत्म करने के बजाय इसको हवा दी और पूरे दस साल जातीय नरसंहार का सिलसिला चलने दिया।

उस दौरान राह चलते लोगों की जातियां पूछकर ठुकाई की जाती रही और सत्ता में बैठे लालू इस संघर्ष का राजनीतिक लाभ लेते रहे। चारा घोटाले में नाम आने के बाद लालू प्रसाद यादव को कुर्सी छोड़नी पड़ी और साल 2005 आते-आते बिहार ने लालू परिवार के शासन से जो एक बार तौबा की तो फिर उस तरफ़ नहीं देखा। साल 2025 के ताजा चुनाव परिणाम में राजद के सफाए के पीछे प्रारंभिक कारण सिर्फ और सिर्फ लालू राज के अत्याचार से बचे रहने का फैसला ही है। राजनीतिक विश्लेषक भले ही जीत-हार के अलग-अलग कारण गिना रहे हों लेकिन नीतीश कुमार के प्रति विश्वास से कोई बड़ा कारण नहीं हो सकता है। उस पर से भाजपा का केंद्र की सत्ता में रहना, सोने पर सुहागे की तरह काम कर रहा है। मोदी और नीतीश ने मिलकर बिहार का ऐसा एकजुट समाज बनाया है, जिसमें सभी वर्ग के लोग सुरक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि मुस्लिम आबादी भी। भले आर्थिक आंकड़ों में यह बिहार किसी शीर्ष राज्य की श्रेणी में नहीं आता है लेकिन चैन से सोने और मनमाफिक काम करने की आजादी की कोई गणना हो तो बिहार पहले पांच राज्यों में जरूर आ सकता है।



**नीतीश कुमार ने बीस वर्षों के अपने कार्यकाल में जो सबसे बड़ी मिसाल कायम की है, वह है, तठस्थता के साथ सरकार का संचालन और बिना राग-द्वेष का राजनीतिक व्यवहार। दूसरी तरफ लालू परिवार ने अपने पंद्रह साल के शासन में राज्य को न सिर्फ अशांत क्षेत्र में बदल दिया बल्कि खुद के लिए भ्रष्टाचार का स्वर्ग स्थापित कर लिया। ना तो उन्होंने सामाजिक मर्यादा का ख्याल रखा और ना किसी कानून की परवाह की। सत्ता के अपने सहयोगियों से भी वसूली करने में नहीं हिचके। कांति सिंह और रघुनाथ झा जैसे वरिष्ठ सहयोगियों से भी सांसद, मंत्री बनाने के एवज में जमीन लिखवा ली। कहा तो यह भी गया कि लालू प्रसाद यादव ने बिहार के समर्थ लोगों के खिलाफ अपहरण और फिरौती के कारोबार को अपनी देखरेख में चलवाया।**

नीतीश कुमार ने बीस वर्षों के अपने कार्यकाल में जो सबसे बड़ी मिसाल कायम की है, वह है, तठस्थता के साथ सरकार का संचालन और बिना राग-द्वेष का राजनीतिक व्यवहार। दूसरी तरफ लालू परिवार ने अपने पंद्रह साल के शासन में राज्य को न सिर्फ अशांत क्षेत्र में बदल दिया बल्कि खुद के लिए भ्रष्टाचार का स्वर्ग स्थापित कर लिया। ना तो उन्होंने सामाजिक मर्यादा का ख्याल रखा और ना किसी कानून की परवाह की। सत्ता के अपने सहयोगियों से भी वसूली करने में नहीं हिचके। कांति सिंह और रघुनाथ झा जैसे वरिष्ठ सहयोगियों से भी सांसद, मंत्री बनाने के एवज में जमीन लिखवा ली। कहा तो यह भी गया कि लालू प्रसाद यादव ने बिहार के समर्थ लोगों के खिलाफ अपहरण और फिरौती के कारोबार को अपनी देखरेख में चलवाया। हालात तो यहां तक पहुंच गई थी कि अपराधियों ने लोगों की अवकाश निधि और पेंशन को हड़पने के लिए भी अपहरण का रास्ता अपनाया। क्या उस बिहार की कोई दोबारा कल्पना करना चाहेगा? कभी नहीं। बिहार के लोगों के मन में हमेशा के लिए यह भाव घर कर गया है कि राजद को सत्ता में लाने के लिए वोट करने का मतलब फिर से साल 1990 के बाद के काल खंड में बिहार को पहुंचाना है। ऐसा नहीं है कि बिहार, नीतीश के शासन काल में कोई आदर्श राज्य बन गया है। ना ही आर्थिक क्षेत्र में कोई बड़ी प्रगति की है। बड़े उद्योग-धंधे भी नहीं लगे। स्थाई रोजगार का भी टोटा है। पर नीतीश कुमार ने बिहार को बिखरने नहीं दिया है। समाज के निचले तबके के जीवन में आसानी पैदा करने की लगातार कोशिश की है। एक से दूसरी जातियों के बीच टकराव पैदा कर राजनीतिक फायदे की कोशिश के बजाय नीतीश के शासन ने सबके लिए अवसर का सृजन किया है। जिस नौकरी का लालच देकर सत्ता परिवर्तन का सपना तेजस्वी यादव देख रहे थे, उसी नौकरी के विकल्प को सफलता पूर्वक नीतीश सरकार लागू करती रही है। निविदा पर ही सही हजारों लोगों को शिक्षक की नौकरी नीतीश ने 20 साल पहले देनी शुरू कर दी थी। अब तो लोग सेवानिवृत हो रहे हैं। वे निविदा के कर्मचारी नीतीश कुमार के लिए साधुवाद का भाव रखते हैं।

लालू के शासन वाले और नीतीश के शासन वाले बिहार में किसी को अंतर देखना है तो बिहार की सड़कों पर निकल जाए। लालू की सरकार के दौरान व्यापारी, अधिकारी, पेशेवर लोग, खास कर के डॉक्टर पलायन के लिए मजबूर किए गए थे। नीतीश के शासन ने ये सब लोग बिना किसी डर के अपना कारोबार और पेशा बढ़ा रहे हैं। कोई ऐसा जिला नहीं होगा, जहां मॉल न खुल गया हो। जहां तनिष्क, टाटा और रिलायंस के शोरूम न हों। किसी भी हाईवे से निकल कर देखिए, नए और बड़े निर्माण होते दिखाई पड़ जाएंगे। किसी चौराहे पर खड़े हो जाइए, महिला पुलिस बहुतायत में दिखाई पड़ जाएंगी। अधिकतर थानेदार, आपको उस जाति वर्ग के मिलेंगे, जिनको राजद अपनी बपौती बताती रहती थी। यह विकास के साथ सामाजिक विश्वास का आगाज है।

नीतीश कुमार और भाजपा के बीच के प्रगाढ़ संबंध की उम्र अब तीस साल से अधिक हो गई है। बीच के दो छोटे-छोटे समयावधि को निकाल दे तो यह संबंध लगातार मजबूती की ओर ही बढ़ता गया है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने जो नीतीश कुमार के साथ सद्भाव और विश्वास का संबंध स्थापित किया था, उसे लगातार प्रधानमंत्री मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। सामाजिक न्याय के सभी प्रयोगों से लेकर बिहार के आर्थिक विकास के लिए पीएम मोदी ने नीतीश कुमार और बिहार के लिए संसाधनों की कमी नहीं होने दी है। आवास, इलाज और भूख की कमी से निबटने के उपायों में स्वयं प्रधानमंत्री मोदी अपनी और से पहल करते रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बिहार जिस रफ्तार से आगे बढ़ रहा है, उसे देखकर कोई भी अंदाज लगा सकता है कि अगले दस साल में कनेक्टिविटी के मामले में बिहार किसी भी राज्य को मात दे सकता है। बिहार के लगभग सभी बड़े शहर हवाई मार्ग से जुड़ने जा रहे हैं। एक साथ दस नए एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। बिहार को गरीब राज्य कह कर चिढ़ाने वाले लोग एक बार यह जानकारी जरूर कर लें कि बिहार में कितनी ऐसी कंपनियां काम कर रही है, जिनका प्रबंधन किसी और राज्य से होता है। एनडीए को 200 सीटें यदि बिहार की जनता ने दी है, तो उसके पीछे सिर्फ महिलाओं को दी गई दस हजार की आर्थिक मदद नहीं है।

## यह 200 पार तो 400 पार का मिटाएगा दर्द

**अकु श्रीवास्तव**

बिहार चुनाव के नतीजे केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और जनता दल यूनाइटेड जद-(यू) के लिए उम्मीद से बढ़कर हैं। एग्जिट पोल जो जीत बता रहे थे उससे भी कहीं बढ़कर हैं। वह भी तब जब गृहमंत्री अमित शाह खुद इस गठबंधन के लिए अधिकतम 160 सीटों की जीत की संभावना बता चुके थे। इस बार तो भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 सीटें पार कर गया है। यह 200 पार भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनाव के नारे अब की बार 400 पार के नारे को पूरा न हो पाने की तकलीफ को कम करता है।

बिहार में भाजपा और राजग गठबंधन की जीत से कई संदेश निकले हैं। माना जा रहा है कि एन.डी.ए. की जीत में महिलाओं की बड़ी भूमिका रही ही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने वोट भी खूब किया। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों की मानें तो पुरुषों की तुलना में मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या बिहार चुनाव में 8.15 फीसदी ज्यादा रही। इस बार मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.96 फीसदी रही जबकि 71.78 फीसदी महिलाएं वोट डालने निकलीं। भले ही कुल आबादी में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से कम है मगर उन्होंने पुरुषों की तुलना में ज्यादा वोटकर जनादेश को अपनी इच्छा के मुताबिक मोड़ दिया। बिहार के कुल 7.45 करोड़ मतदाताओं में 3.93 करोड़ पुरुष और 3.51 करोड़ महिलाएं हैं। महिलाओं की आर्थिक समृद्धि की ओर नीतीश सरकार का ध्यान पहली बार की सत्ता यानी 2005 से ही रहा है। सबसे पहले उन्होंने आथ्र्थक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए जीविका नाम की योजना शुरू की थी जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम थी। इसके बाद शराब बंदी ने महिलाओं के बीच नीतीश कुमार की लोकप्रियता को बढ़ाया और अब चुनाव के ठीक पहले मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किए। पहले 75 लाख महिलाओं के खाते में यह पैसा डाला गया और उसके बाद यह आंकड़ा बढ़कर 1.5 करोड़ तक हो गया।

वैसे विपक्ष यह आरोप लगाता रहा है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। चुनाव आयोग के पास इसकी शिकायत भी गई मगर उसने इसे 'ऑनगोइंग स्कीम' कहा। आयोग ने यह भी कहा कि जब एक बार योजना शुरू हो जाती है तो उसको रोकने का काम उसका नहीं है। यह महिलाओं के लिए काफी आशाजनक था और एक तरह से महिलाओं ने 6 नवम्बर को पहले चरण और 11 नवम्बर को दूसरे चरण के मतदान में भर-भर के वोट दिए। मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। इन कतारों ने बिहार की तस्वीर बदल दी। बिहार में यह भाजपा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह अकेले दम पर 90 से ज्यादा सीटों पर कब्जा कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 74 सीटें अवश्य जीती थीं, मगर राजद 75 सीटें जीतकर सबसे बड़ा दल रहा था। 2010 के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने 91 सीटों पर कब्जा किया था। इस बार आसार इस सीमा को पार कर लेने के हैं।

लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना जरूरी माना जाता है लेकिन इस चुनाव में तो ऐसा नहीं दिख रहा। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के प्रभुत्व वाले महागठबंधन में नेतृत्वहीनता और समन्वय की कमी साफ दिखी। आप इसका पूरा दोष तेजस्वी यादव और कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी पर लगा सकते हैं। यूं तो राहुल गांधी ने अपनी बिहार यात्रा के शुरूआती दौर में कुछ उम्मीदें जताई थीं लेकिन बाद में उन उम्मीदों पर पानी फि र गया जब वह यात्रा करने के लगभग एक माह तक चुनावी परिदृश्य से नदारद रहे। इसी दौरान चुनाव के शुरूआती दौर में राजद और कांग्रेस के बीच नेतृत्व और चेहरे को लेकर विवाद हुआ। उसे मतदाताओं ने गंभीरता से लिया। गठबंधन के तमाम सहयोगी दलों में सीटों को लेकर खींचतान चलती रही।

## विचार

# समाज को राह दिखाता है मीडिया

**रमेश सर्राफ धमोरा**




**राष्ट्रीय प्रेस दिवस (16 नवम्बर) पर विशेष**

**वर्तमान समय में पत्रकारिता का क्षेत्र व्यापक हो गया है। पत्रकारिता जन-जन तक सूचनात्मक, शिक्षाप्रद एवं मनोरंजनात्मक संदेश पहुंचाने की कला एंव विधा है। समाचार पत्र एक ऐसी उत्तर पुस्तिका के समान है जिसके लाखों परीक्षक एवं अनगिनत समीक्षक होते हैं। अन्य माध्यमों के भी परीक्षक एंव समीक्षक उनके लक्षित जनसमूह ही होते हैं। तथ्यपरकता, यथार्थवादिता, संतुलन एंव वस्तुनिष्ठता इसके आधारभूत तत्व है। परन्तु इनकी कमियां आज पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत बड़ी त्रासदी साबित होने लगी हैं। पत्रकार चाहे प्रशिक्षित हो या गैर प्रशिक्षित, यह सबको पता है कि पत्रकारिता में तथ्यपरकता होनी चाहिए।**

आज देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पत्रकारिता आजादी के बाद भी अलग-अलग परिदृश्यों में अपनी सार्थक जिम्मदारियों को निभा रही है लेकिन मौजूदा दौर में पत्रकारिता दिनों-दिन मुश्किल बनती जा रही है। जैसे-जैसे समाज में अत्याचार, भ्रष्टाचार, दुराचार और अपराध बढ़ रहा है। पत्रकारों पर हमले की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। मीडिया और पत्रकारों पर हमला वही करते या करवाते हैं जो इन बुराइयों में डूबे हुए हैं। ऐसे लोग दोहरा चरित्र जीते हैं। मीडिया जब इनके काले कारनामों की पोल खोलने लगता है तो ये बौखला जाते हैं और उन पर हमले करवाते हैं। पुलिस और शासन तंत्र भी इन्हीं का साथ देते हैं। दिखावे के तौर पर मामला दर्ज कर लिया जाता है लेकिन होता कुछ नहीं। ये हालात चिन्ताजनक है।

भारत में हर वर्ष 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की मौजूदगी का प्रतीक है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस, प्रेस की स्वतंत्रता एवं जिम्मेदारियों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है। प्रथम प्रेस आयोग ने भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा एंव पत्रकारिता में उच्च आदर्श कायम करने के उद्देश्य से एक प्रेस परिषद की कल्पना की थी। परिणाम स्वरूप 4 जुलाई 1966 को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना की गई जिसने 16 नवम्बर 1966 से अपना विधिवत कार्य शुरू किया। तब से लेकर आज तक प्रतिवर्ष 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयं को फिर से समर्पित करने का अवसर प्रदान करता है।

मीडिया को समाज का दर्पण एवं दीपक दोनों माना जाता है। चाहे वे समाचार पत्र हों या समाचार चैनल, उन्हें मूलतः समाज का दर्पण माना जाता है। दर्पण का काम है वह समाज की हू-ब-हू तस्वीर समाज के सामने पेश कर सकें। परन्तु कभी-कभी निहित स्वार्थों के कारण ये समाचार मीडिया समतल दर्पण की जगह उत्तल या अवतल दर्पण की तरह काम करने लग जाते हैं। इससे समाज की उल्टी, अवास्तविक, काल्पनिक एवं विकृत तस्वीर भी सामने आ जाती है। तात्पर्य यह है कि खोजी पत्रकारिता के नाम पर आज पीली व नीली पत्रकारिता हमारे कुछ पत्रकारों के गुलाबी जीवन का अभिन्न अंग बनती जा रही है। भारतीय प्रेस परिषद ने अपनी रिपोर्ट में कहा भी है कि भारत में प्रेस ने ज्यादा गलतियां की है एंव अधिकारियों की तुलना में प्रेस के खिलाफ अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

वर्तमान समय में पत्रकारिता का क्षेत्र व्यापक हो गया है। पत्रकारिता जन-जन तक सूचनात्मक, शिक्षाप्रद एवं मनोरंजनात्मक संदेश पहुंचाने की कला एंव विधा है। समाचार पत्र एक ऐसी उत्तर पुस्तिका के समान है जिसके लाखों परीक्षक एवं अनगिनत समीक्षक होते हैं। अन्य माध्यमों के भी परीक्षक एंव समीक्षक उनके लक्षित जनसमूह ही होते हैं। तथ्यपरकता, यथार्थवादिता, संतुलन एंव वस्तुनिष्ठता इसके आधारभूत तत्व है। परन्तु इनकी कमियां आज पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत बड़ी त्रासदी साबित होने लगी हैं। पत्रकार चाहे प्रशिक्षित हो या गैर प्रशिक्षित, यह सबको पता है कि पत्रकारिता में तथ्यपरकता होनी चाहिए। परन्तु तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर, बढ़ा-चढ़ा कर या घटाकर सनसनी बनाने की प्रवृति आज पत्रकारिता में बढ़ने लगी है।

रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) के 2025 विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत 180 देशों में से 151वें स्थान पर है। यह साल 2024 में 159वें और 2023 में 161वें स्थान से थोड़ा बेहतर है। लेकिन भारत अभी भी बहुत गंभीर प्रेस स्वतंत्रता श्रेणी में है। भारत नेपाल (90वां), मालदीव (104वां), श्रीलंका (139वां) और बांग्लादेश (149वां) जैसे पड़ोसी देशों से नीचे है। नॉर्वे, एस्टोनिया और नीदरलैंड प्रेस स्वतंत्रता में वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन प्रदर्शनकारी हैं। पहली बार, वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता को आर्थिक दबावों के बढ़ने के कारण कठिन स्थिति में देखा जा रहा है। भारत जैसे विकासशील देशों में मीडिया पर जातिवाद और सम्प्रदायवाद जैसे संकुचित विचारों के खिलाफ संघर्ष करने और गरीबी तथा अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई में लोगों की सहायता करने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। क्योंकि लोगों का एक बहुत बड़ा वर्ग पिछड़ा और अनभिज्ञ है। इसलिये यह और भी जरूरी है कि आधुनिक विचार उन तक पहुंचाए जाएं और उनका पिछड़ापन दूर किया जाए।



## राशिफल

**मेषः-** मन पर नियंतण्ररख अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में केंद्रित हों। स्थिति व समय के साथ समझौतावादी रवैया अपनाएं। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

**बृषभः-** पुरानी बातों को भूल वर्तमान के साथ समझौता करें। निर्थक छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव संभव। प्रणय संबंध के प्रति केंद्रित मन परिजनों के विरोध से दुखित होगा।

**मिथुनः-** उच्च मनोबल के साथ कुछ साहसी कार्यों में हाथ डालेंगे। विरोधियों की सक्रियता अपेक्षित है।

**कर्कः-** आर्थिक क्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है।

**सिंहः-** गुणवत्ता एवं बुद्धिमत्ता से समस्याओं के समाधान में सक्षम होंगे। उत्साह पूर्वक नई योजनाओं में सक्रियता बढ़ेगी। परिवार को कुशलता से चलाने में आपका विशेष योगदान होगा।

**कन्याः-** पारिवारिक समस्याएं बार-बार परेशान करेंगी किंतु ऐसे स्थिति में स्वविवेक सहायक सिद्ध होगा। भविष्य संबंधित कुछ चिंताएं मन को प्रभावित करेंगी। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**तुलाः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साहित होंगे। कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयत्न करें। परिवार में किसी सदस्य की अस्वस्थता से मन परेशान होगा।

**वृश्चिकः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए मन प्रयत्नशील होंगे। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में मन असमर्थ होंगे। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**धनुः-** पुरानी घटनाओं से मन ओतप्रोत होगा। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन में चिंता संभव। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**मकरः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने।

**कुंभः-** आप सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव से लोकप्रिय होंगे। शासन-सत्ता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें। बीते हुए एवं आने वाले कल के बारे में सोचना छोड़ वर्तमान में जीने का प्रयत्न करें।

# भारत की जनजातीय विरासत और वीरों का उत्सव

**सी.पी.राधाकृष्णन**

**जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट तीन गुना बढ़कर 13,000 करोड़ रुपए हो गया है जो समावेशी विकास के प्रति सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान ने भारत की जनजातीय विकास यात्रा में एक नए युग की शुरूआत की है। 79,156 करोड़ रुपए के परिव्यय और 17 मंत्रालयों के संयुक्त प्रयासों से, इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का लक्ष्य 2029 तक 63,843 जनजातीय बहुल गांवों और 112 आकांक्षी जिलों को आवास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कनैक्टिविटी में लंबे समय से चली आ रही कमियों को दूर करना है।केवल एक वर्ष में, इसका प्रभाव जनजातीय गढ़ में दिखाई दे रहा है--4 लाख से अधिक पक्के घर बनकर तैयार हो चुके हैं। लगभग 700 छात्रावास बनाए जा रहे हैं।**

एक दशक पहले, भारत में आदिवासी शब्द सुनते ही अक्सर अभावों, स्कूलों से वंचित दूर-दराज के गांवों, पानी के लिए मीलों पैदल चलने वाली माताओं और अवसरों की तलाश में जंगल छोडने वाले युवाओं की छवियां उभरती थीं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, यह कहानी अस्तित्व की कहानी से बदलकर सफलता की कहानी बन गई है। जिसे कभी भारत का 'भूला हुआ सीमांत' माना जाता था, वह अब विकास और गौरव के सबसे जीवंत इंजनों में से एक बन गया है। पहली बार, आदिवासी सशक्तिकरण एक नारा नहीं, बल्कि न्याय, सम्मान और अवसर से प्रेरित एक आंदोलन है।

भगवान बिरसा मुंडा द्वारा संचालित उलगुलान आंदोलन यह सिद्ध करता है कि जनजातीय आंदोलन केवल अलग-अलग संग्राम नहीं थे बल्कि औपनिवेशक अत्याचार के विरुद्ध संगठित प्रतिप्रवाह थे। हाशिए से मुख्यधारा तक रू जब प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पदभार संभाला था तब भारत में आदिवासी विकास एक सीमित ढांचे में संचालित होता था, केवल 4,498 करोड़ रुपए के बजट वाला एक मंत्रालय। पिछले एक दशक में, यह दृष्टिकोण एक राष्ट्रव्यापी मिशन में बदल गया है। आज, 42 मंत्रालय अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के माध्यम से जनजातीय कल्याण में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। इस योजना के तहत कुल जनजातीय केंद्रित व्यय में 5 गुना वृद्धि हुई है जो 2014 में 24,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 1.25 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट तीन गुना बढ़कर 13,000 करोड़ रुपए हो गया है जो समावेशी विकास के प्रति सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान ने भारत की जनजातीय विकास यात्रा में एक नए युग की शुरूआत की है। 79,156 करोड़ रुपए के परिव्यय और 17 मंत्रालयों के संयुक्त प्रयासों से, इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का लक्ष्य 2029 तक 63,843 जनजातीय-बहुल गांवों और 112 आकांक्षी जिलों को आवास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कनैक्टिविटी में लंबे समय से चली आ रही कमियों को दूर करना है।केवल एक वर्ष में, इसका प्रभाव जनजातीय गढ़ में दिखाई दे रहा है--4 लाख से अधिक पक्के घर बनकर तैयार हो चुके हैं। लगभग 700 छात्रावास बनाए जा रहे हैं। 70 मोबाइल चिकित्सा इकाइयां अब दूर दराज के इलाकों तक पहुंच रही हैं। 26,500 से अधिक गांवों में पाइप से पेयजल की सुविधा उपलब्ध है जबकि 8,600 से अधिक घरों में बिजली कनैक्शन उपलब्ध हैं।-लगभग 2,200 गांव अब मोबाइल नैटवर्क से जुड़ चुके हैं और 280 से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्र प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और पोषण को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, प्रधानमंत्री 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैंताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सबसे दूरस्थ समुदाय भी पीछे न छूटें। 24,104 करोड़ रुपए के बजट के साथ, यह मिशन कई मोर्चों पर समावेशी प्रगति को गति दे रहा है ।

90,000 से ज्यादा पक्के घर बनाए गए हैं और 92,000 से ज्यादा घरों का विद्युतीकरण किया गया है।- घर-घर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए लगभग 700 मोबाइल चिकित्सा इकाइयों को मंजूरी दी गई है।-लगभग 6,700 गांवों को पाइप से पानी की सुविधा मिल चुकी है और 1,000 आंगनवाड़ी केंद्र अब कार्यरत हैं। ये दोनों प्रमुख मिशन मिलकर मोदी सरकार के इस संकल्प को दर्शाते हैं कि कोई भी गांव दूर नहीं है और कोई भी समुदाय देश की प्रगति में भाग लेने के लिए छोटा नहीं है, जिससे विकसित भारत का सपना जमीनी स्तर पर साकार हो रहा है।

2013-14 में, आदिवासी बच्चों के लिए अवसर कम थे केवल 119 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय लगभग 34,000 छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे और सीमित वित्तीय सहायता के कारण कई लोगों के सपने अधूरे थे। एक दशक बाद, तस्वीर बिल्कुल अलग है।

2025 तक, भारत में 479 ई.एम.आर.एस. होंगे जो 1,38 लाख युवाओं के मस्तिष्क का पोषण करेंगे, जिनमें से कई देश के सुदूर कोनों से आए पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं। इस परिवर्तन में योगदान देते हुए, सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 22,000 करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्तियां प्रदान की हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संसाधनों की कमी के कारण कोई भी आदिवासी छात्र पीछे न छूटे। आज, लगभग 30 लाख आदिवासी छात्र हर साल छात्रवृत्ति प्राप्त करते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# शिकायतों के निस्तारण पर बर्दास्त नहीं की जाएगी हीलाहवाली : डीएम

- कुलपहाड़ तहसील में आयोजित हुआ तहसील समाधान दिवस



**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।**

जिला स्तरीय तहसील समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के सख्त निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें हीलाहवाली बर्दास्त नहीं की जाएगी। मौके पर जाकर ही दोनों पक्षों के बीच निस्तारण की प्रक्रिया को किया जाना आवश्यक है।

जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय तहसील समाधान दिवस में 55 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व विभाग की प्राप्त हुईं हैं। जिन्हें निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को सौंप दी गई है। शिकायतकर्ता अब्दुल समद पनवाड़ी ने शिकायत में कहा कि पड़ोसी कृषक द्वारा सरकारी नाली को अपने खेत में मिलाने का आरोप लगाया है।

राजेन्द्र, विमलेश, साहब सिंह सुगिरा ने कहा कि प्रार्थी के खेत में जबरजस्ती विरोधी द्वारा दरवाजा किए जाने से रोका जाए। हरी किशुन बाबा जी महन्त ग्राम सिमरिया ने मंदिर को जाने वाले रास्ते को खुलवाए जाने की मांग की। बार अध्यक्ष लक्ष्मन सिंह एडवोकेट ग्राम खोनरिया ने गांव का विधुत ट्रांसफार्मर व खराब डीपी बदलवाने की मांग की। काशी प्रसाद कुलपहाड़ ने मौजा कुलपहाड़ की खतौनी आ. पत्र 23 वरासत का आदेश आ. पत्र 45 में दर्ज करवाने की मांग की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, तहसीलदार प्रमित सचान, नायब तहसीलदार पंकज गौतम, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी व सर्किल के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### डीएम ने की जनतंत्र इंटर कॉलेज में चल रही एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा



बीएलओ द्वारा नगर में किए जा रहे एस आई आर के कार्यों की समीक्षा कर जिलाधिकारी ने तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। तहसील समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा नगर के जनतंत्र इंटर कॉलेज बूथ पर मतदाता एस आई आर कार्य पर गहनता से समीक्षा की। और उपस्थित बीएलओ को इस कार्य तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि एस आई आर का कार्य निर्धारित समय से पूर्ण हो जाना चाहिए। इसमें लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान साथ में उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, तहसीलदार प्रमित सचान सहित बूथ पर उपस्थित सुपर वाइजर ग्यापसाद, मलखान सिंह, बीएलओ राकेश सक्सेना, प्रेम नारायण,भरतराज,विमल सोनी,स्नेहलता आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण छात्रों के लिए वरदान साबित होगी ब्रह्मानंद लाइब्रेरी व स्वाध्याय केंद्र

**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।**

तहसील कुलपहाड़ का मुढारी गांव शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों के क्षेत्र मे अपनी एक अलग पहचान रखने मे अग्रसर भूमिका निभा रहा है।

बच्चों के उज्जवल भविष्य के उद्देश्य से मुढारी से कुलपहाड़ स्टेशन मार्ग पर आज दिनाँक 15/11/2025 को श्री ब्राह्मनंद स्वाध्याय लाइब्रेरी का भाजपा के बरिष्ठ नेता एवं मुढारी के पूर्व प्रधान उमाशंकर मिश्रा ने फीता काटकर उद्धाटन किया है। इस लाइब्रेरी के खुलने से अब बच्चों को दूर - दराज के चक्कर नहीं काटने पड़ेगे क्योंकि यह स्वाध्याय केंद्र 24 घंटे खुला रहेगा और इसमें शांत वातावरण के अलावा ए सी, वाई फाई,बेहतर फर्नीचर, आरो का पानी, अखबार, सी सी टी वीं कैमरे और 24 घंटे लाइट आदि की सर्व सुविधाएं प्रदान की गई है। अब विद्यार्थी लाइब्रेरी के माध्यम से पुलिस, रेलवे, एस एस सी, बैंकिंग और भी अन्य सरकारी नौकरियों जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी आसानी से कर पाएंगे। इस लाइब्रेरी के संचालक जैनेंद्र राजपूत एवं मानवेन्द्र राजपूत व मोहित यादव की इस अनोखी पहल की छात्रों एवं ग्रामवासियों ने जमकर सराहना की है।

## खबरें एक नजर में

### बड़ी देवी मंदिर में सनातन गौरव महोत्सव आयोजित



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में सनातन गौरव महोत्सव पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा व्यास शंकराचार्य नारायणानंद सरस्वती ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। कथा में परीक्षित बने ज्योत्सना धनन्जय सिंह सहित शिवकुमार पाण्डेय, राकेश पालीवाल, रामदेव सिंह, आनन्द द्विवेदी, विनय तिवारी आदि श्रोताओं ने कथा का आनन्द लिया।

### गृहक्लेश के चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**समृद्धि न्यूज महोबा, समृद्धि न्यूज।** मुख्यालय के जारीगंज मोहल्ला निवासी विवाहिता ने गृहक्लेश के चलते शुक्रवार देरशाम अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। विवाहिता की फाँसी से लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया आनन-फानन में उसे फांसी के फंदे से उतारकर इलाज के लिए जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। विवाहिता की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार जारीगंज मोहल्ला निवासी विक्रम ताम्रकार की 37 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी ताम्रकार का अपने पति विक्रम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली पत्नी को फांसी से लटकता देख पति विक्रम द्वारा फांसी के फंदे से उतार कर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर एहतेशाम ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतका के देवर विकास ताम्रकार ने बताया कि भाई और भाभी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद भाभी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### भू-माफिया के हौसले बुलंद, खलियान पर किया कब्जा

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि ग्राम प्रधान तक सुरक्षित नहीं हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर निकलने से रोकने, गाली-गलौज करने और तमंचा लहराकर धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने जिलाधिकारी से आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की प्रधान संतोषी शिवहरे ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार दोपहर वे गौशाला में बंद गोवंशों के लिए भूसा लेने सरकारी भूमि (खलिहान नंबर) से होकर खेतों की ओर जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही शिव कुमार,कामता पुत्र भागीरथ ने उन्हें सरकारी जमीन से गुजरने का विरोध करते हुए रास्ता रोक लिया। आरोप है कि दबंगों ने गाली-गलौज की, अभद्रता की और तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद वे किसी तरह वहां से निकल पाए। प्रधान प्रतिनिधि विष्णु शिवहरे ने बताया कि गौशाला का रास्ता बाधित हो जाने के कारण गोवंश दो दिन से भूख प्यास से तड़प रहे हैं इस संबंध में अधिकारियों को अवगत करा दिया गयाहै मामले पर एसडीएम मौदहा करणवीर सिंह ने कहा कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर दोषियों पर नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लॉक की सहकारी समितियों में पुहंची डीएपी खाद, सोमवार को होगा वितरण

**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** एक पखवाड़े बाद शनिवार को कस्बे की क्षेत्रीय सहकारी समिति में एक हजार बैग डीएपी वितरण के लिए उपलब्ध हुई। सोमवार को उसका वितरण किसानों के मध्य किया जाएगा। इसके अलावा ब्लॉक की अन्य समितियों में भी डीएपी पहुंची है। क्षेत्रीय सहकारी समिति के सचिव समीर सचान ने बताया कि शनिवार को कस्बे की समिति में एक हजार बैग डीएपी वितरण के लिये उपलब्ध हुई। सोमवार को इसका वितरण किसानों के मध्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इंगोहटा, छानी, पौथिया, हेलापुर (कुछेछा), पचखुरा महान, मुंडेरा सहकारी समिति में वितरण के लिए शनिवार को डीएपी पहुंच गई है। इन समितियों में भी किसानों को सोमवार से डीएपी मिलेगी। वहीं कस्बे में संचालित क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं पीसीएफ किसान सेवा केंद्र में डीएपी एक माह बाद भी नहीं आई है। इससे नगद खरीद करने वाले किसान परेशान है। उनको मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों में घटिया किस्म की डीएपी खरीदकर बुवाई करनी पड़ रही है।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 15 नवंबर थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द गांव निवासी पवन मिश्रा पुत्र राजनारायण के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।तथा कंडोर गांव निवासी कालका पुत्र छन्नी के खिलाफ थाना कुरारा में दर्ज मुकदमे में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। उपनिरीक्षक अशर्फी लाल जायसवाल ने हमराह कांस्टेबल प्रताप कुमार के साथ गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## तहसील परिसर के अन्दर रात के अंधेरे में सरकारी दस्तावेज जलाने का वीडियो वायरल

- तहसीलदार बोले सफाई कर्मी ने जलाई पुरानी फाइलें और कचरा
- राजस्व परिषद सचिव के जनपद आगमन से पूर्व रात अभिलेख जलाना बना चर्चा का विषय

**समृद्धि न्यूज महोबा।**

मुख्यालय स्थित सदर तहसील परिसर के अंदर रात के अँधेरे में सरकारी अभिलेखों को जलाने का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि आपका अपना भरोसेमंद अख़बार समृद्धि न्यूज वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कम्प मच गया है।

फिलहाल प्रशासनिक अधिकारी सफाई देते हुए का पुराने फाइल कवर और कचरा को नष्ट करने की बात कह कर पल्ला झाड़ने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं ।

बताते चलें कि जिला मुख्यालय स्थित सदर तहसील परिसर के अंदर राजस्व परिषद के सचिव के जनपद आगमन से पूर्व रात के अँधेरे में सरकारी अभिलेख जलाने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है । बताया जाता है कि यह घटना राजस्व परिषद सचिव के दौरे से ठीक पहले सामने आई है जिससे मामले ने और अधिक तूल पकड़ लिया है वीडियो को लेकर लोगो में तरह-तरह की चर्चा हो रही है इस बीच प्रशासनिक अधिकारी अपनी सफाई देते हुए कहते हैं की वीडियो में जलाए जा रहे दस्तावेज सरकारी अभिलेख नहीं है बल्कि खराब फाइल कवर और अन्य बेकार कचरा है जिसको जलाकर नष्ट किया गया है।

### घर में सो रही युवती से पड़ोसी ने की छेड़खानी

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव में घर में सो रही युवती के साथ पड़ोसी युवक ने छेड़खानी कर दी। युवती के शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीडिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना 6 नवंबर की रात 12 बजे की है। एक गांव की निवासी युवती ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि वह 6 नवंबर की रात में अपने भाई के साथ घर में सो रही थी। तभी पड़ोसी राजनवीर पाल दीवाल फांदकर घर में घुस आया और सीने में हाथ डालकर छेड़खानी करने लगा। नींद खुलने पर शोर मचाया तो वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। रात में ही घटना से डायल 112 को अवगत कराया। पुलिस के गांव पहुंचने पर आरोपी भूमिगत हो गया। पुलिस के लौटने के बाद उसने जमकर गाली गलौज की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके पीडिता का बयान एवं मेडिकल कराया है।

## शराबी की अभद्रता से परेशान छात्राओं के सब्र का टूटा बांध

- दर्जनों छात्राओं ने पुलिस को तहरीर देकर की आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग
- यूपीएसआई परीक्षा की तैयारी में जुटी छात्राओं से अभद्रता करने का आरोप



**समृद्धि न्यूज, महोबा।**

शराबी युवक की लगातार अभद्र हरकतों से परेशान यूपीएसआई परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं के सब्र का बांध आखिरकार टूट ही गया। आक्रोशित छात्राओं ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करा कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्यालय के चरखारी बाईपास रोड के पास स्थित धार्मिक स्थान पर क्लब बनाकर यूपीएसआई परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं पर शराबी युवक द्वारा अभद्र टिप्पणियां करने का गंभीर आरोप लगा है।

शराबी युवक की आएदिन की जा रही अभद्रता से परेशान छात्राओं के सब्र का बांध आख़िरकार आज टूट ही गया। परेशान छात्राओं द्वारा आरोपी की शिकायत कई बार यूपी 112 पुलिस से की गई लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हुई जिसके बाद आज आखिरकार छात्राओं का सब्र जबाब दे गया और दर्जनों छात्राओं ने इकट्ठा होकर शहर कोतवाली पुलिस को आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। परेशान दर्जनों छात्राओं द्वारा एकत्रित होकर एक क्लब में यूपीएसआई परीक्षा की तैयारी कर रही हैं और वही पास में रखी गुमटी में बैठने वाले शराबी युवक द्वारा अभद्र टिप्पणी कर छात्राओं को परेशान किया जा रहा है।

छात्राओं ने बताया कि जहां हम लोगों का क्लब चलता है वहां पर एक युवक गुमटी रखे हुए है और शराब पीकर अभद्र टिप्पणी और गन्दी गालियां देता है जिससे हम लोगो को परेशानी होती है हम लोग चाहते है कि वहां से गुमटी अलग कर दी जाए।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 90 शिकायतें दर्ज हुई मौके पर सिर्फ पांच निस्तारण



- संपूर्ण समाधान दिवस डीएम-एसपी की अध्यक्षता में सम्पन्न

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

सदर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं इस अवसर पर कुल 90 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के दौरान जो भी असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होते हैं, अधिकारी गण उन्हे अच्छे से पढ़े और तदोपरान्त गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन विभागों की जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उन्हे स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम सदर केडी शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी ए.के. श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कुमार कमल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

### तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न



**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार को तहसील सभागार में हाल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी करनवीर सिंह ने किया समाधान दिवस पर कुल 37 फरियादियों अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई मौके पर ही 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया दिनभर चले समाधान दिवस में अधिकांश मामले जमीन से संबंधित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गुणवत्ता पूर्वक शीघ्र निस्तारण के निर्देश जारी किए।यह संसार पर तहसीलदार शिखर मिश्रा सहित तहसील क्षेत्र के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

### अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भरूआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** गत 6 नवंबर को नवीन गल्ला मंडी के समीप साधन के इंतजार में खड़ी महिला को टक्कर मारकर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने पति की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मथुरा जनपद के ऑफीसर कॉलोनी कोसीकला निवासी राकेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी मोना 34 वर्ष गत 6 नवंबर को करीब 2.30 बजे नवीन गल्ला मंडी के समीप हाईवे किनारे खड़ी होकर वाहन का इंतजार कर रही थी। तभी कस्बे की तरफ से हमीरपुर की ओर जा रहे ट्रैक्टर चालक ने हाईवे की पटरी में उतरकर पत्नी को टक्कर मार दी।

इस घटना में उसका बांया पैर कट गया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## लेखपाल संघ ने डीएम को सौंपा आठ सूत्रीय समस्याओं के निस्तारण की मांग का ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने प्रदर्शन कर 8 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपकर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील कुलपहाड़ अध्यक्ष विकास चन्द्र यादव, मंत्री बृजेन्द्र पाल के नेतृत्व में समस्त लेखपालों ने तहसील प्रांगण में प्रदर्शन कर 8 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को समाधान दिवस के मौके पर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय बैठक में निर्णय के बाद प्रारम्भिक वेतनमान उच्चीकरण, पदोन्नति के अवसरों में वृद्धि, एसीपी विसंगति, पदनाम परिवर्तन, नियत भत्ता तथा स्टेशनरी भत्ता एवं वाहन भत्ता में बढ़ोतरी, विशेष वेतन भत्ता, नेशन विसंगति और अंतर्मण्डीय स्थानांतरण आदि से सम्बन्धित ज्ञापन दिया है।

## कुंडौरा में सुबह कोचिंग के लिए निकले तीन छात्र रास्ते से लापता, हड़कंप

- शाम तक नहीं लगा छात्रों का कोई सुराग

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कोचिंग जाने की बात कहकर शनिवार को तड़के निकले कक्षा सात के तीन छात्र गांव से अचानक गायब हो गए। कोचिंग से सुबह 8:00 बजे तक घर नहीं आने पर परेशान होकर परिजन उनकी खोजबीन शुरू की। लेकिन कोई सुराग नहीं लगने पर दोपहर बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

कुंडौरा निवासी राजकुमार ने बताया कि उसका पुत्र कृष्ण उर्फ दिव्यांशु




(12), रामबली यादव का पुत्र कृष्णा यादव (12) व बलराम सिंह का पुत्र ऋषि सिंह (13) सुबह 6:00 बजे घर से गांव में ही कोचिंग पढ़ने जाने की बात कह कर निकले थे। तीनों मुख्यालय के एक इंटर कॉलेज के छात्र है। मगर यह तीनों कोचिंग नहीं पहुंचे और रास्ते से गायब हो गए। सुबह 8:00 बजे तक जब यह वापस घर नहीं आए, तब उन्होंने खोजबीन शुरू की। लेकिन तीनों का कोई सुराग नहीं लगा।

दोपहर बाद रामबली एवं राजकुमार ने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराया है। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस कुंडौरा से लेकर कस्बे के बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन मार्ग आदि के सीसीटीवी खंगाल रही है। लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। तीन छात्रों के अचानक गायब होने से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि सूचना मिली है।सीसीटीवी देखे जा रहे है।

## सड़क पर रस्सी पर चलकर स्टंट करती नाबालिग बाल कलाकार ने खींचा लोगों का ध्यान

**मौदहा हमीरपुर , समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के व्यस्त बाजार इलाके में शुक्रवार दोपहर एक नाबालिग बाल कलाकार ने सड़क किनारे बांस के सहारे बनाई गई ऊँची रस्सी पर चलकर प्रदर्शन किया। सिर पर मटका संतुलित करते हुए हाथ में लाठी लिए इस बच्ची ने साहसिक करतब दिखाए, जिसे देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

लोग देर तक रुककर उसका प्रदर्शन देखते रहे और कई ने मोबाइल पर वीडियो भी बनाया। भीड़ बढ़ने से सड़क पर कुछ देर आवाजाही धीमी हो गई। दर्शकों में कई लोगों ने बच्ची की कला की सराहना की तो कुछ ने सुरक्षा इंतजाम न होने पर चिंता भी जताई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे प्रदर्शन आकर्षक जरूर होते हैं, लेकिन बिना सुरक्षा उपायों के बच्चों का इस तरह ऊँचाई पर प्रदर्शन करना जोखिम भरा है। उन्होंने प्रशासन से इस पर ध्यान देने की मांग की है।

### एच एस कान्वेंट इन्टर कालेज में वाल दिवस मेले का हुआ आयोजन

**सदर विधायक ने फीता काट कर किया उद्घाटन**



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 15 नवंबर स्थानीय एच एस कॉन्वेंट इंटर कालेज में बाल दिवस के अवसर पर छात्रों द्वारा मेले का आयोजन किया गया। तथा विज्ञान के मॉडल व खेल संपन्न कराए गए। सदर विधायक ने मेला का उद्घाटन फीता काट कर किया एच एस कॉन्वेंट इंटर कालेज में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा स्टाल लगाए गए थे। तथा विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान के नए मॉडल सजाए। तथा विधायक डा मनोज प्रजापति ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा विद्यालय में लगाए गए स्टाल का भ्रमण किया। तथा खेल कूद भी सम्पन्न कराए गए। बच्चों ने मेले का आनंद लियातथा इस अवसर पर प्रधानाचार्य शशांक गुप्ता, जावेद खान, आदि सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

## 13 दिसम्बर को होगी लोग आदलत

- सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिकारियों के साथ ली बैठक

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद न्यायाधीश, मनोज कुमार राय के निर्देशन में आगामी लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 के सफल आयोजन हेतु बैंक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ बैठक की, बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र कुमार पाण्डेय, उपजिलाधिकारी पैगाम हैदर, उपजिलाधिकारी कड़ेदीन, लीड बैंक मैनेजर एवं, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका की ओर से उनके प्रतिनिधि जगपाल, ए0आर0टी0ओ0 सत्यम, बी0एस0एन0एल0 की ओर से लेखाधिकारी अमर मेहरोत्रा, विद्युत विभाग उपखण्ड राठ से रमेश चन्द्र, अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित हुए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वादकारियों के हित में ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु एवं प्रचार प्रसार हेतु निर्देश दिये।

### किशोरी ने की आत्महत्या करने की कोशिश

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** 16 वर्षीय किशोरी ने गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की परिजनों आनंन-फानन फंदे से उतार कर कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के छिरका निवासी आकांक्षा 16 वर्षीय पुत्र शिवकुमार शनिवार की दोपहर मानसिक अवसाद से ग्रसित होकर घर में फांसी का फंदा लगाकर झूल गई फांसी पर लटकता देख परिजनों ने फंदे से उतार कर आनंन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। किशोरी के पिता शिवकुमार ने बताया कि आकांक्षा मौदहा के स्कूल में पढ़ती है।

## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में आज ''सप्तशक्ति संगम'' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रवेश तिवारी (प्रधानाचार्या सुमन भारती सरस्वती बालिका इण्टर कालेज राठ) ने प्रस्ताविकी एवं संकल्प के बारे मे बताया कि समाज में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रभाव को मजबूत करना तथा छात्र-शिक्षक- अभिभावक-समाज सहित सातो शक्तियो के सामूहिक विकास एवं समन्वय को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का शुभारम्भ संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया के नेतृत्व में दीप प्रज्ज्वलन एवं संस्कृत वन्दना गीत एवं अतिथि सम्मान के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षा डा0 रमिता (प्राचार्या महाविद्यालय बांदा) ने अपने उद्बोधन मे कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित शिक्षा के महत्व तथा विद्यार्थियो में चरित्र, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात उन्होने महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण मे महिलाओ की महत्वपूर्ण भूमिका पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये। शिशु वाटिका की आचार्या श्रीमती नम्रता ने भारत के विकास मे महिलाओ की भूमिका के बारे मे प्रभावशाली व्याखान दिया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 मातायें बहनें ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को समृद्ध किया। इस अवसर पर श्रीमती गीता ओमर( समाजसेवी भा.ज.पा. हमीरपुर) एवं कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती अनीता सिंह ने कुटुम्ब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर अत्यन्त प्रेरक एवं भावनात्मक सम्बोधन दिया।

उन्होंने बताया कि सशक्त परिवार ही सशक्त समाज का आधार है। तथा पर्यावरण संरक्षण आज प्रत्येक नागरिक का सर्वोपरि दायित्व है। विद्यालय की आचार्या श्रीमती ज्योति गुप्ता ने प्रेरणादायी महिलाओ के सन्देश विषय पर विचार रखकर कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बनाया। अन्त मे विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने सभी अतिथियो को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को अधिक जागरुक शिक्षित तथा संगठित बनाने की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार के लिये प्रेरणादायी उपयोगी एवं अत्यन्त सफल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन बहिन अदिति एवं आकांक्षा ने किया तथा आभार प्रदर्शन शशि गंगोला ने किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।


### कार्यालय ग्रा0पं0 हुसैनपुर नौखण्डा वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 दिनांक 15/11/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर नौखण्डा विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 16/11/2025 से 22/11/2025 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/11/2025 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 16/11/2025 से 22/11/2025 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामकिशन के घर से तिराहा तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.84 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | गुड्डू के घर से रामू के घर तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.99 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | नरेश के घर से लिंक रोड तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.94 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-सीमा कुशवाहा** **ग्रा0पं0 हुसैनपुर नौखण्डा वि0ख0 कमालगंज** **सचिव- बरखा राजपूत**

# समाधान दिवस में छह शिकायतों का हुआ निस्तारण

## राजस्व की 15, पुलिस की 22, बिजली सिंचाई व अन्य विभागों के आए शिकायती पत्र



**महराजगंज रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार महराजगंज में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के द्वारा किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल 55 शिकायती पत्र आए जिनमे से 6 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया राजस्व विभाग के 15 पुलिस के 22 विकास के पांच अन्य 13। गंगाराम पुत्र हीरालाल निवासी चन्दापुर वर्तमान पता ग्राम बन्दीपुर पोस्ट सन्दी नागिन ने शिकायती पत्र में बताया कि भूमि गाटा संख्या 50 रकबा 0.109 हेक्टर भूमि ग्राम चन्दापुर परगना सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेली मे स्थित है। जिस पर प्रतिपक्षीगण दीपक पुत्र राम सुमेर लव कुश पुत्र राधेश्याम बहादुर पुत्र राधेश्याम संजय पुत्र राधेश्याम निवासी पुरानी बाजार मंज़रे चन्दापुर तहसील महाराजगंज के द्वारा जबरजस्ती कब्जा किया जा रहा है मुन्नी पुत्री राम आसरे निवासिनी बबुरिहा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला बछरावां रोड महराजगंज अंकित पुत्र अज्ञात आशीष पुत्र अज्ञात ज्ञानवती पुत्री हनोमान निवासीगण उपरोक्त दिनांक 1/7/25 को एकराय होकर प्रार्थिनी पर लाठी डंडों व लात घूसों से प्रार्थनी को निर्वस्त्र करके मारा पीटा तथा कहा कि हम तुम्हें जान से मार देंगे प्रार्थिनी थाने पर गई तो महराजगंज कोतवाल ने तुरंत मेडिकल करवाया किंतु आज तक जांच के नाम पर प्रार्थिनी की रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई उल्टा प्रार्थिनी को ही जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। कहते हैं कि हम तुम्हारे परिजनों के ऊपर भी मुकदमा लिख देंगे प्रार्थिनी के साथ जिस जगह घटना हुई है उस जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। धनंजय वर्मा निवासी प्रकाश नगर महराजगंज चयनित सभासद है ने शिकायती पत्र मे बताया पूर्ति निरीक्षक महराजगंज द्वारा अभद्र व्यवहार एवं पैसे लेकर राशन कार्ड जारी कराए जा रहा है। इस मौके पर सीएमओ नवीन चंद्रा एसडीएम गौतम सिंह तहसीलदार मंजुला मिश्रा क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार बीडीओ महराजगंज वर्षा सिंह बीडीओ बछरावां शिवबहादुर सिंह खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक गणनायक पांडे सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# 8 सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपालों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- निस्तारण न होने पर तहसील के समस्त लेखपाल आंदोलन को होंगे बाध्य

**महराजगंज रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**



महराजगंज तहसील में जिला अधिकारी को उप शाखा तहसील महराजगंज रायबरेली उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी हर्षिता माथुर को सौंपा। तहसील परिसर में ही लेखपाल कुछ देर तक धरने पर भी बैठे रहे और तहसील सभागार मे जिला अधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जा रही थी जिसमें पहुंचकर लेखपालों ने ज्ञापन जिला अधिकारी हार्षिता माथुर को सौंपा लेखपालों ने बताया कि समस्याओं के संबंध में उक्त ज्ञापन का निस्तारण न होने की दशा में प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर तहसील के समस्त लेखपाल आंदोलन के अगले चरण को बाध्य होंगे। इस मौके पर लेखपाल शिवराज सिंह जिलाध्यक्ष अभिषेक पटेल तहसील अध्यक्ष अवनीश प्रताप सिंह , तहसील मंत्री राजीव मिश्रा अन्य सदस्य अमित कुमार , सुसील शर्मा , अमित शुक्ला प्रमोद कुमार , कमलेश मौर्य , संदीप यादव अनिल चौधरी, शिवप्रकाश मौर्य, संदीप सिंह, पीयूष शुक्ला, अल्ताभ सर, नीतू सिंह, महसर, शांतनु , स्वाति, डेजी वर्मा , नेहा , अमरजीत विवेक आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग से बलात्कार के अभियुक्त को सजा, 27 हजार जुर्माना

**बाराबंकी।** नाबालिग से बलात्कार के अभियुक्त को न्यायालय द्वारा बीस वर्ष की कठोर सजा व 27 हजार का जुर्माने की सजा सुनाई है। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना टिकैतनगर पर नाबालिग से बलात्कार की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु.अ.सं. 346/2021 धारा 363/366/376 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त गुलजार पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम सिकरी मजरे जीवल थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट न-45 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व 27,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अभियुक्त को धारा 3(2) एस.सी./ एस.टी एक्ट में दोषमुक्त किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

# एडवोकेट सौरभ सिंह के विधिक परामर्श केंद्र का एसडीएम ने किया उद्घाटन



**लालगंज रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

वकालत एक जन सेवा का कार्य है। देश की आजादी में भी लगभग सभी महान क्रांतिकारी वकालत से जुड़े थे। सभी ने देश सेवा की। उक्त विचार एसडीएम लालगंज ने युवा अधिवक्ता सौरभ सिंह के आवास पर उनके स्थानीय कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर वक्त किए। बताते चलें कि नगर आचार्य नगर निवासी युवा अधिवक्ता सौरभ सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय से एल एल बी पूरी की और वर्तमान में लखनऊ हाई कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे है। क्षेत्रीय लोगों की इच्छा थी कि हमारे क्षेत्र की युवा प्रतिभा का क्षेत्रीय जुड़ाव बना रहे। इसीलिए लोगों ने एडवोकेट सिंह को स्थानीय कार्यालय की सलाह दी थी। लोगों की सलाह मानकर श्री सिंह ने कार्यालय का शुभारम्भ किया जिससे क्षेत्रीय लोगों को कानूनी सलाह लेने में सुविधा रहेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ विनय भदौरिया,उमेश बहादुर सिंह,भैरव सिंह प्रधान बेहटा,शिवम सिंह,राहुल भदौरिया,विशाल मणि त्रिपाठी, दिलीप कुमार साहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आये हुए लोगों का आभार प्रदर्शन युवा अधिवक्ता सौरभ सिंह ने किया।

# निकाय अध्यक्षों ने बैठककर की मुद्दों पर चर्चा

## बैठक में सभी निकाय अध्यक्षों एवं उनके जन प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा



**डलमऊ रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली जनपद के नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्षों ने शनिवार को समीक्षा बैठक आहूत की जिसमें विकास कार्यों में आ रही समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई जिला निकाय अध्यक्ष संगठन ब्रिजेश दत्त गौड़ एवं नगर पंचायत ऊंचाहार की अध्यक्ष ममता जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में जनपद के सभी निकाय अध्यक्षों एवं उनके जन प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी नगर अध्यक्षों के साथ मिलकर नगर का विकास कराया जाएगा। इसमें यदि किसी अध्यक्ष को समस्या आ रही है तो संगठन उसके साथ हमेशा खड़ा रहेगा और पूरा सहयोग करेगा इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रायबरेली शत्रुघ्न सोनकर नगर पंचायत अध्यक्ष परसदेपुर विनोद कौशल नगर पंचायत महाराजगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू नगर पंचायत नसीराबाद अध्यक्ष मोहम्मद अली एवं नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### नवविवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना सुबेहा अंतर्गत गोसियामऊ गांव निवासी नवविवाहिता ने ससुरालयों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। गांव निवासी ज्योति पुत्री हरिकेश कनौजिया ने बताया कि उसका विवाह बीती 10 मई को लखनऊ जनपद के थाना गोसाईगंज अंतर्गत मध्य बाजार गोसाईगंज निवासी अमन कनौजिया पुत्र सियाराम के साथ हुआ था। विवाह के समय पिता द्वारा गृहस्थी के समान के साथ-साथ सोने चांदी के जेवर के अलावा एक लाख रुपए की नगदी एवं मोटरसाइकिल के लिए साठ हजार रुपए दिए गए थे, विवाह के बाद से ही पति ससुर सास नन्द व देवर द्वारा दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर मारा पीटा जाता था बीती 20 जुलाई को ससुराल वालों ने रात्रि 11:00 बजे मारने पीटने के बाद घर से निकाल दिया। जिसके बाद वह पिता के साथ मायके चली आई हैं। और तब से यही रह रही है। पीड़िता ने दहेज लोभी ससुरालयों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की गुहार लगाई हैं।

### सीओ ऑफिस से स्टांप दुकानदारों के बीच आधे सड़क मार्ग में खड़े वाहनों को हटाने में प्रशासन नाकाम



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पूरे प्रदेश में भले ही यातायात माह के दौरान जनजागरण अभियान चलाया जा रहा हो, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही हो परंतु हैदरगढ़ मुख्य चौराहे के निकट स्थित सीओ ऑफिस से स्टांप बेचने वालों की दुकानों के बीच दो पहिया चार पहिया वाहन, ऑटो रिक्शा को हटाने में पुलिस प्रशासन नाकाम दिखाई पड़ रहा है। बेतरतीब ढंग से आधी सड़क पर खड़े इन वाहनों के चलते कितने लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं और इन वाहनों की वजह से चौराहे पर जाम की स्थिति भी बन जाती है। ऐसा लगता है कि प्रशासन इस अतिक्रमण को हटाने में आवश्यक कार्यवाही नहीं कर रहा है प्रशासन के अधिकारी आते जाते देखते हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। अतिक्रमण के चलते मुख्य सड़क मार्ग पर हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय हैं गत 1 नवंबर को अधिवक्ता विभोर गुप्ता व शोमिल शुक्ला व अन्य वकीलों ने भी एसपी विजय वर्गीय से अतिक्रमण की शिकायत की थीं। जिस पर एसपी ने कोतवाल अभिमन्यु मल्ल से वाहनों को उचित स्थान पर खड़े कराने के निर्देश दिए थे, परन्तु एक पखवाड़े बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# उच्चाधिकारी के समक्ष महिला ने दबंगो पर लगाये आरोप



- पहले भी दबंगों ने कई लोगो को किया है परेशान

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पीड़ित महिला और उसके पति ने तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस मे प्रार्थना पत्र देकर दबंगो पर गंभीर आरोप लगाया है।यह मामला थाना रामनगर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बड़नपुर का है।वहा के दलित दंपति पूजा पत्नी राज कुमार निवासी गजा पुरवा मजरे बड़नपुर ने शनिवार को हुए समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात लगभग नौ बजे वह खाना बना रही थी। तभी गांव के ही कन्हैयालाल पुत्र शिवपाल व उत्तम वर्मा पुत्र रामपाल आये और मुझे भद्दी-भद्दी गाली देने लगे। उनका जब हमने विरोध किया तो मेरे पति सहित मुझे भी मार-मार कर लहुलुहान कर दिया तथा मुझसे छेड़खानी करने लगे। काफी शोर शराबा होने के बाद जब वहां पर लोगो की भीड़ इकट्ठा होने लगी तब दबंगों ने जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग खड़े हुए।जानकारो के मुताविक यह कोई पहला वाक्या नही है। पहले भी इन दबंगों द्वारा कई लोगो को परेशान किया गया लेकिन ऊंची पहुँच और पैसे के बल पर आज तक इन पर कोई कार्यवाही नही हुई। पिछले कई मामलो में इनके द्वारा किये गए कृत्यों की शिकायत थाने तक गई लेकिन आपसी साथ-गांठ के चलते सिर्फ 151 का ब्रह्मास्त्र चलाकर पुलिस ने मामले को रफा दफा कर दिया। दबंग माफियाओ के ऊपर प्रशासन का हंटर चलता है अथवा देखना है कि आपसी सांठ-गांठ कर मामले को समझौते की दहलीज खडा कर दिया जायेगा।

### लंबित मांगो को लेकर लेखपालों ने काम बन्दकर किया प्रदर्शन

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** तहसील समाधान दिवस के दौरान शनिवार को लेखपाल संघ ने अपनी लंबित मांगों को उठाते हुए तहसील परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। संघ के पदाधिकारियों ने सेवा शर्तों के नियमितीकरण, पदोन्नति, सुरक्षा तथा बढ़ते कार्यभार के अनुरूप संसाधन उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख मांगों से जुड़े बिंदुओं को प्रशासन के समक्ष रखा। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम अनुराग सिंह को संबोधित मांग पत्र सौंपते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान की अपेक्षा जताई। इस चयन के बाद पदाधिकारियों ने उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा, मंत्री सेतुबंधु पांडे, उपाध्यक्ष अंबुज मिश्रा, अजय दीप सिंह सहित धनंजय पांडे, चंद्रभान तिवारी, पवन मौर्य, सचिन, कौशलेंद्र, जितेंद्र, अमित कुमार, तनु वर्मा, गायत्री व अन्य सदस्य मौजूद रहे। लेखपालों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं के समाधान में देरी हुई तो आंदोलन को आगे बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

# न्याय पंचायत अंसारी की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न




**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में विकास खंड हैदरगढ़ के न्याय पंचायत अंसारी के उच्च प्राथमिक विद्यालय कनवा में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमे न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विविध खेलों में भाग लिया। खेल अनुदेशक ब्रजेश कुमार, रवि तिवारी, सावना मिश्रा व मल्लिका यादव की उपस्थिति में प्रभारी राजेंद्र किशोर पांडेय के निर्देशन में खेल प्रतियोगिता का सफल संचालन किया गया।

पूर्व माध्यमिक बालक वर्ग कबड्डी में हैदरगढ़ विजेता व कनवा उपविजेता रहा व बालिका वर्ग कबड्डी में अंसारी विजेता व कल्याणपुर उपविजेता रहा। पूर्व माध्यमिक बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में कल्याणपुर विजेता व हैदरगढ़ उपविजेता रहा। पूर्व माध्यमिक बालक वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में हैदरगढ़ विजेता व कल्याणपुर उपविजेता रहा। पूर्व माध्यमिक बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में हैदरगढ़ के देवा प्रथम, कल्याणपुर के हिमांशु व 200 मीटर दौड़ में कल्याणपुर के अर्जुन व हिमांशु क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। पूर्व माध्यमिक बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में कनवा की रोहिणी, अंसारी की रीता क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रही व 200 मीटर में कनवा की रोहिणी, कल्याणपुर की प्रियांशी क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रही। पी.टी. में पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक मिश्रा, विवेक गुप्ता, रुद्रकांत बाजपेयी, योगेन्द्र मिश्रा, रजनीश शुक्ला, सतरूपा देवी, निरुपमा त्रिवेदी, ममता, सुमन श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार सहित कई अन्य विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### युवक का घर के अंदर बेड पर अधजला शव बरामद

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के शरीफाबाद गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का अधजला शव कमरे के अंदर बेड पर पड़ा मिला। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शरीफाबाद गांव निवासी जय नारायण त्रिवेदी का 32 वर्षीय पुत्र सूरज त्रिवेदी का शव शनिवार की दोपहर कमरे में अधजला पाया गया। परिजनों के मुताबिक घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था छोटे भाई राजन ने बताया कि तीन दिन से बाराबंकी में थे बड़े भाई चंदन खेत की रखवाली कर रहे थे। पत्नी गुरूवार के दिन मायके चली गई थी। पिता तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। बताया जाता है कि देर रात वह कही से आकर अपने कमरे में लेट गया। शनिवार दोपहर तक वह कमरे से बाहर नही निकला। जिसके बाद स्वजनों ने देखा तो उसका अधजला शव कमरे के अंदर बिस्तर पर पडा मिला।
आग लगने का कारण बिजली शार्ट सर्किट भी बताया जा रहा है। बेड के पास लगा बिजली का उपकरण व घर में लगे बोर्ड वायरिंग जल गया।

# धूमधाम से मना अग्रवाल पब्लिक इण्टर कालेज में बाल दिवस

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




अग्रवाल पब्लिक इण्टर कालेज, में बाल दिवस बड़ी धूम-धाम में साथ समारोह पूर्वक मनाया गया।बाल दिवस से संबंधित कार्यक्रमों का शुभारंभ एक दिन पूर्व से हुआ ।कक्षा प्लेग्रुप से कक्षा12 तक के विभिन्न कार्यक्रम पहले अपनी अपनी कक्षाओं में संपन्न हुए फिर कक्षा एवं वर्गवार चयनित स्पर्धी प्रतियोगियों के मध्य फाइनल रूप में संपन्न हुए।जिनमें कक्षा के.जी. में बुक बैलेंस, कक्षा01 में चिकेन रेस, कक्षा02 में कैटरपिलर रेस, कक्षा03 में कोनबैलेंस ,कक्षा04 में स्टिक बैलेंसिंग, कक्षा05 में बैलून बैलेंसिंग , कक्षा06 में वनलेग रेस , कक्षा07 एवं 08 मे बालकों में कबड्डी तथा बालिकाओं में खो-खो तथा स्क्रैबल गेम्स के आयोजन हुए। इसी प्रकार कक्षा09 से कक्षा12 तक के छात्र /छात्राओं में अलग-अलग उनकी रुचि के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक सम्मिलित होकर खूब आनंद उठाया।

# सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लहरपुर विधानसभा में एकता पदयात्रा का हुआ भव्य आयोजन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती देश के कोने-कोने में मनाई जा रही है इसी क्रम में लहरपुर विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसके विशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह व विशिष्ट अतिथि भाजपा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्र व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा उपस्थित रहे।

यात्रा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। सभा को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री राजा मंयकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की आत्मा हैं और उनके प्रयासों से 500 से अधिक रियासतों का भारत में विलय हुआ है जो कि भारत के लिए अभूतपूर्व था और इसके दूरगामी परिणामों के स्वरूप आज हम अखंड है। सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने बताया कि अखंड भारत भारत की एकता का सूत्र आधार है। और इस सूत्र में हम सभी देशवासी एक होकर सरदार पटेल का नमन कर रहे हैं और उनके बताएं मार्ग पर देश को विश्व गुरु बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि मै हसीना बानो पत्नी स्व मोहम्मद हारून निवासी मोहल्ला छेदा कटरा कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी, अपने पुत्र गुल मोहम्मद के असामाजिक कृत्यो से परेशान होकर मैं अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरी चल अचल सम्पत्ति में मेरे पुत्र गुल मोहम्मद का कोई अधिकार व सरोकार नही होगा। गुल मोहम्मद के किसी भी किये गये कार्यो से प्रार्थी व उसके परिवार और भाईयो का कोई सरोकार व लेना देना नही है। वह अपने कृत्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचनाकर्ता**
**हसीना बानो, पत्नी स्व. मोहम्मद हारून निवासी-मोहल्ला छेदा कटरा कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।**

# सभी तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुसाफिरखाना में कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 5 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तिलोई में 33 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 3 का निस्तारण किया गया, गौरीगंज में 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 7 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 2 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

### केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में टैलेंट हंट प्रतियोगिता आयोजित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार 15 नवंबर को केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंहल की अध्यक्षता मे टैलेंट हन्ट के प्रतिभागियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य उन प्रतिभाओं की खोज करना है जो डिबेट मे मीडिया में पार्टी का पक्ष विधिवत रख सकें। इस कार्यक्रम के प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह को बनाया गया और टैलेंट हन्ट के क्यूआर कोड को विधिवत प्रयोग करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अरविंद चतुर्वेदी और जिला प्रवक्ता अनिल कुमार सिंह द्वारा वृहद रुप दिया गया। बैठक में पूरी लोकसभा से लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# सऊदी अरब कमाने गए युवक की संदिग्ध मौत, कोहराम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र जायस निवासी की रोज़ी-रोटी की तलाश में परदेस गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जायस कस्बे के घोसियाना निवासी इसरार अहमद पुत्र बकरीदी सऊदी अरब के अलहासा स्थित अल सैफ कंपनी में काम करते थे। मिली जानकारी के अनुसार, इसरार अहमद करीब पांच माह पहले अपने परिवार के बेहतर भविष्य की उम्मीद में सऊदी अरब गए थे, जहां वे कंपनी में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे। अचानक परिजनों को उनकी मौत की सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, इसरार की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। परिवार के लोग गहरे सदमे में हैं। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है और वह बार-बार बेहोश हो जा रही है। परिजनों ने मुख्यमंत्री, अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा तथा जिलाधिकारी अमेठी से अपील की है कि मृतक का शव भारत लाया जाए ताकि परिजन अंतिम दर्शन कर सकें। साथ ही, उन्होंने सरकार से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मामले में त्वरित कार्रवाई और विदेश मंत्रालय के माध्यम से शव को जल्द भारत लाने की गुहार लगाई है।


## ग्राम पंचायत अकबरपुर शदिया वि.ख. अहिरोरी, हरदोई

पत्रांक 002/ अक.स./2025-26 — दिनांक- 11.11.2025

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत अकबरपुर शदिया वि.ख.अहिरोरी में रजिस्टर्ड फर्मों/निर्माता/सप्लायर्स से ईंट, मौरंग,बालू,सीमेन्ट, लोहे की चादरें,लोहे के चैनल तथा इंटरलॉकिंग ईंट के साथ इसमें लगने वाले अन्य अवयवों के आपूर्तिकर्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 15.11.2025 से दिनांक 19.11.2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। उक्त निविदा दिनांक 20.11.2025 को पंचायत घर अकबरपुर शदिया में सायंकाल 3:00 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | वित्त |
|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी में इंटरलॉकिंग का निर्माण | 3,12,583.00 | मद राज्य वित्त व पन्द्रहवां वित्त |
| 2. | चबूतरा निर्माण (निकट होम्योपैथिक अस्पताल) | 1,18,271.00 | मद तदैव |
| 3. | अवधेश सिंह का कैटल शेड निर्माण ग्राम अकबरपुर | 1,59,562.00 | मद मनरेगा |

**अंकुर शुक्ल**
**ग्राम प्रधान**
**अकबरपुर शदिया,अहिरोरी, हरदोई**

**रीतू कुशवाहा**
**ग्रा.वि.अधिकारी**
**अकबरपुर शदिया, अहिरोरी, हरदोई**

# महाविद्यालयों में दी गई बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा जी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य उनके साथ-साथ अन्य जननायकों के योगदान को सम्मान देना है। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शोषण के खिलाफ सशक्त जनजातीय आंदोलन का नेतृत्व किया और आदिवासी समुदाय को एकजुट किया। इस अवसर पर डॉ. नागेंद्र सिंह ने बिरसा मुंडा के बिरसाइट आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आंदोलन जनजातीय पहचान को पुनर्जीवित करने और सामाजिक सुधार लाने का ऐतिहासिक प्रयास था। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के विचार और त्याग आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने उनके विचारों पर चलने और जनजातीय समाज के सम्मान व उत्थान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

### बिरसा मुंडा जयंती पर विविध कार्यक्रम संपन्न

कन्नौज। राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में प्राचार्य रीतू सिंह के नेतृत्व में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं 5वें जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयंती के अवसर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राचार्य ने बिरसा मुंडा के संघर्ष, जनसेवा और जनजातीय समाज के उत्थान में उनके अप्रतिम योगदान को याद करते हुए कहा कि इस जयंती का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका को व्यापक सम्मान दिलाना है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नेहा मिश्रा ने पखवाड़ेभर चली गतिविधियों की आख्या प्रस्तुत की।

# कैरियर गाइडेंस मेला में छात्रों को मिली भविष्य की दिशा

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



छिबरामऊ, कन्नौज। राजकीय हाईस्कूल भोजपुर निगोह में आयोजित विद्यालय स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेले में छात्र छात्राओं को विभिन्न करियर संभावनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम ने युवाओं को उनके भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम किशोर त्रिपाठी (प्रधानाचार्य, श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज, विशुनगढ़) व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन से किया। अतिथियों व अभिभावकों ने नवनिर्मित करियर हब कक्ष का अवलोकन किया। नोडल शिक्षिका श्रीमती अनुपमा भदौरिया ने छात्रों को इंजीनियरिंग, मेडिसिन, बैंकिंग, कृषि व अन्य क्षेत्रों के अवसरों के बारे में समझाया। उन्होंने करियर कार्ड व विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। अतिथियों ने छात्रों को करियर चयन के व्यावहारिक सुझाव दिए तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी विशुनगढ़ भागमल सिंह, पशु चिकित्सक डॉक्टर वैभव पांडेय, एचडीएफसी बैंक के मैनेजर राहुल यादव, आइसीआइसीआइ बैंक के डिप्टी मैनेजर ,विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य शीलेंद्र सिंह व स्वास्थ्य विभाग की ओर से पीएचसी मिघौली की पूरी टीम उपस्थित रही।

विद्यालय की कैरियर गाइडेंस प्रोगाम की नोडल श्रीमती अनुपमा भदोरिया व श्रीमती कीर्ति वाजपेई के संचालन में हुए कार्यक्रम में निवेदिता त्रिपाठी, पूनम सिंह, प्रसून यादव, नितिन आदि उपस्थित रहे।

### मूलनिवास प्रमाण पत्रों के रिजेक्शन पर रोष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव राशिद फारूकी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तहसील दिवस में एसडीएम से मूल निवास प्रमाणपत्रों को रिजेक्ट करने वाले लेखपाल की शिकायत की।
प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 11 नवंबर से पहले आधार कार्ड के आधार पर सभी मूलनिवास प्रमाण पत्र आसानी से बन रहे थे, लेकिन इसके बाद लगभग 500 आवेदनों सहित मूलनिवास, जन्म और जाति प्रमाण पत्रों के फॉर्म क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा रिजेक्ट कर दिए गए और रिजेक्शन का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। एसडीएम ने कहा आवेदन के साथ सभासद का पत्र या परिवार के किसी सदस्य के मूलनिवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी संलग्न करने पर सभी प्रमाण पत्र बना दिए जाएंगे। इस दौरान समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता और आजम इदरीशी भी मौजूद रहे।

# बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में बाल मेला आयोजित

### केक काटकर मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिन

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



लघु उद्योग देश की आर्थिक विकास का आधार होते हैं। बाल मेले के आयोजन से बच्चों में लघु उद्योग के प्रति रूचि व व्यापारिक ज्ञान में वृद्धि होती है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके विकास एवं शिक्षा के महत्व को उजागर करना है।

शुक्रवार को यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने माँ सरस्वती एवं नेहरू जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए पुष्प अर्पण के साथ किया। इसके पश्चात् बच्चों के साथ प्रधानाचार्य ने केक काटकर चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया। विद्यालय प्रांगण में बच्चों के लिए बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा रंग बिरंगे आकर्षक स्टॉल लगाकर विभिन्न वस्तुओं जैसे - पानीपूरी, भेलपुरी, फिंगर, स्नैक्स, कोल्ड ड्रिंक स्ऑल, टी स्ऑल, मिठाई, सहित कई अन्य प्रकार की वस्तुओं के स्टॉल लगाकर आकर्षण का केन्द्र रहे। इससे पहले प्रधानाचार्य से फीता काटकर बाल मेले का उद्घाटन किया। बाल मेले के दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने झूले का जमकर आनंद उठाया। इस मौके पर फूल मोहम्मद, विकास कुमार, सरनाम सिंह, ओमेन्द्र सिंह, मनीष कुमार शर्मा, वीरेन्द्र सिंह, एजाज सिद्दीकी, संजीव कुमार, दुर्गेश दुबे, संदीप कुमार, अमन यादव, रंजीत कुमार, अमन बाथम, धीरेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, श्रीमती अल्का दुबे, रागिनी, संजू यादव, मुस्कान इदरीसी, प्रेमा राजपूत, दीपिका तिवारी, सीमा राजपूत, स्वाती अवस्थी, छाया भारद्वाज, ईशा नाज, फराह खान, सौम्या यादव, श्रुति यादव, जूली सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए 20 से आवेदन शुरू

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि जनपद में निवासरत पिछड़ी जाति के ऐसे बेरोजगार युवक- युवतियों के लिए ओ' लेवल (एक वर्षीय) तथा सीसीसी (तीन माह) का निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुल्क पूरी तरह निःशुल्क होगा, केवल परीक्षा शुल्क अभ्यर्थी को स्वयं जमा करना होगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 20 नवम्बर 2025 से 01 दिसंबर 2025 तक विभागीय वेबसाइट पर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी पिछड़ी जाति का हो तथा मान्य जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य, वार्षिक पारिवारिक आय 1,00,000 से अधिक न हो और आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, अभ्यर्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। गरीबी रेखा से नीचे जीवन- यापन करने वाले पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद अभ्यर्थी को आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर समस्त संलग्नकों सहित 01 दिसंबर 2025 तक कमरा नं. एस-1, विकास भवन, कन्नौज (पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग) में जमा करना अनिवार्य है। नियत तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# धूमधाम से हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी ब्रह्मलीन महेश चंद तिवारी की नवमी पुण्यतिथि पर उनकी पुण्य स्मृति में सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम पृथ्वीपुर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस का आयोजन भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें परिवार व भक्तों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आचार्य पंकज पांडेय के मार्गदर्शन में परीक्षित का दायित्व निभा रहे श्रीचंद्र (ललुआ) तिवारी, सपना तिवारी, विश्वनाथ तिवारी एवं प्रीतिका तिवारी ने नवग्रह पूजन, कलश पूजन का विधि-विधान से अनुष्ठान किया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण, ब्राह्मलीन आशु कवि भगवत दयाल तिवारी, राजरानी तिवारी, पिता महेश चंद्र तिवारी एवं चाचा दिनेश चंद्र तिवारी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस आयोजन ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर भावुकता का वातावरण बनाया। तत्पश्चात श्रीमद् भागवत पोथी का मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न हुआ। आचार्य हरिशंकर शुक्ल साहित्याचार्य ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कथा न केवल धार्मिक महत्व की है, अपितु संकटकाल में विश्वास एवं दैवीय शक्ति की प्रेरणा भी प्रदान करती है। उन्होंने परीक्षित जन्म कथा का वर्णन करते हुए कहा महाभारत युद्ध के दौरान अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से उत्तरा के गर्भ पर संकट आया। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से शिशु की रक्षा की। जन्म के समय निर्बल शिशु धीरे-धीरे स्वस्थ हुआ, जिससे नाम परीक्षित पड़ा अर्थात परीक्षा से गुजरा हुआ। आगे परीक्षित कुरु वंश के धर्मनिष्ठ राजा बने। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक होगी। इसका समापन 21 नवंबर को और हवन, यज्ञ, प्रसाद व भंडारा 22 नवंबर को होगा। कथा में सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम के बाबा अजय, श्रीमती पुष्पा तिवारी, श्रीमती मुनेश तिवारी, श्रीया व आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने किया कार्य बहिष्कार

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्युज।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर उपशाखा गोला के लेखपालों ने शनिवार को तहसील परिसर में कार्य बहिष्कार करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व तहसील अध्यक्ष अजय गुप्ता और महामंत्री जयप्रकाश वर्मा ने किया। धरना स्थल पर संघ के पदाधिकारियों ने अपनी लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में लेखपालों ने वेतन ग्रेड-पे 2800 करने, पदोन्नति प्रक्रिया को 10:1 के स्थान पर 5:1 अनुपात में लागू करने, एसीपी योजना की विसंगतियों को दूर करने समेत कई प्रमुख मांगें रखीं। इसके अलावा नियत यात्रा एवं स्टेशनरी भत्तों में वृद्धि करते हुए 2500 रुपये विशेष वेतन भत्ता देने, बढ़ते भूमि विवादों के मद्देनजर लेखपालों की संख्या बढ़ाने तथा राजस्व पुलिस चौकी एवं राजस्व सहायक के पद सृजित करने की भी मांग की गई।

# चोरी की छह बाइक संग आठ गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की छह बाइकों के साथ आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने दबिश देकर अलीगंज निवासी मोहित राठौर, भीरा थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी नितेश सिंह उर्फ टिल्लू, युवराज, संदीप कुमार, हरिश चंद्र, प्रतीक, अनुराग उर्फ कालू तथा थाना फूलबेहड़ के गिरधरपुर निवासी आकाश को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से बिना नंबर प्लेट की छह मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। जांच में कुछ अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिनमें नितेश उर्फ टिल्लू, युवराज, संदीप कुमार और प्रतीक पर पूर्व में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान कर दिया है।

# तीन छात्राओं की ट्रक से कुचलकर मौत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी , समृद्धि न्यूज।**



गोला तहसील क्षेत्र अंतर्गत थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। सीजीएन कॉलेज, लखीमपुर रोड, गोला से छुट्टी के बाद घर की ओर लौट रहीं तीन छात्राएं–साहिबा पुत्री अयूब, खदीजा पुत्री यूनिस और दीक्षा पुत्री सफीउल्लाह, तीनों निवासी ग्राम बिलहरी, थाना नीमगांव–एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गईं। हादसा इतना भीषण था कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। एंबुलेंस से सीएचसी गोला ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तीनों छात्राएं कॉलेज से छुट्टी के बाद अहमदनगर स्थित अपने रिश्तेदारों के यहां जा रही थीं। जैसे ही वे क्लेश हरण मंदिर के पास पहुँचीं, उसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर उनकी तरफ आ गया और तीनों को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतनी तेजी से हुआ कि लोग संभल भी नहीं पाए और बच्चियां सड़क पर बुरी हालत में गिर पड़ीं। हादसे की सूचना पर ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर तीनों को सीएचसी गोला भेजा, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**एसओ हैदराबाद का बयान**

थाना हैदराबाद के एसओ सुनील मलिक ने बताया कि अहमदनगर में क्लेश हरण मंदिर के पास तीन छात्राएं ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां तीनों की मृत्यु हो गई। परिवारों को सूचना दे दी गई है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### स्टेशनरी पाकर बच्चे खुशी से फूले नहीं समाए



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम लक्षीराम नगला स्थित प्राथमिक विद्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की। पेंसिल, रबर, कटर व कॉपी पाकर बच्चे खुशी से फूले नहीं समाए।

स्टेशनरी वितरण के बाद प्रिया शाक्य ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उन्होंने कहा बच्चों, आप ही राष्ट्र के निर्माण के आधार हैं। नेहरू जी ने कहा था कि बच्चों के हाथों में देश का भविष्य है। शिक्षा ग्रहण कर आप न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज को मजबूत बनाएंगे। कठिनाइयों से घबराएं नहीं, मेहनत से हर सपना साकार होता है। हमारी सरकार आपके उज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। पढ़ाई पर ध्यान दें, क्योंकि यही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। उनका संदेश सुनकर बच्चे उत्साहित हो उठे। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका कुलसुम सिद्दीकी, शिक्षामित्र मोहिनी देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री गीता गुप्ता व सहायिका मीरा देवी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में मात्र 5 का निस्तारण



**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनसुनवाई में कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से राजस्व विभाग की 4 तथा पूर्ति विभाग की 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के आदेश दिए। दिवस में विभिन्न विभागों से कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग की 42, पुलिस विभाग की 11, विकास विभाग की 8, नगर पालिका की 3, विद्युत विभाग की 4, वन विभाग की 1, नलकूप विभाग की 1, खाद्य एवं रसद विभाग की 2, लोक निर्माण विभाग की 1, गन्ना विभाग की 2 तथा समाज कल्याण विभाग की 1 शिकायत शामिल रही।

गोला में सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने की। जनसमस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में आए आवेदन पत्रों पर विभागवार सुनवाई की गई। जिसमें राजस्व एवं आपदा विभाग 22 , पुलिस विभाग 03 , संयुक्त जांच 03 , विद्युत विभाग 02 , खाद्य एवं रसद विभाग 01, कुल 31 शिकायतों में से 3 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि 28 प्रार्थना पत्रों पर संबंधित विभागों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि जन समस्याओं का समाधान समय सीमा में किया जाए और निगरानी में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

# एसआरजीएमए के खिलाड़ियों का खेल महोत्सव में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी के छात्र-छात्राओं ने गोला खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। शुक्रवार को विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साह बढ़ाया गया। अकादमी की छात्रा आराध्या सिंह ने बालिका वर्ग अंडर-14 की 600 मीटर, 200 मीटर और 100 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त कर तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अमरिंदर कौर ने अंडर-14 में लंबी कूद में प्रथम, ऊंची कूद में द्वितीय और 600 मीटर दौड़ में भी द्वितीय स्थान हासिल किया। आराध्या शुक्ला ने अंडर-14 ऊंची कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में सहज प्रीत कौर ने गोला फेंक में तृतीय स्थान पाया। साक्षी कुमारी ने 200 मीटर, 800 मीटर और ऊंची कूद–तीनों में तृतीय स्थान हासिल किया। प्रियंका यादव ने चक्का फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालक वर्ग में अंकित वर्मा ने 400 मीटर में दूसरा स्थान, शोयेब ने 400 मीटर और लंबी कूद में तृतीय स्थान हासिल किया। विदित वर्मा ने लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में निहाल भारती ने गोला फेंक में तृतीय स्थान, दिव्यांश ने चक्का फेंक में तृतीय स्थान पाया।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन की मौत



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

### लगाया होता हेलमेट, तो बच सकती थी जान

शुक्रवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की जान चली गई। एक ही बाइक पर तीनों सवार थे किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। लगभग 80 प्रतिशत लोग हेलमेट न लगाने की वजह से मौत का शिकार हो जाते हैं। लोग कहते दिखे कि हेलमेट पहने होते तो शायद जान बच सकती थी।

लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर शुक्रवार रात भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को रौद दिया,टक्कर इतनी तीव्र थी अनियंत्रित कार बाइक पर आ रहे तीन युवकों को पीछे से टक्कर मारकर काफी दूर तक घसीटती चली गई। जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर हालत युवक की अस्पताल जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं कार भी क्षतिग्रस्त होकर खंती में चली गई। कार चालक मौके से फरार हो गया। भीरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर हादसे में बाइक सवार पड़रिया तुला निवासी रोहित गुप्ता (35) ,पहाड़ापुर निवासी हसीब (25) दोनों लखीमपुर पलिया के मध्य संचालित हो रही बसों पर चालक का कार्य करते थे वहीं बिजुआ निवासी संदीप शुक्ला (23) परिचालक का कार्य करते थे। शुक्रवार को तीनों लोग बस संचालक का कार्य समाप्त करने के बाद पलिया बस खड़ी कर अपने-अपने घरों को वापस जाने के लिए एक ही बाइक पर सवार होकर निकले।भीरा से चार किलोमीटर लखीमपुर की ओर जैसे ही बाइक गढी फॉर्म के पास पहुंची पीछे से आ रही एक अनियंत्रित वर्ना कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए युवकों समेत बाइक को लगभग 300 मीटर तक घसीटती चली गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि हबीब और रोहित की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर घायल संदीप शुक्ला को इलाज के लिए ले जाते समय उसकी भी मौत हो गई। मौके पर पहुंची भीरा पुलिस ने तीनों शवों का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित हो शिकायतों का निस्तारण : डीएम

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील कोंच के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील कोंच के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए फरियादियों की शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

आज सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य यही है कि जनता बिना संकोच के अपनी समस्याएँ रख सके और प्रशासन उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या विलंब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि जमीन विवाद, घरेलू हिंसा, धोखाधड़ी, असामाजिक तत्वों की गतिविधियां एवं शांति भंग की श्रेणी में आने वाली शिकायतों पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह, सीओ परमेश्वर, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रत्येक व्यक्ति को तकनीकी ज्ञान होना जरूरी: गौरीशंकर

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, योजना के अंतर्गत मिशन में आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता रामा इन्फोटेक द्वारा स्थापित आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा फीता काटकर किया गया। विधायक सदर द्वारा मॉ सरस्वती जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक ने उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''प्रत्येक व्यक्ति को तकनीकी ज्ञान होना चाहिए तथा उस के ज्ञान के आधार पर उसे जीवकोपार्जन हेतु व्यवसाय अथवा नौकरी प्राप्त होगी, आज के वर्तमान व्यवसाय के अनुरूप इस प्रशिक्षण केन्द्र पर हेल्थ केयर सेक्टर के अंतर्गत जनरल डयूटी असिस्टेंट ट्रेनी का कोर्स प्रतिभागियों को रोजगार दिलाने में अहम भूमिका अदा करेगा क्यांकि यही समय की मांग है। कोर्स प्रतिभागियों को रोजगार दिलाने में अहम भूमिका अदा करेगा क्यांकि यही समय की मांग है। कार्यक्रम में उपस्थित एमआईएस मैनेजर भारत कुमार शर्मा द्वारा संचालित हो रहे प्रशिक्षण कोर्स के बारें में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी, साथ ही साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ''कौशल सफलता की सीढ़ी है जो किसी को भी नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिये सशक्त बनाती है''।

इस दौरान प्रमुख रूप से कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी संस्था के हेड़ एवं उनकी टीम एमआईएस मैनेजर भारत कुमार शर्मा, उमेश सिंह, व प्रशिक्षण प्रदाता के समस्त प्रशिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अज्ञात शव की पुलिस नहीं कर सकी शिनाख्त

**जालौन (उरई)।** शुक्रवार की सुबह उरई रोड पर स्थित एक गेस्ट हासस के पीछे खेत की मेड़ पर लगे पेड़ पर एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। दो दिन बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदा व्यक्तियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। नगर से उरई रोड पर शिवा गेस्ट हाउस के पीछे वीर सिंह व श्यामसुंदर के खेत की मेड़ पर कंजी के पेड़ पर शुक्रवार की सुबह लगभग 32 वर्षीय व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ दिखा। फांसी के लिए गमछे का प्रयोग किया गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया था। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। जिसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था।


# समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, रविवार 16 नवम्बर, 2025
फर्रुखाबाद




# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गयी पदयात्रा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना बच्चों ने लिया भाग

भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रोशनाबाद स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर से विशाल पद यात्रा निकाली गयी। पदयात्रा में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाए।

जानकारी के अनुसार शनिवार को विधानसभा अमृतपुर क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज मंडल के अंतर्गत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रोशनाबाद स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर से विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित पदयात्रा को अमृतपुर के विधायक सुशील शाक्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पद यात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे, भारत माता की जय के गगनभेदी नारो के साथ आगे बड़ी। इस पदयात्रा में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। धीरे गगनभेदी नारों के साथ पद यात्रा आगे बढ़ी, जो लगातार आगे बढ़ती गई। हजियांपुर चौराहे से गुजरी पदयात्रा मंझना स्थित कलावती मॉडल पब्लिक स्कूल पहुंची। यहां सभा के आयोजन में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अविनाश चौहान, सांसद मुकेश राजपूत, अमृतपुर विधायक



यात्रा में शामिल विधायक, सांसद व बच्चे आदि

सुशील शाक्य, भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद राजपूत आदि ने संबोधित कर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन चरित्र के संबंध में अपने-अपने विचार रखे। महामंत्री डीएस राठौर, सुनील रावत, अतुल सिंह गंगवार, वीरेंद्र कठेरिया, संदीप शाक्य, जय गंगवार, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, नीरज अवस्थी, लालू राजपूत, अनिल राजपूत, राहुल राजपूत, विजय गुप्ता, राजीव चतुर्वेदी, हेम सिंह लोधी, आकाश गुप्ता, रमेश सोमवंशी, बाल गोविंद, गोस्वामी सुभाष राजपूत, ऋषि गंगवार, नरेंद्र गुप्ता, पवन सूर्यवंशी, शिव मंगल सिंह, संजय पाल, रूपेश गंगवार उपस्थित रहेष। कार्यक्रम का संचालन अमन अवस्थी द्वारा किया गया। पदयात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

थानाध्यक्ष रमेश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग करने वाले भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों साथ ही विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा।

# लूट व दुष्कर्म के मामले में आरोपी को सात वर्ष का कारावास




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश रितिका त्यागी ने दुष्कर्म व लूट के मामले में अतिराज पुत्र रतिराम निवासी ग्राम इस्माइलपुर मिर्जापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। बीते 27 वर्षो पूर्व थाना मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम करवलपुर निवासी श्री कृष्ण पुत्र मलखान सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24/25 जनवरी 1998 की रात को सपरिवार सहित अपने घर सो रहा था। देर रात में घर कई लोग घुस आए और मेरे दोनों बक्सों को खाली कर समान ले जाने लगे। मेरी पत्नी लड़के ने समान ले जाने का विरोध किया, तो कहा कि हम पुलिस वाले हैं। मैंने उनके हाथों में देशी बंदूक, तमंचे देख लिए, तो मैं चिल्लाया, तो पत्नी व हमको मारापीट और पत्नी बच्चों को ले जाकर कमरे में बंद कर दिया। जैसे तैसे मैं खुलकर भागा और चिल्लाता हुआ गांव की तरफ गया। बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और समान लेकर हरि सिंह ठाकुर, भँवरपाल, अतिराज लेकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर हरि सिंह ठाकुर, अतिराज के विरुद्ध न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के समय हरि सिंह ठाकुर की मौत हो गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अतिराज को दोषी करार दिया हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### महिला ने पति पर तीन तलाक देकर घर से निकालने का लगाया आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद बाराबंकी निवासी अंजुम ने कोतवाली कायमगंज पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी शादी कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव अहमदगंज निवासी रोमी खाँ के साथ हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। जिनमें 4 वर्षीय अनीसा और 2 माह का अल्तमस है। दिनांक 12 सितम्बर को अंजुम के पति रोमी खाँ, सास सकीना, जेठ नन्हें, जेठानी गुड़िया, जेठ रमजान ने मिलकर उनकी पिटाई की। पति ने मौखिक तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल देने का आरोप लगाया है। अंजुम ने पुलिस से अपने दोनों बच्चे पति से वापस दिलाने की माँग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फ्लैग मार्च कर पुलिस ने कराया सुरक्षा का अहसास


नगर में फ्लैगमार्च करते एएसपी व सीओ आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह, कायमगंज क्षेत्राधिकारी संजय सिंह, नवागन्तुक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, अपराध निरीक्षक कामिल खाँ ने पुलिस बल के साथ नगर में पैदल फ्लैग मार्च किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य नगरवासियों को सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कानून व्यवस्था मजबूत करना और शान्ति व्यवस्था बनाए रखना था। इस दौरान पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरन्त पुलिस को देने की अपील की। पुलिस ने यह भी कहा कि सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे।

### तीन सगे भाइयों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रूपनगर निवासी रामू पुत्र लाखन सिंह ने गांव के ही दुर्विजय सिंह, मुन्नू सिंह, अवधेश सिंह पुत्रगण अनार सिंह के विरुद्ध मारपीट गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 14 नवंबर समय लगभग 11 बजे हमारी माता कमला देवी व पिता लाखन सिंह घर के दरवाजे पर बैठे थे उसी समय उक्त आरोपित हमारी लकड़ी उठा ले गए। इसका विरोध करने पर आरोपित उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। शोरगुल की आवाज पर मैं व मेरे भाई देवपाल मौके पर पहुंचे और गाली देने से मना किया, तो उपरोक्त आरोपितों ने हम दोनों भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। मारपीट किए जाने से हम दोनों भाइयों के काफी चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# डीपीआरसी में सचिव, प्रधान को दिया गया प्रशिक्षण


डीपीआरसी में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद सचिव, प्रधान व पंचायत सहायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत राज संसाधन केंद्र में पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा स्वयं की आय बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम डीपीआरसी खानपुर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विकास खंड बढ़पुर, कायमगंज, कमालगंज और शमशाबाद के अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, सचिव और पंचायत सहायकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायतराज अधिकारी राजेश चौरसिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण सत्र की जिम्मेदारी मास्टर ट्रेनर पारुल कटियार, प्रांजल शुक्ल एवं प्रतिभा कटियार ने संयुक्त रूप से संभाली। उन्होंने आय बढ़ाने के विभिन्न आधारों-गैर-कर राजस्व, यूज़र चार्ज, तालाबों के पट्टे, जन सेवा केंद्रों से संभावित आय, ओएसआर पोर्टल के उपयोग तथा बैंक कोरेस्पॉन्डेंट मॉडल-पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राजस्व वृद्धि के सिद्धांत, प्रक्रियाएं और व्यवहारिक उदाहरण भी समझाए गए। जिससे पंचायतें अपनी आय बढ़ाकर विकास कार्यों में तेजी ला सकें। इस अवसर पर ओम शिव पाण्डेय सहायक विकास अधिकारी पंचायत बढ़पुर, डीपीएम जटाशंकर मिश्र, डीपीआरसी प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव, सचिव शशि देव सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, रेनू शाक्य सहित कई प्रधान एवं सचिव मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्थानीय संसाधनों से राजस्व सृजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए ओएसआर से संबंधित अपने प्रश्न भी पूछे।

# दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बेग निवासी राधेश्याम शौच के लिए खेत की ओर गए थे, तभी फर्रुखाबाद की ओर से आ रही एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राधेश्याम और बाइक सवार दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर राधेश्याम के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने एम्बुलेंस को सूचित किया। पायलट विकास, राजीव और ईएमटी रजनीश, अंकित दो एम्बुलेंस लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया। घायलों में गांव वेग निवासी राधेश्याम और सोना जानकीपुर निवासी बाइक सवार डोरीलाल शामिल थे। सीएचसी पर मौजूद फार्मासिस्ट राजीव कुमार ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


सीएचसी में भर्ती घायल

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाजार करने गया अधेड़ बाइक की टक्कर से घायल हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। तब तक पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गोविंद पुर निवासी सुभाष चंद्र किसी काम से बाजार आए थे अज्ञात बहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने सूचना परिजनों और पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उसका उपजार जारी है।

### पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में दो युवकों को पकड़ा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने रात्रि में गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में खड़े दो युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें थाने ले आयी। उनसे पूछताछ की जा रही है। शमशाबाद थाने के दरोगा वीर सिंह पुलिस के साथ रात में 2:00 बजे के समय रमापुर जसू की तरफ सड़क पर गस्त कर रहे थे। सामने से दो युवक खंदक में खड़े दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया और थाने लेकर आए। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया रात में रमापुर गांव के पास दो युवक खड़े थे। पूछताछ के लिए थाने लाए है। जांच की जा रही है।

### गलतफहमी में दबंगों ने मां बेटी को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** फोन पर हो रही गाली-गलौज को पड़ोसी द्वारा अपने को गाली देने का आरोप लगाकर मारपीट कर घायल। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता सिया देवी पत्नी वेदराम निवासी ग्राम इमलियाहार थाना कमालगंज की रहने वाली है। दिनांक 03.08.2025 को शाम लगभग 6:30 बजे मेरा पुत्र गोपाल अपने साले को फोन पर गाली दे रहा था। पड़ोसी जूली पुत्री छेदीलाल वहाँ से निकल रही थी। उसने समझा मुझे गाली दे रहे हैं। इसी बात पर जूली पुत्री छेदीलाल, ब्रजेश, विवेक पुत्रगण छेदीलाल व मीरा देवी पत्नी छेदीलाल उक्त लोगों ने मेरे साथ गाली-गलौज व मारपीट की। मारपीट मे मेरी पुत्री रागिनी बीच बचाव करने आयी, तो उसको भी लात-घूसों से मारपीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### खेत में गाय घुसने का विरोध करने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता मीरा देवी पत्नी तनवीर निवासी मोहल्ला आजाद नगर थाना कमालगंज ने थाना पुलिसको दी गयी तहरीर में कहा कि दिनांक 05.08.25 को सुबह 9 बजे मेरे खेत में अनिल पुत्र नामालूम मोहल्ला आजाद नगर थाना कमालगंज की गाय घुस गई थी। जिसका विरोध किया, तो अनिल ने मेरे साथ गाली-गलौज व मारपीट की। मारपीट में पीड़िता के चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### बाइक खंबे से टकराई, दो घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव कक्योली निवासी अंकुल सक्सेना अपने साथी अवनीश पाल के साथ शनिवार शाम लगभग सात बजे बाइक से गांव के बाहर शराब ठेके की ओर गया था, तभी शराब ठेके के पास सड़क के किनारे लगे बिजली के खंबे में अंकुल की बाइक टकरा गई। खंबे में टक्कर लगने से अंकुल अपने साथी अवनीश के साथ बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे पायलट राजीव कुमार व ईएमटी अंकित कुमार ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी पर मौजूद डॉ0 विशिष्ट कटियार व फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने घायल अंकुल व उसके साथी अवनीश कुमार की हालत गम्भीर देख उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# 76 शिकायतों में एक का निस्तारण, शेष को आश्वासन की घुट्टी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कायमगंज के सभागार में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधन दिवस में राजस्व विभाग, बिजली विभाग, पूर्ति विभाग, पुलिस विभाग, नागरीय विकास विभाग, कृषि सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, नलकूप, लघु सिंचाई से सम्बन्धित कुल 76 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें उपास्थित अधिकारियों द्वारा 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को त्वरित और पारदर्शी तरीके से निस्तारण के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये। उन्होंने कहा कि शिकायत रजिस्टर पर शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर अंकित किया जाए और शिकायतकर्ता से फोन पर बात कर निस्तारण की स्थिति की जाँच करें। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि शिकायत के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 सजय सिंह, कायमगंज उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, तहसीलदार विक्रम सिंह, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कायमगंज खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाशपाल, कायमगंज क्राइम इस्पेक्टर मोहम्मद कामिल खाँ, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन यादव सहित शमशाबाद, मेरापुर, नवावगंज थानाध्यक्ष मौजूद रहे।


शिकायतें सुनते एडीएम, मौजूद एएसपी, सीओ व तहसीलदार आदि

# पुलिस गस्त करती रही और चोरी हो गया अल्टीनेटर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में पुलिस गस्त की पोल उस समय खुल गयी, जब चौराहे से चंद कदमों की दूरी पर एक रिटायर्ड फौजी के दरवाजे के बाहर से अल्टीनेटर चोरों ने चोरी कर लिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में सूचना पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के मंझना रोड निवासी रिटायर्ड फौजी सुखवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्रीराम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया की उनका मकान मंझना रोड पर ब्रह्मदेव आश्रम के पास बना हुआ है, जो की रोड पर है। जहां से बीते रात अज्ञात चोरों ने लोडर लगाकर अल्टीनेटर खोल लिया। जब चोर अल्टीनेटर नहीं खोल सके, तो उसमें लगे सीमेंट के तख्ते भी उखाड़ कर साथ में ले गए। जिसका वीडियो पड़ोस में लगे कैमरे में आ गया। जब सुबह सुखवीर सिंह अपने घर के बाहर निकले, तो अल्टीनेटर ना देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं चला। जिस बात की पीड़ित ने थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, लेकिन खास बात यह है की इससे पुलिस की गस्त व्यवस्था की पोल खुल गई, जबकि चौराहे से 100 मीटर की दूरी पर मंझना रोड के किनारे बाइक एजेंसी, टेंट हाउस, स्टेट बैंक जैसी संस्थाएं हैं जहां आज चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।


रिटायर्ड फौजी के दरवाजे पर उखड़ा पड़ा अल्टीनेटर का सामान

### डियूटी के दौरान सोते मिले चौकी प्रभारी प्रताप सिंह लोधी, निलंबित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने ड्यूटी के दौरान सोते मिले पखना चौकी प्रभारी प्रताप सिंह लोधी को निलंबित कर दिया है। चौकी प्रभारी के खिलाफ मिली शिकायतों और सर्राफा दुकान में हुए बड़े चोरी कांड के बाद यह कठोर कदम उठाया गया। उनके स्थान पर फिलहाल किसी की तैनाती नहीं की गई है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला ने बताया कि प्रताप सिंह की थाने से पुलिस लाइन के लिए रवानगी करा दी गई है। उधर पुलिस अब भी चोरी की वारदात का सुराग नहीं लगा पाई है। अभी तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है। बीते दिनों पखना पुलिस चौकी के ठीक निकट स्थित सर्राफा दुकान में लाखों के जेवरात और नकदी चोरी हो जाने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ गए हैं। घटना के वक्त पड़ोस में मौजूद चौकी पर पुलिसकर्मी सोते रह गए, जबकि कुछ ही दूरी पर चोर आराम से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच जारी है।


रोते बिलखते परिजन

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार जनपद एटा के नया गांव थाना क्षेत्र के खरसुलिया निवासी कमल राठौर (38) पुत्र सुरेन्द्र राठौर की शनिवार सुबह सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। कमल राठौर फतेहगढ़ से अपने पैतृक गांव बाइक से लौट रहे थे। थाना कादरीगेट के इटावा-बरेली हाईवे पर नाला बघार के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस उन्हें गंभीर अवस्था में लोहिया अस्पताल लेकर पहुँची। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आईटीआई चौकी इंचार्ज विशेष कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल


घायलों को सीएचसी ले जाते ईएमटी व पायलट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नगला नया बराकेशव से नवाबगंज आते समय एक डिग्री कालेज के पास बबना रोड पर आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों ने अपना नाम रामनारायण पुत्र तिलक सिंह 45 वर्ष तथा प्रमोद पुत्र लज्जाराम 40 वर्ष बताया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

### गैगेंस्टर के मामले में दो वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट रितिका त्यागी ने शिव सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी बुढ़नामऊ कोतवाली फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए दो वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। बीते 26 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के तत्कालीन थानाध्यक्ष राजवीर सिंह ने श्याम सिंह, रघुवीर, महेश उर्फ पप्पू, शिव सिंह के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए आपराधिक क्रिया कलाप से जनता में भय व्याप्त कर समाजविरोधी कार्य करने का मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना कर विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। श्याम सिंह, रघुवीर सिंह, महेश की पत्रावली पृथक कर दी गई। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिव सिंह को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दो वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# खेत के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दी जवाबी तहरीरें

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित अंकित उर्फ सोनू पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम रामपुर माझगाँव थाना कमालगंज का रहने वाला हूँ। दिनांक 13.11.2025 सुबह 7 बजे पीड़ित खेत पर गया था। पीड़ित ने देखा कि नरेन्द्र शुक्ला पुत्र सूबेदार, विभू पुत्र नरेन्द्र शुक्ला, रजनी शुक्ला पत्नी नरेन्द्र शुक्ला व सूबेदार पुत्र स्व0 रघुवरदयाल, मान्सी पुत्री नरेन्द्र कुमार उक्त लोग पीड़ित के खेत की मेड़ फावड़ा से काट रहे थे। जब पीड़ित ने विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने पीड़ित को धारदार हथियार व लाठी-डन्डों से बुरी तरह मारापीटा। आवाज सुनकर पीड़ित की माँ गिरजा पत्नी अशोक कुमार और पीड़ित कि पत्नी निशा बीच बचाव करने गयी, तो उक्त लोगों ने इनके साथ भी धारदार हथियार और लाठी डन्डों से मारपीट की।

उक्त लोग मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। मारपीट में हम सभी के चोटें आयी हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

वहीं दूसरी ओर से रजनी शुक्ला पत्नि नरेन्द्र शुक्ला निवासी ग्राम रामपुर माझगाँव चौकी खुदागंज ने दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में कहा है कि दिनांक 13.11.2025 को समय लगभग 8:30 सुबह पीड़िता के पति खेत की तरफ निकले, तो देखा उनके भाई अशोक द्वारा रात्रि में खेत में पानी लगाकर बरसीम वो दी गई। पीड़िता के पति द्वारा विरोध किए जाने पर अशोक उनके पुत्र अंकित, आनन्द, बहू निशा एकमत होकर पीड़िता के पति पर हमलावर हो गये और लाठी-डण्डा व धारदार हथिहार से हमला कर घायल कर दिया। मौके पर पीड़िता की पुत्री मानसी बचाने गयी, तो उसको भी मारपीटा। पुत्री और पति की आवाज सुनकर पीड़िता बचाने के लिए गये। तो जेठ अशोक शुक्ला, उनके पुत्र अंकित, आनन्द द्वारा भाले से प्रहार कर पीड़िता और उसके पति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया और मरणासन अवस्था में छोड़कर यह कहकर चले गये कि अगर खेत खाली न किया, तो तुम्हें जान से मार देंगे।

### भाजपा नेता सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम कनकापुर की भूमि पर पेट्रोल पंप के लाइसेंस में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में थाना राजेपुर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना कनकापुर के ग्राम खण्डौली निवासी अनिल कुमार सिंह की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया कि भाजपा के जिला महामंत्री अवनीश शाक्य निवासी आवास विकास और अशोक कुमार ने इंडियन ऑयल कारपोरेशन से पेट्रोल पंप का लाइसेंस लेने के लिए उनका कूटरचित शपथपत्र और फर्जी अनापत्ति प्रमाण-पत्र तैयार कर कंपनी में जमा कर दिया। पीड़ित अनिल कुमार का कहना है कि उन्होंने किसी भी प्रकार की अनुमति या शपथ-पत्र जारी नहीं किया था, लेकिन कागज़ों में उन्हें गलत तरीके से ससुर दर्शाकर दस्तावेज तैयार किए गए। कंपनी द्वारा जारी पत्र में भी इस फर्जी शपथ-पत्र का उल्लेख सामने आया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेपुर पुलिस का कहना है कि दस्तावेजों की सत्यता और प्रकरण से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीपी विद्या निकेतन स्कूल में बच्चों ने मनाया ग्रैड पैरेंट्स-डे

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीपी विद्या निकेतन स्कूल में ग्रैड पैरेंट्स-डे का भव्य आयेजन किया गया। इस अवसर पर बच्चो ने अपने दादा दादी और नाना, नानी का तिलक व पुष्प अर्पण कर उनका स्वागत किया। बच्चों ने रंगारग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मंच के माध्यम से दादा दादी और नाना नानी ने अपने जीवन के अनुभव बच्चों के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में बड़ों का सम्मान करना और उनसे जीवन की सीख लेना प्राचीन व अमूल परम्पराओं में से एक है। अधुनिक समय में तकनीक और सूचनाओं के सैलाब के बीच भी परिवार के संस्कार और परम्परा सबसे बड़ा सहारा है। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से बनाए शुभकामनाएं कार्ड भी ग्रेड पेरेट्स को भेंट किए। विशिष्ट अतिथि अंजू राजे ने अपने संबोधन मे कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आज के युग मे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ग्रेड पैरेट्स का जागरूक होना अति आवश्यक है। आज की आधुनिक जीवन शैली मे जहाँ संयुक्त परिवार की परपरा धीरे-धीरे लुप्त हो रही है, वहीं बच्चों के लिए दादा दादी और नाना नानी का सानिध्य अमूल्य धरोहर है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सत्यप्रकाश अग्रवाल ने अपने सबोधन मे कहा कि इस दिवस का उद्देश्य परिवरिक मूल्यो का संजोना एव नई पीढ़ी को दादा दादी तथा नाना नानी के प्रति सम्मान भाव सिखाना है। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य मिथलेश अग्रवाल ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्यकी कामना की। प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने सभी अतिथितियों का हृदय से आभार प्रकट कर कहा कि दादा दादी तथा नाना नानी अपने जीवन के अनुभवों के माध्यम से हमें कठिन परिस्थितियों मे आगे बढ़ने कि प्रेरणा भी देते है। उनका स्नेह त्याग और धैर्य ही बच्चों के चरित्र निर्माण की असली पाठशाला है। इस अवसर पर एसके बाजपेई, पंकज शुक्ला, हरीश पचौरी, अनुज गंगवार, गोविन्द गुप्ता, प्रदीप शाक्य, निर्मला चौहान, नीलम त्रिवेदी सहित अनेक अध्यापक अध्यापिका एवं छात्र-छात्राए मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैना के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


कार्यक्रम के दौरान संबोधित करतीं मिथलेश अग्रवाल

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ प्रदर्शनी का मंत्री जयवीर सिंह ने किया अवलोकन, विद्यार्थी हुए सम्मानित



फीता काटकर उद्घाटन करते मंत्री जयवीर सिंह



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में सातवां वार्षिकोत्सव संस्कृति धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पर्यटन संस्कृति कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह रहे तथा जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी उपस्थित रही। प्राचार्य डॉ0 लकी चावला ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मां सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत एवं प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्ने के मनमोहक नृत्य आदि कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी आदि विषयों पर प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यार्थियों ने बनाए चार्ट, रचनात्मक कलाकृतियों, स्वचालित मॉडलों एवं चित्रकलाओं में उनकी रचनात्मकता और ज्ञान का अनूठा संगम देखने को मिला। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता जैसे विषयों पर काम किया। वहीं कला प्रदर्शनी में पारंपरिक और आधुनिक कला का प्रदर्शन किया गया, जिसे मुख्य अतिथि एवं दर्शकों ने खूब सराहा। हनुमान चालीसा तथा शिव तांडव नृत्य का भव्य मंचन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को अचंभित कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर, भारत की बेटी, वृद्धाश्रम नाटिका एवं देशभक्ति लघु नाटिका आदि कार्यक्रमों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट द्वारा विद्यालय की गतिविधियों तथा उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए कक्षा बारहवीं की दीक्षा राठौर, प्रतीक दुबे, वैष्णवी पांडे, मोहम्मद साध, कृष्णा अग्रवाल, सक्षम मिश्रा एवं कक्षा दसवीं के अरुणव सक्सेना, विराज सक्सेना, दर्शनी अग्रवाल, अभिजीत अग्निहोत्री, महकशा बानो, उज्जवल शंखवार, विनायक वाजपेई को परीक्षा परिणाम में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए मुख्य अतिथि ने उपहार स्वरूप चांदी के सिक्के तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रसायन विज्ञान के अध्यापक अनुपम दुबे, शारीरिक व्यायाम के अध्यापक सचिन सिंह एवं कला विषय के अध्यापक मनोज शुक्ला ने अपने अथक प्रयास से विद्यार्थियों को शत प्रतिशत अंक दिलाने में अपना सहयोग प्रदान किया। जिसके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति ने उक्त शिक्षकों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया। बंसल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा साइबर सतर्कता के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा-9 के छात्र अभिनव गुप्ता और आयुष पांडे ने प्रतिभागिता निभाई। जिसमें आयुष गुप्ता को राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किया गया। जिसके लिए विद्यालय ने उन्हें शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। जिला स्तर पर हुई ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कक्षा-3 के छात्र आद्विक यादव एवं कक्षा-7 के छात्र देवांश प्रताप ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा दो बच्चों ने रजत पदक और पांच बच्चों ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। चेयरमैन ज्योति पांडे, निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, शाहजहांपुर के सीबीएसई को-ऑर्डिनेटर राजीव मोहन पांडे, शैक्षिक निदेशक कन्हैया तिवारी, निदेशक नितिन अग्रवाल, निदेशक संदीप पांडे, निदेशक अनुपम अग्रवाल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के अनुशासन, विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं परीक्षा परिणाम की प्रशंसा की तथा जीवन में नैतिक मूल्यों के विकास पर बल देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उप-प्राचार्या डॉ0अंजू सिंह ने आए हुए आगंतुकों तथा मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बिहार चुनाव जीत पर भाजपा नेता गुरुचरन आजाद ने बांटी मिठाई



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कमालगंज के ग्राम गदनापुर में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने बिहार में भाजपा की जीत की खुशी में मिष्ठान वितरण किया। भाजपा जिलामंत्री गुरुचरन आजाद के आवास पर गामीणों ने बिहार जीत पर आतिशबाजी छुड़ाकर मिष्ठान वितरण कर खुशिया मनाई। गल्ला व्यापारी मन्डी समित अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि यह जीत देवताओ की हुई, दैत्यौ की हार भयमुक्त बिहार प्रदेश ने जनादेश देकर यह साबित कर दिया कि मोदी के नेतृत्व मे देश सुरक्षित है। इस मौके पर डॉ. मलिखान सिंह पाल, चन्द पाल, अनिल कुमार, मुन्नू, अवनीश यादव, सुमेन्द सिंह आदि मौजूद रहे।

## पंचाध्यायी निवृत्ति धर्म का परम फल है: राममूर्ति महाराज



प्रवचन करते राममूर्ति महाराज मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस पर आचार्य राम मूर्ति मिश्र महाराज ने अपने मुखार बिंदु से भगवान की लीलाओं का रसास्वादन कराया। कथा में मंगलाचरण हुआ। पूज्यपाद महाराज ने भगवान की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि रासपंचाध्यायी श्रीमद् भागवत श्रीधर स्वामी कहते है कि पंचाध्यायी निवृत्ति धर्म का परम फल है। उन्होंने कहा कि राधा जी इसकी आधसंयोजिका और आल्हादिका शक्ति है ब्रज की अधीश्वरी देवी है। इसलिए श्रीधाम वृंदावन में सभी राधे-राधे कहते है। मां राधा रानी की कृपा होने पर ही जीव को परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है। भगवत जी में नित्य और सिद्धा और साधन सिद्धा, अनन्यपूर्वा गोपियो के बारे बताया है। साधन सिद्धा में श्रुतिरुपा और त्रषिरूपा गोपियो का वर्णन किया गया है। आज गोपियो के द्वारा दुर्वासा जी महाराज को भोजन कराना एवं उनसे शिक्षा प्राप्त की कथा हम सब करते है। ब्रह्मादि जय संरुढ़ दर्प, कन्दर्प दर्पहा जयति श्रीपति गोपों, रासमण्डल मंडिता।। गोपी पर सूरदास जी ने गाया है मोहन मन मोह लियो ललित बेनु बजाई रौ।। मुरली धुन श्रवण सुनत बिबस भई माई री।। लोक लाज कुल की मरजादा बिसराई री। घर-घर उपहास सुनत ने कु ना लजाई री।। जप तप वेद अरु पुरान, कुछ न सुनाई री।। सूरदास प्रभु की लीला निगम नेति गाई री।।

भगवान का अंर्तध्यान और गोपियो की विरह वंदना का वर्णन, गोपी गीत, श्रीकृष्ण चन्द्र के अंर्तध्यान होने पर श्रीराधा रानी रोने लगी। हे नाथ हे प्यारे हे श्याम सुंदर दर्शन दीजिए, कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गये। इस मौके पर पंडित शिवकुमार शास्त्री, आचार्य महंत ईश्वरदास महाराज, अविनाश पांडे, विवेक पांडे, आदेश शुक्ला, सत्यपाल सिंह, अरविंद भदौरिया, अनिल तिवारी, सभासद राजेंद्र त्रिपाठी, दीक्षा पांडे, गोविंद पांडे (परीक्षित), दुर्गेश शुक्ला, दिनेश चंद्र पाठक, सतीश संत त्रिवेदी, रामवीर सिंह चौहान, मुन्नू बाबू चंद्रभूषण सिंह, डॉ. प्रभात अवस्थी उपस्थित रहे। कथा का संचालन अंजुम दुबे ने किया।

## एसआईआर को लेकर सपा नेताओं ने ग्राम पाहला में की चर्चा



चर्चा करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भोजपुर विधानसभा के ग्राम पाहला में भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव के नेतत्व में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में एसआईआर पर चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत चर्चा हुई। फिर/फील्ड वेरिफिकेशन के दौरान कई स्थानों पर मतदाताओं के वोट इस ग्राम से हटकर दूसरे ग्राम में स्थानांतरित हो गए हैं, जिस पर समाजवादी पार्टी ने घोर आपत्ति दर्ज की। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुपालन में शासन-प्रशासन द्वारा लगाए गए बीएलओ से अनुरोध है कि वे पूर्ण निष्पक्षता के साथ वोट बनाएं और प्रत्येक मतदाता को सही बूथ आवंटित करें। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि कहीं भी वोट न बनाए जाने, हटाए जाने या किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलती है तो तत्काल विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराएं, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को दी जा सके। इस अवसर पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी विजय यादव, अखिल कठेरिया, शीलू खान, आदिलोक आदि उपस्थित रहे।

## सर्व शिक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करता छात्र

मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा किये गये सर्वशिक्षा अभियान की उपलब्धियों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को शिक्षा के महत्व, प्रारम्भिक शिक्षा के लक्ष्य व बाजपेयी के शैक्षिक दृष्टिकोण को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा उद्घाटन कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर व्यक्तित्व और राष्ट्रीय योगदान का परिचय दिया। मुख्य वक्ता विद्यालय के प्राध्याक डा0 अमित कुमार ने सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत व उद्देश्य के साथ सब पढ़े-सब बढ़े के मूल मंत्र के बारे में बताया। बाजपेयी की दूरदर्शिता उनकी शिक्षा नीति व सर्व शिक्षा अभियान द्वारा भारत की शिक्षा प्रणाली में आये बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा के अधिकार नहीं बल्कि कर्तव्य के रुप में अपनाने पर बल दिया। सर्व शिक्षा अभियान की उपलब्धियां द्वारा मजबूत राष्ट्र निर्माण की नीव शिक्षा ही है। संचालन कर रही समिति की संयोजिका डॉ. शालिनी ने सपने को साकार करने के लिए बाजपेयी की हर वह जिम्मेदारी को पूरा करना जिससे प्रत्येक छात्र को शिक्षित, जागरुक और जिम्मेदार नागरिक बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. अनामिका व कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।



शिकायतें सुनते डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्यायें, 2 का हुआ निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 33, पुलिस की 06, विकास विभाग की 01, विद्युत विभाग की 02 व अन्य विभागों की 14 शिकायते कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कनोडिया बा.इं.का. में जनपद स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में 53वीं जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन 14 नवंबर एवं 15 नवंबर को सम्पन्न हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक मनेंद्र कुमार मिश्रा, प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल, नोडल एवं संयोजिका व प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्या कुसुम लता ने दीप प्रज्वलन कर किया। संचालन व व्यवस्था गणित व विज्ञान क्लब प्रभारी पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला, पारुल जैन व राधा दीक्षित ने किया। निर्णायक समिति में प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रवक्ता प्रशांत कुमार राय, सहायक अध्यापक उजवीर यादव ने निभाई। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की स्टीम के अंतर्गत 7 उप विषय चिर स्थाई कृषि, कचरा प्रबंधन, प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, मनोरंजन गणितीय मॉडल, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा जल संरक्षण पर जूनियर वर्ग, सीनियर वर्ग तथा अध्यापक संवर्ग में स्थिर व क्रियाकारी मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज, रस्तोगी इंटर कॉलेज, एनएकेपी इंटर कॉलेज, स्वामी रामानंद इंटर कॉलेज, रखा बालिका इंटर कॉलेज, मोहनलाल शुक्ला इंटर कॉलेज, भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज, दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर, आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज आदि विद्यालयों के 50 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अध्यापक संवर्ग में शिक्षिका पूनम शुक्ला ने गणितीय मॉडल प्रस्तुत करके जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में चेतना, मुस्कान, आराध्या सिंह, आर्यन कुमार, अमित बाथम, वेद पांडे, इशिता गुप्ता, तपस्या वर्मा, राधिका, अंशिका, दिव्यांशी, चंदन बघेल, आशा बाथम, आयशा सिंह ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा जूनियर वर्ग में अंशिका शुक्ला, अंशिका गुप्ता, माही सैनी, श्रेया बाजपेई, राधिका, चंदन सिंह, खुशी शर्मा, नेहा सक्सेना, आराध्या अवस्थी, संतोषी कटियार, अजकार हुसैन, निशांत, वंश कुमार, आराध्या मिश्रा, कोमल, कीर्ति, प्रतिभा, रुचि सिंह, कौटिल्य, कृष्णा, दिव्यांशी मिश्रा, आयुषी शुक्ला, स्नेहा शर्मा, कनक वर्मा ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षक सुनील कुमार, बृजमोहन, सचदेवा, संदीप, शिवेंद्र, अमित, चंद्र प्रताप, प्रगति, कल्पना, रूपाली, दीप्ति वर्मा, नेहा सक्सेना, अंजलि, दिव्या, विजय लक्ष्मी, नमिता, समीक्षा, मीना अवस्थी, पारुल मिश्रा, उर्मिला, जानवी, सीमा तिवारी, सीमा देवी, अर्चना कपूर, अंजना, अनीता सिंह, स्वाति व ममता ने सहयोग किया। बाल वैज्ञानिकों के मॉडल व प्रस्तुतीकरण की सभी अतिथियों ने सराहना की।

## नहीं रहे महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. हरिश्चन्द्र तिवारी



फाइल फोटो डॉ. हरिश्चन्द्र तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय बढ़पुर के संस्थापक डॉ. हरिश्चन्द्र तिवारी का बीते दिन ब्रेन हेमरेज होने के कारण निधन हो गया। वह नेहरु डिग्री छिबरामऊ में भूगोल विभागध्यक्ष थे, वह जो 2011 में सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने शिक्षा विभाग में अपनी सेवायें दी और जनपद फर्रुखाबाद एवं जनपद हरदोई में कई विद्यालय खेले। बढ़पुर में महाराजा हरिश्चन्द्र बीएड कालेज की स्थापना की। साथ ही जनपद हरदोई के सवायजपुर में महाराजा हरिश्चन्द्र कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन/लॉ कालेज, नर्सिंग, डी फार्मा एवं डिग्री कालेज की स्थापना की। सरल स्वभाव के होने के चलते उन्हे सभी लोग बाबूजी कहते थे। 74 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। बीती रात अचानक उनकी तबियत खराब हुई, जहां डाक्टरों के पास ले जाया गया। चिकित्सीय सलाह के बाद कानपुर ले जाते समय रास्ते में ब्रेन हेमरेज हो गया। जिसके चलते उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सुबह से लेकर शाम तक शुभ चिंतक एवं रिश्तेदार व मिलने वालों का तांता लगा रहा। उनके दो पुत्र डॉ. राहुल तिवारी व रोहित तिवारी व एक पुत्री है। उनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह 10 बजे पांचाल घाट पर होगा। उनके निधन पर सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# केंद्रीय राज्य मंत्री स्वागत से दिखायी दिये गदगद

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

पारिवारिक कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा का क्षेत्रवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री के आते ही माहौल उत्साह से भर उठा और लोगों में उन्हें देखने की होड़ सी लग गई।

शनिवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत सवितापुर बिहारीपुर के मजरा हल्दीखेड़ा में कृष्णपाल राजपूत के पुत्र पवनेश राजपूत के तिलक समारोह में शामिल होने आये। बताया गया कि मंत्री वर्मा अपने साढू की पुत्री के तिलक में शामिल होने आए थे। समारोह में पहुंचने से पहले उनका काफिला क्षेत्र में कई स्थानों पर रुका, जहाँ कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। कम्पिल कस्बे में भाजपा नेताओं ने मंत्री को 51 किलो की माला पहनाई। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

वर पक्ष के अनुसार पवनेश राजपूत का विवाह कुसुम वर्मा से तय हुआ है। कुसुम वर्मा स्वर्गीय गंगा सिंह वर्मा की पुत्री हैं और मूल रूप से ग्राम भवानीपुर, ग्राम पंचायत हजरतगंज, उझानी (जनपद बदायूं) की निवासी हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सवितापुर बिहारीपुर की पूर्व प्रधान शाहाना बेबी, कासिम अली शाह, नंदराम शाक्य, अरुण दुबे, प्रभाकर राजपूत, राजेंद्र प्रजापति, नवनीत पाण्डेय, स्वदेश राजपूत, राजेश कठेरिया, रामेत राजपूत, ओम शरण राजपूत, आदेश वर्मा, राजनेश राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## माला पहनने व फोटो खिचवाले की लगी होड़



स्वागत के दौरान मंत्री बीएल वर्मा

**कपिल।** स्वागत का माहौल पूरी तरह पारिवारिक था, लेकिन फोटो खिंचाने की भूख बिल्कुल राजनीतिक। मंत्री के सम्मान में लाई गई माला जैसे ही आगे बढ़ी, पीछे खड़े नेता अचानक ऐसे सक्रिय हुए मानो यह मौका सम्मान का नहीं, जिसकी गर्दन पहले-उसी की लोकप्रियता ज़्यादा वाला प्रतियोगी खेल हो। माला मंत्री को पहनाई जा रही थी, पर दिख ऐसे रहा था जैसे किसी समूह-फोटो में समान प्रतिनिधित्व का अनौपचारिक नियम लागू हो गया हो। माला एक थी-पर उसमें गर्दनें कई। दबी हंसी छिपा नहीं पाए। मंत्रीजी गंभीर, माला भारी, और पीछे से झांकते चेहरे ऐसी कोशिश में लगे थे कि कहीं फोटो में उनका लोकप्रियता हिस्सा कम न पड़ जाए। एक बुजुर्ग ने बगल वाले से कहा स्वागत तो मंत्रीजी का हो रहा है पर चमक सबको बराबर चाहिए।

## बिहार के दीघा में चौरसिया विजयी, भाजपा नेता विकास राजपूत बोले यह विकास और सुशासन की जीत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जनता से संवाद करते विकास राजपूत

बिहार के दीघा विधानसभा चुनाव में विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए संपूर्ण बिहार में सबसे अधिक मतों से विजय हासिल की है। दीघा की जनता ने भारी जनसमर्थन देते हुए 1,11,001 वोट प्रदान किए और प्रतिद्वंदी उम्मीदवार को 59,079 मतों के विशाल अंतर से पराजित किया। यह प्रचण्ड विजय जनविश्वास, डॉ0 चौरसिया के उत्कृष्ट जनसेवा कार्यों और विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भाजपा नेता विकास राजपूत जो चुनाव प्रचार के अंतिम चरणों में दीघा विधानसभा पहुंचे थे, उन्होंने अपने राजनीतिक अनुभव और रणनीति से 10 दिन पहले ही एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होने का दावा किया था, जो आज परिणामों के साथ सच साबित हुआ। भाजपा नेता विकास राजपूत ने कहा कि यह एनडीए के विकास की जीत है, सुशासन की जीत है और बिहार के उज्ज्वल भविष्य की जीत है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश बिहार की जनता का विश्वास है, जो विकास की राजनीति को मजबूती से आगे बढ़ाने का संदेश देता है। उन्होंने डॉ0 संजीव चौरसिया को पुनः प्रचण्ड विजय की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि वे आने वाले समय में इसी तरह प्रदेश और क्षेत्र के विकास हेतु सफलतापूर्वक अपना नेतृत्व प्रदान करते रहेंगे।

# 22वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव 02 जनवरी से 20 जनवरी तक

▸ प्रतियोगिता में रैंप पर कैटवॉक करेंगी युवतियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारी

22वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव के प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों के आयोजन हेतु फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति की बैठक स्टेट बैंक रोड, स्थित डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता के सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष डॉ. सदीश शर्मा ने युवा महोत्सव में आयोजित किये जाने बाले कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं पर विचार रखे। युवा महोत्सव का शुभारम्भ 02 जनवरी को प्रातः 10 बजे मेहदी लगाओ प्रतियोगिता से किया जायेगा। अन्य प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में 03 जनवरी को 1 बजे से ऑनलाइन शॉपिंग का व्यापारियों के व्यापार पर प्रभाव/विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता, 05 जनवरी को प्राकृतिक सौन्दर्य एव स्मृति चित्रण विषय पर ड्राइंग मेण्टिंग, 06 जनवरी को गुलदस्ता राजाओं प्रतियोगिता, 7 जनवरी को शेफ क्वीन फर्रुखाबाद, 9 जनवरी को एकल डान्स, ग्रुप डान्स, 11 जनवरी प्रातः 7 बजे से चौक फर्रुखाबाद से आवास विकास तक साइकिल रेस चर्च कम्पाउण्ड में 100 मीटर रेस, आवास विकास से चौक फर्रुखाबाद तक 3 किमी0 रेस (सभी प्रतियोगिता बालक/बालिका के लिये), 13 जनवरी को सम्मान समारोह/पुरस्कार वितरण एवं विभिन्न सामाजिक एवं प्रशासनिक हस्तियों को सम्मान एवं अवार्ड प्रदान किये जायेंगे। अटल बिहारी व मुलायम सिंह सम्मान से भी सम्मानित होंगे। अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन मव्यता, शालीनता के साथ भारतीय संस्कृति-विविधता में एकता के आधार पर किया जायेगा। मिस/मिस्टर/मिसेज प्रतियोगिता आफलाइन और आनलाइन दोनों आधार से आयोजित होगी। कार्यक्रम प्रभारी हर्ष दुबे ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर डॉ. प्रमात गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह सोमवंशी, सच्चिदानन्द मिश्रा, डॉ. कृष्णकान्त त्रिपाठी अक्षर, वीरेन्द्र त्रिपाठी, हर्षित मिश्रा, कुशाग्र सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# 38 बीज दुकानों पर छापा, 2 निलम्बित एवं 3 को कारण बताओ नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रपत्र देखते अधिकारी

जिलाधिकारी द्वारा जनपद के कृषकों को गुणवतायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जनपद की समस्त तहसीलों में कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कराते हुए छापे हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि सदर तहसील में उप कृषि निदेशक एवं अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, कायमगंज तहसील में जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता तथा अमृतपुर में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर एवं अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा छापे की कार्यवाही की गयी। गुणवता परीक्षण हेतु बीजों के 21 नमूने ग्रहित किये गये है। परीक्षण परिणाम अधोमानक पाये जाने पर लाइसेंस समाप्ति के साथ ही विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। छापे के दौरान दुकान बंद कर गायब होने एवं जांच के समय समुचित अभिलेख न दिखाने के कारण बीज विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित किया गया एवं कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उन्होंने बताया कि तिवारी बीज भण्डार कायमगंज जांच के समय समुचित अभिलेख नहीं दिखाये गये, प्रेम चन्द्र एण्ड सन्स कम्पिल रोड कायमगंज जांच के समय समुचित अभिलेख नहीं दिखाये गये, जिस पर निलम्बित कर दिया गया। हैप्पी खाद एवं बीज भण्डार वाहिदपुर निरीक्षण के समय दुकान बंद करके गायब, शांति बीज भण्डार, बघार निरीक्षण के समय दुकान बंद करके गायब, माला बीज भण्डार अलीगंज रोड कायमगंज निरीक्षण के समय दुकान बंद करके गायब होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। छापे की कार्यवाही आगे जारी रहेगी। स्टॉक तथा बिक्री रजिस्टर जो जिला कृषि अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रमाणित कर विक्रेताओं को दिया जाता है, सभी प्रतिष्ठानों पर रखना अनिवार्य है।

# पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। पुलिस ने चारों को तमंचा सहित दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की फायरिंग से दो पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस को चार तमंचे व जिंदा कारतूस व खोखा बरामद हुए हैं। इनमें से एक बदमाश जसवंतनगर थाना का हिस्ट्रीशीटर है। तीन बदमाशों का आपराधिक इतिहास भी है। बदमाशों के पास से मथुरा से चुराई गयी टाटा सूमों गाड़ी भी मिली।

इस संबंध में एसएसपी इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया और बकेवर थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक वराउख चौकी इंचार्ज दयाशंकर वर्मा, लखना चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार, दीवान संजीव कुमार, राजेश कुमार, गजेंद्र, सिपाही अभिषेक शर्मा, संजय कुमार, अनिल कुमार,आदि फोर्स के साथ संदिग्ध वाहनों की चंदपुरा गाँव के पास कर रहे थे इसी दौरान दो बाइकों पर सवार चार लोग वहां से गुजरे जिन्हें पुलिस ने रुकाने का प्रयास किया तो चारों लोगों ने बाइक रोककर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जिसमें एक फायर दीवान संजीव के ऊपर निकल गयी। जिसे वह बाल बाल बच गए पुलिस ने फायरिंग करते हुए घेराबंदी करके दोनों चारों बदमाशों को दबोच लिया।

पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को पूछताछ में अपने नाम विकास यादव उर्फ छोटू पुत्र अजीत सिंह निवासी शाहजहांपुर थाना जसवंत नगर हाल निवास पता मोड थाना सैफई अनुराग दुबे पुत्र उमाशंकर दुबे निवासी ग्राम लरखोर थाना सैफई रंजीत पुत्र दफेदार सिंह कठेरिया निवासी टकैया थाना करहल जनपद मैनपुरी, मिलन पाल पुत्र रमाकांत पाल निवासी ककरई थाना सैफ़ई बताएं।एससपी ने बताया पकड़े गए बदमाशों के पास से बरामद दो बाइकों व मथुरा से चुराई गयी टाटा सूमो पर फर्जी नंबर प्लेट लगी मिली।उन्होंने बताया कि एक टाटा सुमो से यहां आए थे। वारदात को अंजाम देने के प्रयास में थे। वारदात करने में टाटा सुमो का प्रयोग करते थे वह टाटा सुमो भी लवेदी क्षेत्र से आते समय खराब हो गई थी इसीलिए दोनों बाइकों से टाटा सूमो को सही करने के लिए जा रहे थे।

पकड़े गए बदमाशों से चार तमंचा 315 वोट चार जिंदा को कारतूस व 8 खोखा बरामद हुए। पकड़े गए एक बदमाश अनुराग दुबे ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने 2020 में उसके गांव में ही अपने परिजनों के साथ मिलकर जमीन विवाद में गांव के ही निवासी अरविंद पर जानलेवा हमला किया था जिसमें उसकी मृत्यु हो गई थी इस मामले में उसके माता-पिता व भाइयों को जीवन कारावास की सजा हो चुकी है। उसके हाजिर नहीं होने से उसकी जमानत हाईकोर्ट से खारिज कर दी गई थी। जमानत खारिज होने के बाद वह पुलिस से छिपता फिर रहा था। पुलिस ने पकड़े चारों बदमाशों के विरुद्ध पुलिस मुठभेड़ के तहत मामला दर्ज किया। विकास यादव रंजीत एवं मिलन पाल के विरुद्ध न्यायालय से भाग्य अपराधी को संरक्षण देने का मामला भी पुलिस ने दर्ज किया है। पकड़े गए चारों बदमाशों को पुलिस ने मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

## मुठभेड़ में शातिर बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे



**उदी, इटावा।** थाना बढपुरा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर हिस्ट्रीशीटर बदमाश को पकड़ने में सफलता हासिल की। आरोपी लंबे समय से जेबकतरी और टप्पेबाजी की घटनाओं में सक्रिय था। बिगत रात पुलिस की एसओजी, सर्विलांस टीम और बढपुरा पुलिस गश्त कर रही थी, कि तभी मुखबिर से सूचना मिली कि यमुना तिराहा से सुनवारा रोड की ओर दो संदिग्ध युवक किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े हैं, पुलिस को देखते ही दोनों संदिग्ध भागने लगे। पुलिस द्वारा घेराबंदी किए जाने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी शिवम उर्फचिलम पुत्र धर्मेश निवासी कोपुरा थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, इटावा, के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिलाअस्पताल में भर्ती कराया। वहीं उसका साथी राहुल निवासी सिरसागंज अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। मुठभेड़ में पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस व नगद 8 हजार रुपये बरामद किए है। घायल बदमाश शिवम गिहार उर्फचिलम के खिलाफजिले के कई थानों में विभिन्न धाराओं में 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह थाना बढपुरा के मुकदमा में भी वांछित चल रहा था। पुलिस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार तलाश रही हैं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



### डीएम एसएसपी ने जनता की सुनी शिकायतें

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्थानीय तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गांव के भ्रमण पर जायें, अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील में विभिन्न संदर्भों से सम्बंधित कुल 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष सम्बंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायत मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी काव्या सी, तहसीलदार दिलीप कुमार, क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बिहार में प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में शुक्रवार की शाम को जश्न मनाया गया। बिहार में प्रचंड जीत पर भाजपाई कार्यालय पहुंचे। वहां पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और गले मिले। भाजपाइयों ने कहा कि बिहार की जनता ने विश्वास जताया है। उनका भरोसा कभी टूटेगा नहीं। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपाई मौजूद रहे। मिठाई खाने और खिलाने का दौर चलता रहा। इसी तरह कंचन पुरवा इलाके में वरिष्ठ भाजपा नेता श्याममोहर धुरिया ने कहा कि कई दिनों के संग्राम के बाद प्रचंड जीत मिली है। एक बार फिर एनडीए सरकार बनी है। लगभग 205 सीटों से एनडीए ने बढ़त हासिल करते हुए जीत दर्ज की है। बिहार में जीत की खुशी पर भाजपा वरिष्ठ नेता श्याम मोहन धुरिया ने जश्न मनाया और आतिशबाजी करते हुए सभी कार्यकर्ताओं और जनपद वासियों को मिठाई खिलाई और बिहार चुनाव में जीते हुए प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम में लगभग आधा सैकड़ा से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया। कार्यक्रम में पंकज दीक्षित,मनीष शिवहरे,अनुराग सिंह गौर,राज कुमार सिंह राजपूत,कुलदीप सिंह, राजू गुप्ता, विक्की गुप्ता, भगवानदीन, सुरेश चंद्र पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### भागवत प्रसाद इण्टर कालेज में धूमधाम से मनाया बाल दिवस




**बांदा, समृद्धि न्यूज।** बाल दिवस के अवसर पर भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों बाल मेला व खेलों का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। कार्यक्रमों की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू और देवी सरस्वती के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने घर से तैयार किए गए इडली, डोसा, चाट, समोसे जैसे विभिन्न पकवानों के स्टॉल लगाए। सहपाठियों, अध्यापकों और अभिभावकों ने इन स्टालों से खरीदारी कर व्यंजनों का आनंद लिया।विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि श्री राजीव तिर्की ( वरिष्ठ प्रबंधक भवानी पुरवा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ) विशिष्ट अतिथि,श्री आशीष कुमार गुप्ता ( सहायक प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ) विशिष्ट अतिथि, रामलखन कुशवाहा ( पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक उत्तर प्रदेश एवं विद्यालय संरक्षक ) ने बच्चों द्वारा लगाये गए, स्टाल व कार्यक्रमों की प्रसंशा की। बाल दिवस पर बच्चों की मुस्कान और उत्साह ने प्रांगण को जीवंत कर दिया। प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह ने बाल दिवस का महत्व समझाया ,बालिकाओं की रंगोली की जमकर तारीफ की व अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी प्रवक्ता श्रीमती लक्ष्मी देवी ने किया व सभी स्टॉफ की उपस्थिति गौरवपूर्ण रही।

### प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए : डीएम



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी बाँदा जे0रीभा की अध्यक्षता में तहसील अतर्रा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों से कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत, राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई, कुल 143 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवशेष जन शिकायतों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक फरियादी द्वारा सरकारी बीज भण्डार बिसण्डा में अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला कृषि अधिकारी को अतिक्रमण हटवाये जाने के निर्देश दिये। बदौसा रोड में कुछ घरों में नाले का पानी जाने की शिकायत पर समस्या का निस्तारण करने हेतु जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अतर्रा को निर्देशित किया। एक फरियादी द्वारा ग्राम के रास्ते का निर्माण किये जाने के प्रार्थना पत्र पर खण्ड विकास अधिकारी नरैनी को रास्ता बनवाने के निर्देश दिये। एक फरियादी द्वारा विद्युत कनेक्शन दिलाये जाने तथा एक अन्य महिला फरियादी द्वारा वृद्धावस्था पेंशन दिलाये जाने के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुए अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज ने पुलिस विभाग की समस्याओं को सुनते हुए समस्याओं का निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया।

### राजकीय हाईस्कूल में छात्र-छात्राओं को दी गयी विकास योजना की जानकारी



**बड़ोखर बुजुर्ग/बांदा, समृद्धि न्यूज।** सरकार द्वारा बच्चो और उनके अभिभावकों को कौशल विकास योजना के बारे में जानकारी दी गयी और बताया गया की आप अपने हुनर का कैसे उपयोग कर सकते हैं और सरकार द्वारा आपको पक्की नौकरी का भी दिया जाएगा। महुआ ब्लाक के बड़ोखर बुजुर्ग के राजकीय हाईस्कूल में कैरियर गाइडेंस रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के द्वारा अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक कर उसमे प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के बारे में जानकारी दी गयी द्य कौशल विकास योजना के कार्यक्रम प्रबंधक जो की दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल बिकास योजना के राजेन्द्र कुमार ने बताया की गाँव का कोई भी व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 35 वर्ष है वो इस योजना का लाभ ले सकता है जिसके लिए सरकार द्वारा लाभार्थी को 200 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षण के बाद लाभार्थी को शत प्रतिशत नौकरी लगायी जायेगी। वही इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि मिश्रा ने बताया की बच्चों को बेहतर शिक्षा और बेहतर रूचि के लिए ये योजना सरकार द्वारा चलायी गयी जिसको लेकर जिन छात्र छात्राओं के माता पिटा इसमे भाग लेना चाहे वो ले सकते हैं द्य इस मौके पर अध्यापिका कीर्ति, हिमांशी, नीलम, कमला, और इस कार्यक्रम में आये सी बी सिंह,हरिमोहन सिंह,विपिन श्रीवास्तव ,शरीफ और संदीप के साथ साथ अभिभावकों में प्रेम नारायाण कुशवाहा,रक्कू सविता,अंजनी कुमार सहित कयी अभिभावक मौजूद रहे।

## लेखपालों ने तहसील में दिया धरना सीडीओ कों सौपा ज्ञापन



**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।** लंबित समस्याओं और वर्षों से लंबित मांगों को लेकर लेखपालों ने शनिवार को तहसील परिसर सैफई में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना दिया। धरने से पहले लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी इटावा को सौंपा।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सीडीओ अजय गौतम, एसडीएम सैफई सिद्धार्थ चौधरी और सीओ केपी सिंह फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी बीच लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष अनूप यादव और तहसील अध्यक्ष संजीव यादव अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे और मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। लेखपालों ने ज्ञापन में शैक्षणिक योग्यता में संशोधन, पदोन्नति, वेतनमान उन्नयन तथा विभिन्न भत्तों में बढ़ोतरी की मांग की है। उनका आरोप है कि पदोन्नति, डीपीसी, स्टेशनरी भत्ता, मोटरसाइकिल भत्ता और विशेष वेतन भत्ता जैसी प्रमुख मांगों पर विभाग कई वर्षों से कार्रवाई नहीं कर सका है, जिससे फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेखपालों ने बताया कि करीब तीन हजार लेखपाल 500 से 1000 किलोमीटर दूर पोस्टिंग के चलते अपने परिवारों से अलग रहकर तनाव झेल रहे हैं। वर्ष 2018 के शासनादेश के अनुसार अंतरजनपदीय स्थानांतरण सूची आज तक जारी नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। तहत यह भी कहा गया कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद राजस्व निरीक्षक पदों पर चयन हेतु वर्ष 2025–26 की डीपीसी प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इन्हीं समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शनिवार को सभी लेखपाल तहसील परिसर में एकजुट होकर धरने पर बैठ गए। धरने में मौजूद कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष अनूप यादव, तहसील अध्यक्ष संजीव यादव, तहसील मंत्री अमित यादव, पूर्व तहसील अध्यक्ष सुखवीर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

## दरगाह अबुल हसन शाह वारसी का सालाना उर्स संपन्न

### शिवपाल सिंह यादव ने चढ़ाई चादर

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



कौमी एकता की प्रतीक दरगाह अबुल हसन शाह वारसी कटरा शहाब खां में 101 वें चार दिवसीय सालाना उर्स का आज सुबह हज़रत हाजी हाफ़िज़ सैय्यद वारिस अली शाह के कुल के साथ समापन हो गया।

उर्स के दौरान बाद नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी का आयोजन हुआ, बाद नमाज़ ज़ोहर हनी वारसी सहित अन्य लोगों ने मज़ार शरीफ हज़रत सैय्यद अबुल हसन शाह वारसी का गुस्ल किया जिसमे मुंबई से और पारसी परिवार के खुसरो नरीमन वारसी व परवेज हवलदार की ओर से सन्दल व चादरें पेश की गईं। इसके बाद महफिले समां का आयोजन किया गया जिसमें कव्वाल राजा सरफराज रामपुर ने कलाम पेश करते हुए कहा ऐसा कोई दिलकश कोई दिल गीर नहीं है, जैसे हैं मेरा पीर वैसा कोई पीर नहीं है। कव्वाल अली वारिस मुंबई ने कहा आज दूल्हा बने हैं वारिस पिया मदीने से सहरा मंगाया गया, औलिया अम्बिया सब बाराती है शाहे वारिस को दूल्हा बनाया गया।

कव्वाल अफ्फान वारिस देवा शरीफ ने कहा तेरा दर मिल गया मुझको सहारा हो तो ऐसा हो, तेरे टुकड़ों पर पलते है सहारा हो तो ऐसा हो, बदल देते हैं तकदीर इशारा हो तो ऐसा हो। दरगाह वारसी पर सुबह 4.13 पर कुल शरीफ हज़रत हाजी हाफ़िज़ सैय्यद वारिस अली शाह के बाद मजलिस इमामैन अलैहिस्सलाम हुई। शहर की ऐतिहासिक दरगाह अबुल हसन शाह वारसी कटरा साहब खां में आयोजित चार दिवसीय सलाना उर्स में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव ने शिरकत की जहां दगाह वारसी के ऑनरेरी सेकेट्री हनी वारसी सहित बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। शिवपाल सिंह यादव ने दरगाह के अंदर पहुंचकर चादर चढ़ाई और देश, प्रदेश और जनपद में अमनचौन, आपसी सौहार्द के साथ खुशहाली की दुआ मांगी। श्रद्धालुओं ने भी उनके साथ मिलकर दुआ की। उर्स की अध्यक्षता सैयद साद महमूद वारसी सद्दू मियां मैनेजर आस्ताना आलिया देवा शरीफ बाराबंकी ने की, मुख्य अतिथि सैयद साकिब मुईनी चिश्ती खादिम दरगाह अजमेर शरीफ और विशिष्ट अतिथि आई. एम. कुद्दूसी पूर्व गवर्नर झारखंड, पूर्व मुख्य न्यायाधीश हाईकोर्ट प्रयागराज, सर्वेश चौहान ने उर्स में भाग लिया। अंत मे बाद नमाज़ फज्र तबर्रूक प्रसाद वितरण किया गया। उर्स में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे, दरगाह गेट पर आस्थाई पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मी तैनात रहे। उर्स में आने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दरगाह में मेडिकल कैम्प लगाया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई की बेहतरीन व्यवस्था की गई। दरगाह वारसी के ऑनरेरी सेकेट्री हसनैन वारिस हनी वारसी सहित ट्रस्ट के लोगों ने जिला एवं पुलिस प्रशासन, सीएमओ, नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ सहित उर्स में शामिल होने वाले अतिथियों व श्रद्धालुओं का शुक्रिया अदा किया।

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है : उर्मिला कबीर

**बड़ोखर बुजुर्ग/बांदा, समृद्धि न्यूज।**



बच्चों के साथ अध्यापकों का परिश्रम में इस क्रीड़ा मैदान में दिख रहा है, उक्त विचार ब्लॉक प्रमुख महुआ उर्मिला कबीर ने शेरपुर में विकासखंड महुआ की मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के अवसर पर व्यक्त किये।

मिनीबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख महुआ एवं मंडल अध्यक्ष महुआ प्रेम स्वरूप द्विवेदी द्वारा किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार पटेरिया द्वारा की गई। सरस्वती गीत तथा स्वागत गीत बरई मानपुर पीएम श्री विद्यालय की बच्चियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में समशाद यूपीएस जखनी, 200 मीटर दौड़ में धीरज यूपीएस तेरा, 400 मीटर दौड़ में वीरू यूपीएस रिसौरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में यूपीएस नंदवारा की हिमांशु व 200 मीटर दौड़ में सविता यूपीएस खम्हौरा, व 400 मीटर दौड़ में हिमांशु नंदवारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।गोला फेंक में बालक वर्ग में सुधीर यूपीएस पहाड़पुर तथा बालिका वर्ग में शिवलोचना यूपीएस नंदवारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान जय किशोर दीक्षित, कृष्णपाल सिंह, बलभद्र सिंह, मनीष, स्वामी अहोभाव, शारदा, सत्य प्रकाश शुक्ला, सुनील व अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का सफल मंच संचालन इंद्रवीर, गुलाब द्विवेदी और सुशील खरे ने किया। ब्लाक व्यायाम शिक्षक सुरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में सभी खेल अनुदेशक और व्यायाम शिक्षकों ने निष्पक्ष रूप से सभी प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया। सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक गोविंद प्रसाद राजपूत जी का योगदान उल्लेखनीय रहा। मिशन शक्ति के अंतर्गत उप निरीक्षक हिमांशी वर्मा ने अपनी टीम के साथ बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सुरक्षा के उपायों के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

### संत पब्लिक स्कूल में केबीसी प्रतियोगिता का आयोजन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** इंदिरानगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस समारोह के दूसरे दिन सीनियर छात्रों के खेलकूद के साथ कौन बनेगा चौंपियन प्रतियोगिता केबीसी की तर्ज पर कंप्यूटर /एलइडी की सहायता से आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन स्कूल शिक्षक श्री पंकज कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। प्रथम चक्र विजेता में छात्र अहम आर्या और छात्रा अर्शिका गुप्ता ने हॉट सीट पर पहुंचकर अपने प्रतिभा का परिचय दिया ।दोनों प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया ।इस अवसर पर प्रबंधक संत कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, एडवाइजरी बोर्ड मेंबर संतोष कुमार मसुरहा, राजेंद्र अग्रवाल श्रीमती सौदामिनी गुप्ता, डायरेक्टर जगनायक यादव, उपप्राचार्या डॉक्टर रिंकू सिंह, वैष्णवी पलक सहित समस्त स्टाफ व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## शांति नगर के बासिंदों ने सीसी रोड बनाने को लेकर सौंपा ज्ञापन पत्र

**कमासिन बांदाक, समृद्धि न्यूज।** स्बा कमासिन के दांदौ तिराहे के आगे राजापुर मार्ग पर संचालित प्राथमिक विद्यालय नवीन के पीछे शांति नगर बस्ती के बासिंदो ने खंड विकास अधिकारी कमासिन ओमप्रकाश द्विवेदी को ज्ञापन सौंप कर सीसी रोड बनाए जाने की जनहित में मांग की है। शांति नगर बस्ती के निवासियों ने ज्ञापन पत्र देते हुए खंड विकास अधिकारी को बताया कि प्राथमिक विद्यालय नवीन के पीछे 45 घरों की साढे तीन सौ नागरिकों के आने–जाने का मुख्य मार्ग कमासिन राजपुर रोड में एकमात्र कच्चा रास्ता जो बारिश और जल भराव से कीचड़ युक्त हो जाता है । जिससे बस्ती के लोगों का निकालना अत्यंत कठिन हो जाता है। छोटे–छोटे बच्चों के स्कूल जाने और वृद्ध जनों के बीमार होने पर अस्पताल जाने का और कोई रास्ता नहीं है। बारिश के समय गंदा पानी निकासी का नाला प्राथमिक विद्यालय नवीन के सामने न होने से रोड तक भारी जल भराव हो जाता है। जिससे वहां निकलना तो दूर पैदल निकलना भी




नहीं हो पाता शांति नगर के बासिंदों ने आने–जाने के लिए सीसी रोड बनाए जाने की मांग करते हुए विमला देवी पत्नी सुंदर के घर से राममिलन वर्मा के घर तक एवं पप्पू पुत्र महेश के घर से सुशील के घर तक राजू खान के घर से सुंदर के घर तक सीसी रोड बना कर मार्ग सुलभ कराने की मांग की ।ज्ञापन देने वालों में सुंदर विमल जगतपाल राकेश कुमार माहेश्वरी नत्थू प्रजापति महबूब खान राजा खान रफीक मोहम्मद अजय गोपी अनंत कमतू हसमत साधू राममिलन राम मूरत फौजी के साथ दो दर्जन महिला पुरुष मौजूद रहे।

## मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न



**जसपुरा/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड जसपुरा के नांदादेव में छेत्रीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का सफल आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिला अधिकारी पैलानी तथा खंड शिक्षा अधिकारी जसपुरा उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल मानसिक व शारीरिक विकास का मजबूत माध्यम है, इसलिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता का संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिवमंगल सिंह के निर्देशन में किया गया। उनके नेतृत्व में दौड़, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, ऊँची कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन व्यवस्थित ढंग से कराया गया। कार्यक्रम में आयोजक दीनदयाल अवस्थी एवं राजबीर सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ बांदा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर अभय प्रताप सिंह, अध्यक्ष तैड, तथा चंद्रमोहन साहू सहित जसपुरा ब्लॉक के समस्त शिक्षक मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में प्रतिभागियों और अभिभावकों की बड़ी संख्या देखने को मिली। बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

## विधिक जागरूकता शिविर में छात्राओं को किया जागरूक

### राजकीय महाविद्यालय पिपरी में हुआ आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश / अध्यक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा श्रीमती अल्पना के निर्देशन में आज माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधि 2007, बाल विवाह निषेध अधि 2006 तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 200 के सम्बंध में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन राजकीय महाविद्यालय ग्राम पिपरहरी तहसील पैलानी जिला बांदा के सभागार में दिन 12 बजे से किया गया। शिविर की अध्यक्षता श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बादा द्वारा की गयी।

श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा शिविर में उपस्थित आयें श्रोतागण को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के सम्बंध में जानकारी प्रदान की। सचिव महोदय द्वारा बाल विवाह पर जोर देते हुए कहा कि उक्त अधिनियम के अनुसार, लडकी की विवाह योग्य न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लडके की 21 वर्ष है। जो कोई भी बाल विवाह करेगा या उसमें सहायता करेगा, उसे दो साल तक के कठोर काराबास और एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष द्वारा किसी नाबालिग लडकी से विवाह करने पर भी दंड का प्रावधान है। अधिनियम के तहत यदि कोई बच्चा नाबालिग है तो उसका विवाह निरस्तीकरण योग्य ( अवपकंइसम ) होगा।

इस अधिनियम में बाल विवाह से प्रभावित महिला और बच्चों के भरण-पोषण और निवास के प्रावधान भी शामिल है। यह अधिनियम बाल विवाह से संबधित अपराधों का संज्ञेय और गैर-जमानती होना सुनिश्चित करता है. जिससे पीडितों को त्वरित न्याय मिल सके। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य देश में बाल विवाह की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटना और इसे पूरी तरह से समाप्त करना हैं। इसके साथ ही सचिव महोदय द्वारा किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम-2015 के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी एवं नाबालिग बच्चों से होने वाले अपराधों में निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने व अपराध के सापेक्ष निर्धारित सजाओं के सम्बंध में व्याख्यान किया गया। राजवीर सिंह गौर क्षेत्राधिकारी सदर बांदा द्वारा अपने सम्बोधन में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के सम्बंध में बताया कि यदि किसी वृद्ध व्यक्ति द्वारा अपनी सम्पत्ति इस शर्त पर दान करता है कि दान प्राप्त करने वाला व्यक्ति उनकी देखभाल व भरण-पोषण करेगा और यदि ऐसा नही किया जाता है तो दान रदद किया जा सकता हैं एवं सम्पत्ति वापस ला जा सकती है। माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण अधि0-2007 द्वारा व्यस्क बच्चों को अपने माता पिता के लिए मासिक भरण पोषण देना काननी रुप से अनिवार्य करता हैं। वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा व परित्याग एक आपराधिक अपराध हैं जिसके लिए जुर्माना या जेल हो सकती है। इस अधिनियम के अन्तर्गत माता-पिता/वरिष्ठ नागरिक अपनी सम्पत्ति से बच्चों को बेदखल भी कर सकते हैं। क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा छात्र-छात्राओं को अन्य कानूनी अधिकारों व सड़क परिवहन के नियमों से अवगत कराया गया। तरुण खरे पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा बताया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 01 अप्रैल, 2010 से लागू हुआ था और यह अधिनियम शिक्षा को एक मौलिक अधिकार बनाता है। इस अधिनियम के तहत प्रत्येक बच्चे को उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति की परवाह किये बिना समान गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करता हैं। 06 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार हैं। महेश प्रसाद द्विवेदी वरिष्ठ पत्रकार द्वारा शिक्षा का अधिकार एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के सम्बंध में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी प्रदान की। शिविर के अन्त में डा. विनोद कुमार प्रधानाचार्य, राजकीय महाविद्यालय, ग्राम पिपरहरी द्वारा विधिक जागरुकता शिविर में उपस्थित आयें सभी अतिथियों व छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया। शिविर का संचालन अनिरुद्ध सिंह-अध्यापक द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती डा. अंजली पटेल, श्रीमती मिथलेश, सत्यप्रकाश यादव तथा राशिद अहमद डी.ई.ओ. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा उपस्थित रहें।